CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26°C
न्यूनतम : 11°C

हल्द्वानी, रविवार 1 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 | 11 रमज़ान 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



# लेगेसी वेस्ट का निस्तारण छह माह में हो निस्तारणः डीएम



शाह टाइम्स संवाद्दाता

**बागेश्वर।** जनपद गंगा समिति की बैठक जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें नमामि गंगे कार्यक्रम के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में नगर निकायों, जिला पंचायत एवं संबंधित विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया।

जिलाधिकारी ने बागेश्वर अधिशासी अधिकारी नगर पालिका विनोद सिंह जीना को निर्देशित किया कि नगर में लंबित लेगेसी वेस्ट का निस्तारण आगामी छह माह के भीतर, अर्थात सितंबर तक शत-प्रतिशत सुनिश्चित किया जाए। अधिशासी अधिकारी, नगर पालिका को इस संबंध में विशेष कार्ययोजना बनाकर समयबद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। गरुड़ नगर पंचायत एवं कपकोट नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारियों द्वारा लेगेसी वेस्ट की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जहां-जहां कचरा निस्तारण के बाद भूमि खाली हो रही है, वहां उस स्थान को पारिस्थितिक दृष्टि से उपयोगी स्वरूप जैसे पार्क, उद्यान अथवा अन्य जनोपयोगी विकास कार्य के रूप में विकसित किया जाए, विशेषकर कपकोट क्षेत्र में मॉडल प्रोजेक्ट के रूप में कार्य किया जाए।

बैठक में तरल अपशिष्ट प्रबंधन की भी समीक्षा की गई। प्रत्येक निकाय एवं ग्राम पंचायत से कुल परिवारों की संख्या तथा निर्मित सोख गड्ढों की संख्या का विवरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिन गांवों में स्वच्छता की स्थिति बेहतर है, उन्हें मॉडल स्वच्छ ग्राम के रूप में चिन्हित किया जाए तथा अन्य ग्राम पंचायतों के प्रधानों को वहां से सीख लेने हेतु प्रेरित किया जाए, ताकि आपसी अनुभव साझा कर स्वच्छता में सुधार लाया जा सके। जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी, जिला पंचायत को निर्देश दिए हैं कि कचरा जलाने की घटनाओं पर सख्ती से जुर्माना लगाया जाए साथ में प्लास्टिक का अनुचित निस्तारण एवं सार्वजनिक स्थानों पर कचरा फेंकने पर चालान की कार्रवाई बढ़ाई जाए। सभी अधिशासी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वे डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण प्रणाली को सुदृढ़ बनाते हुए राजस्व में वृद्धि के उपाय करें तथा शत-प्रतिशत घरों को कवर करना सुनिश्चित करें। साथ ही जनपद में अवैध कचरा डंपिंग के हॉटस्पॉट्स की पहचान कर उन्हें प्राथमिकता से समाप्त किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छता केवल अभियान नहीं, बल्कि जनआंदोलन है। नमामि गंगे के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए सभी विभागों, निकायों एवं ग्राम पंचायतों को समन्वित प्रयास करते हुए समयबद्ध लक्ष्य प्राप्त करने होंगे। उन्होंने निर्देश दिए कि नियमित मॉनिटरिंग एवं प्रवर्तन की कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि जनपद को स्वच्छ एवं पर्यावरणीय रूप से सुरक्षित बनाया जा सके। बैठक में प्रभागीय वनाधिकारी आदित्य रत्न, अपर जिलाधिकारी एन एस नबियाल, परियोजना निर्देशक शिल्पी पंत तथा अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# अल्मोड़ा में चौतरफा होली की धूम





शाह टाइम्स संवाद्दाता

**अल्मोड़ा।** जनपद में इन दिनों होली का रंग पूरे शबाब पर है। नगर से लेकर दूरस्थ ग्रामीण अंचलों तक पारंपरिक खड़ी और बैठकी होली की स्वर लहरियां गूंज रही हैं। शनिवार को सुबह से देर शाम तक विभिन्न स्थानों पर होल्यारों की टोलियां एकत्रित होकर शास्त्रीय रागों में होली गायन करती रहीं। मुख्यालय के साथ ही द्वाराहाट, चौखुटिया, सल्ट, सोमेश्वर, जैंती, लमगड़ा, स्याल्दे, जागेश्वर, दन्या तथा भिकियासैंण सहित अनेक क्षेत्रों में होली गायन की विशेष धूम रही।

इस अवसर पर होल्यारों ने कैसे रही दिन रात सीता वन में अकेली, सीता रंगमहल को छोड़ चली हैं वन में कुटिया बनाए जैसी पारंपरिक खड़ी होलियों का गायन कर श्रोताओं को भावविभोर कर दिया। पुरुष मंडलियों ने होली खेलत रघुवीरा अवध में, शिव के मन माही बसे काशी और रघुवर से बैर न कीजे, पिया लौटा दो उनकी सिया जैसे भक्तिमय और श्रृंगारिक फागों से वातावरण को आध्यात्मिक रंग में रंग दिया। शास्त्रीय रागों पर आधारित कुमाऊंनी होली की इस परंपरा ने नगर की सांस्कृतिक गरिमा को और भी प्रखर बना दिया। नगर के धारानौला, कर्नाटक खोला, ढूंगाधारा, नृसिंहबाड़ी, मकेड़ी सहित विभिन्न मोहल्लों में महिलाओं ने बैठकी होली का आयोजन किया। पारंपरिक वेशभूषा में सजी महिलाओं ने ताल और लय के साथ फाग गायन कर सामाजिक सौहार्द और सांस्कृतिक एकता का परिचय दिया। बैठकी होली में भक्ति, श्रृंगार और हास्य रस से ओतप्रोत गीतों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। बुजुर्गों के साथ युवा पीढ़ी की सहभागिता ने इस आयोजन को और भी जीवंत बना दिया।

**विद्यालयों में भी दिखा होली का उल्लास**

**अल्मोड़ा।** विद्यालयों में भी होली का उत्साह देखने को मिला। स्प्रिंग डेल्स स्कूल के छात्र-छात्राओं ने होली गीत गाते हुए रैली निकाली। यह रैली नगर से होते हुए एसएसपी कार्यालय अल्मोड़ा पहुंची, जहां वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर आर घोडके ने बच्चों को होली की शुभकामनाएं दीं और उनके उत्साह की सराहना की। विद्यालयी बच्चों की मधुर आवाज़ और अनुशासित प्रस्तुति ने राहगीरों का ध्यान आकर्षित किया और पर्व की गरिमा को नई ऊर्जा दी।

**व्यापार मंडल और सामाजिक संगठनों के कार्यक्रम**

**अल्मोड़ा।** सिद्ध नौला से मुख्य बाजार होते हुए नंदा देवी मंदिर परिसर तक व्यापार मंडल द्वारा होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के व्यापारी, सामाजिक कार्यकर्ता और गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे। व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने आपसी सौहार्द और भाईचारे का संदेश देते हुए एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। इसी क्रम में भाजपा नेता रवि रौतेला के प्रतिष्ठान में पत्रकारों के लिए भी होली मिलन समारोह आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय पत्रकारों ने भाग लिया। यहां नगर अध्यक्ष विनीत बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, शुभम रौतेला समेत अन्य मौजूद रहे।

**संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक बनी होली**

**अल्मोड़ा।** कुमाऊं की पारंपरिक होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि शास्त्रीय संगीत, आध्यात्मिकता और सामाजिक एकता का अनूठा संगम है। अल्मोड़ा जनपद में होली के इन आयोजनों ने यह सिद्ध कर दिया कि आधुनिकता के दौर में भी लोक परंपराएं अपनी जीवंतता और प्रभाव बनाए हुए हैं। नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में लगातार हो रहे होली गायन ने पूरे जनपद को उत्सवमय बना दिया है। आने वाले दिनों में भी विभिन्न स्थानों पर होली मिलन कार्यक्रमों का सिलसिला जारी रहने की संभावना है।

**दृष्टिहीन संघ में भी मनाई गई होली**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा में होली अपने पूरे शवाब में है। शनिवार को राष्ट्रीय दृष्टिहीन संघ उपशाखा अल्मोड़ा में दिव्यांगों एवं अन्य सदस्यों द्वारा होली कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान शिव के मन माही बसे काशी..., मथुरा में खेल रहे होली..., रंग बरसे भीगे चुनरिया..., आदि होली गीतों खड़ी होली की शानदार प्रस्तुति दी। यहां हेम चंद्र जोशी, सुनैना मेहरा, स्वाति तिवारी, राजेंद्र, बसंत बल्लभ, डा. जेसी दुर्गापाल, कमल बिष्ट, तनुज भट्ट, अरूण आर्या, विपिन कांडपाल, दिनेश वाल्मीकि, रेखा कश्यप, पुष्पा कश्यप, गिरजा पंत, मनोज चौहान, बसंती, शांति डालाकोटी, भावना, दयाकृष्ण कांडपाल आदि लोग मौजूद रहे।

**होली खेलें, लेकिन जरा संभल कर**

**अल्मोड़ा।** रंगों का त्योहार होली की खुशी में थोड़ी सी गलती भारी पड़ सकती है। इसलिए होली खेलें पर जरा संभल कर। कैमिकल रंगों के बदले प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलना बेहतर रहेगा। अल्मोड़ा मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. सीपी भैसोड़ा ने बताया कि कैमिकल रंगों से आंखों में जलन होने लगती है। इसलिए लोगों को प्राकृतिक रंगों से ही होली खेलनी चाहिए। रंगों से एलज है तो सूखी होली खेलें। होली खेलने के दौरान बच्चों का विशेष ध्यान रखें। अधिक भीगने से बच्चे बीमार हो सकते हैं। होली खेलने के दौरान चश्मा जरूर लगाएं।

## नगर कीर्तन का काशीपुर में किया स्वागत

**काशीपुर।** संत बाबा दर्शन सिंह जी, जो कि समाज में कुल्ली वाले बाबा जी के नाम से विख्यात हैं, जिनके अनुयायियों ने काशीपुर के ग्राम अजीतपुर में संत बाबा दर्शन सिंह व संत बाबा गुरदेव सिंह जी की देखरेख में एक भव्य गुरूद्वारा साहिब का निर्माण कराया, जहां हर साल बाबा दर्शन सिंह कुल्ली वालों की याद में एक महान नगर कीर्तन, जो उनके स्थान अजीतपुर से चलकर चीमा पेपर मिल होते हुए काशीपुर शहर से गुजरते हुए जसपुर के समीप स्थित पतरामपुर गुरुद्वारा साहिब पहुंचता है, जिसमें गुरु नानक नामलेवा साध संगत इस नगर कीर्तन में भागीदारी निभाती है। इस नगर कीर्तन के स्वागत में यहां बाजपुर रोड स्थित गुरुद्वारा सिंह सभा के द्वारा प्रसाद वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें स. जसपाल सिंह चड्ढा, स. जगजीत सिंह कोहली, अमरीक सिंह सेठी, गुरविंदर सिंह सेठी, हरविंदर सिंह सौंध, चरनजीत सिंह पिंकी थे।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्री का नाम KHUSH DEEP KOUR से बदलकर KHUSHDEEP KAUR रख दिया है। भविष्य में उसे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए।

-अंग्रेज सिंह
निवासी-बरखेड़ी
काशीपुर (उधम सिंह नगर)

**NAME CHANGE**

I have changed the name of my daughter VAISHNAVI ARORA to PARIDHI ARORA after today and recognized by the name of PARIDHI ARORA. RAJ KUMAR ARORA F/o PARIDHI ARORA, R/o Near Khatri Sabha, Thana Sabik, Kashipur, Udham Singh Nagar, UK.

रमज़ान मुबारक



ज़ाहिद कुरैशी
समाजसेवी कालाढूंगी, नैनीताल 9756682163




# बच्चों का सामूहिक जन्मदिन मनाया




शाह टाइम्स संवाद्दाता

**टनकपुर।** राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय छीनीगोठ में प्रत्येक माह जन्म लेने वाले छात्र-छात्राओं का सामूहिक जन्मदिवस मनाने की सराहनीय परंपरा निरंतर निभाई जा रही है। इसी क्रम में फरवरी माह में जन्मे 14 बच्चों का सामूहिक जन्मोत्सव हर्षोल्लास और आत्मीय वातावरण में मनाया गया। माही, अंशिका, खुशी, आदित्य, दिव्यम, आरोही धामी, रिया, सीमा भट्ट, अंश टम्टा, बबिता बोहरा, अनुज बिष्ट, इच्छा, सेजल तथा हर्षित विश्वकर्मा को विद्यालय परिवार ने शुभकामनाएँ देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर शिक्षक पल्लव जोशी ने सभी बच्चों के लिए केक एवं आकर्षक पुरस्कारों की व्यवस्था की। विशेष संयोग यह रहा कि इसी माह उनका स्वयं का भी जन्मदिन था, जिससे समारोह की प्रसन्नता और भी बढ़ गई। बच्चों ने उत्साहपूर्वक केक काटा और विद्यालय परिसर में उल्लास का वातावरण छा गया। कार्यक्रम के सूत्रधार शिक्षक त्रिलोचन जोशी ने बताया कि यह आयोजन फरवरी 2019 से अनवरत रूप से संचालित किया जा रहा है। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक दिग्भूषण गोस्वामी, शिक्षक पवन कुमार, उमेश चंद्र भट्ट, ओम प्रकाश, बेचन यादव, कार्यालय सहायक अर्जुन कुमार तथा भोजन माता रेखा देवी एवं पुष्पा देवी उपस्थित रहे।

# रंगोत्सव आज, सीएम करेंगे शिरकत

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**काशीपुर।** नगर निगम प्रांगण में रविवार, 1 मार्च को 'रंगोत्सव' होली मिलन समारोह मनाया जाएगा, जिसके मुख्य अतिथि प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। आयोजन की तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। नगर निगम महापौर



दीपक बाली ने आज दोपहर कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। काशीपुर के इतिहास में यह अपने आप में पहला कार्यक्रम होगा जिसमें मुख्यमंत्री आम जनता के बीच मौजूद रहकर काफी समय तक होली मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगें। यह कार्यक्रम महापौर दीपक बाली द्वारा किया जा रहा है। रंगोत्सव कार्यक्रम स्थल पर मीडिया से वार्ता करते हुए महापौर श्री बाली ने इस कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि रंगोत्सव कार्यक्रम प्रातः 11 बजे आरंभ होगा, जिसमें उत्तराखंड की लोक-संस्कृति को आगे बढ़ाते आ रहे लोक गायक इंद्र आर्या, गोविंद दिगारी, खुशी जोशी, पूर्वांचल के गायक आलोक कुमार के अतिरिक्त फूलों की होली के लिए विख्यात ब्रज के रास कलाकार प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की उपस्थिति में सुन्दर व मनोहारी प्रस्तुति देंगे। महापौर श्री बाली ने आमजनमानस से आग्रह किया है कि अधिक से अधिक संख्या में नगर निगम प्रांगण में पहुंचकर रंगोत्सव कार्यक्रम को ऐतिहासिक यादगार बनायें। एसपी स्वप्न किशोर सिंह व कोतवाली प्रभारी हरेंद्र चौधरी ने भी कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण कर व्यवस्थाएं परखीं।

## एक नजर

### जब तक भारत है तब तक सनातन है: आचार्य प्रमोद कृष्णम

**काशीपुर।** मानपुर रोड स्थित उदयराज हिंदू इंटर कॉलेज के खेल मैदान पर राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर हिन्दू सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि कल्कि पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि जब तक सनातन है तब तक भारत है और जब तक भारत है तब तक सनातन है। सम्मेलन के मुख्य वक्ता संघ प्रांत प्रचारक डॉ. शैलेंद्र और पूर्व मेयर ऊषा चौधरी रहीं। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने भारत माता के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित कर किया। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने कहा कि सनातन की शक्ति स्त्रियां हैं। यदि भारत की स्त्रियां-बेटियां भटक गईं तो भारत को दिशा कौन दिखाएंगा। वहीं मुख्य वक्ता डॉ. शैलेंद्र ने भारत के गौरवशाली इतिहास को बताते हुए वर्तमान में राष्ट्र भक्ति की आवश्यकता पर विशेष जोर दिया। इस दौरान विधायक त्रिलोक सिंह चीमा, मेयर दीपक बाली, जिलाध्यक्ष मनोज पाल, संजय, डॉ. शैलेंद्र मोहन सिंघल, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, अर्जुन कश्यप, खिलेंद्र चौधरी, ईश्वर चंद्र गुप्ता, गुरविंदर सिंह चंडोक, पार्षद वैशाली गुप्ता व अनीता कांबोज, अश्वनी छाबड़ा, दिलप्रीत सेठी, रवि पाल, अभिषेक गोयल, मनोज अग्रवाल, रजत सिद्धू, मुक्ता सिंह आदि मौजूद रहे।

### नगर निगम ने लगाया टैक्स को लेकर कैंप

**काशीपुर।** नगर निगम काशीपुर द्वारा आज वार्ड नंबर 36 और 39 अंतर्गत निकट ताज मस्जिद विजयनगर नई बस्ती में कैंप लगाया गया। कैंप का मुख्य विषय था आपका कर, शहर का विकास, जिसमें नगर निगम द्वारा हाउस टैक्स, ट्रेड लाइसेंस, यूजर चार्ज सुविधा हेतु कैंप का आयोजन किया गया। इस मौके पर कर अधीक्षक अनुपमा भट्ट ने विभिन्न विषयों पर संबंधित लोगों को निगम द्वारा मिलने वाली शासन स्तरीय सुविधा से संबंधित जानकारी दी तथा लोगों ने भी बढ़-चढ़कर कैंप में अपना योगदान देकर विभिन्न दस्तावेज जमा करवाए। कहा कि विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्रों तक पहुंचे, इस हेतु राज्य की धामी सरकार जन-जन की सरकार जन-जन के द्वार के माध्यम से जन समस्याओं का निराकरण कर रही है। इस मौके पर अनिरुद्ध गौड़ कर अधीक्षक, अंकित खर्कवाल, कर निरीक्षक, बृजपाल सिंह, राशिद हुसैन, राहुल बैरिस्टर यादव सहायता समूह आदि मौजूद रहे।

### अल्मोड़ा में बीए के छात्र से स्मैक बरामद

**अल्मोड़ा।** नगर क्षेत्र में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। नियमित चेकिंग और गश्त के दौरान एक युवक को संदिग्ध हालत में पकड़ा गया, जिसके पास से स्मैक बरामद की गई। आरोपी बीए का छात्र बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार कोतवाली पुलिस टीम ने बेस तिराहे से लोधिया बैरियर तक सघन चेकिंग अभियान चलाया। इसी दौरान पैदल आ रहा एक युवक पुलिस को देखकर घबरा गया और भागने का प्रयास करने लगा। पीछा कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान उसने अपनी जेब से निकाली गई एक पन्नी झाड़ियों में फेंक दी थी, जिसे पुलिस ने बरामद कर तलाशी ली। पन्नी के अंदर से लगभग 15.30 ग्राम स्मैक पाई गई। युवक ने अपना नाम निखिलेश कनवाल निवासी खत्याड़ी बताया और स्वयं को बीए का छात्र बताया। पूछताछ में उसने बताया कि वह स्मैक हल्द्वानी से लाया था और अल्मोड़ा में बेचने की फिराक में था। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है और नशा तस्करी से जुड़े अन्य लोगों की भूमिका भी खंगाली जा रही है।

### बसौली सड़क हादसे में चालक पर मुकदमा

**अल्मोड़ा।** बसौली क्षेत्र में हुए दर्दनाक सड़क हादसे के मामले में पुलिस ने चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। पीड़ित परिवार की ओर से चालक पर शराब के नशे में लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मिली जानकारी के अनुसार दीप राम ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बुधवार को उनके चचेरे भाई की बेटी का विवाह समारोह आयोजित था, जिसमें दिल्ली से परिवार के सदस्य शामिल होने आए थे। समारोह के उपरांत गुरुवार को उनकी बहन कार से दिल्ली लौट रहे थे। आरोप है कि वाहन चालक अर्जुन कुमार निवासी फतेहपुर वैरी (दक्षिण दिल्ली) ने तेज गति और नशे की हालत में वाहन चलाते हुए नियंत्रण खो दिया, जिससे गंभीर दुर्घटना हो गई। हादसे में मंजू, शिशु रोहन और दिनेश राम की मौके पर ही मृत्यु हो गई। वहीं गोपाल राम और जया गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर किया गया है। थाना प्रभारी मदन मोहन जोशी ने बताया कि प्राप्त तहरीर के आधार पर चालक के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच की जा रही है।

### दीपक का बॉक्सिंग टीम में चयन

**बागेश्वर।** बीडी पांडेय कैंपस के एमए के छात्र दीपक सिंह दानू का चयन सोबन सिंह जीना विवि की बॉक्सिंग टीम में हुआ है। वह ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र हरियाणा में आयोजित प्रतियोगिता में अपना जौहर दिखाएंगे। बॉक्सिंग में बहुत सुंदर सिंह गढ़िया ने बताया कि तीन मार्च से कुरुक्षेत्र में पूरे देश के मुक्केबाज प्रतिभा करेंगे। दीपक एक नेशनल बॉक्सर भी रह चुके हैं। उनसे मेडल की उम्मीद है।

### द्वितीय जन्म जयंती पर कामा के कैप्टन दीपक सिंह को किया याद

शाह टाइम्स संवाद्दाता

**द्वाराहाट।** राजकीय आदर्श जूनियर हाईस्कूल महतगांव में शौर्य चक्र (मरणोपरांत) विजेता स्थानीय न्याय पंचायत कामा के कैप्टन दीपक सिंह की द्वितीय जन्म जयंती बड़े सम्मान के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में विद्यालय परिवार तथा ग्राम प्रधान प्रतिनिधि द्वारा भावपूर्ण सहभागिता की गई। इस



अवसर पर प्रधानाचार्य ध्यान सिंह रौतेला ने अपने संबोधन में कैप्टन दीपक सिंह को पूरे देश का गौरव बताते हुए कहा कि उनका बलिदान आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत है। कार्यक्रम में कैप्टन दीपक के माता चंपा कुवार्बी, पिता महेश सिंह कुवार्बी तथा उनके मामा चंदन बोरा (जो कि इसी विद्यालय में कार्यरत हैं), द्वारा विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन कराया गया। प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान के अनुसार पुरस्कृत किया गया। इस दौरान महतगांव के प्रधान प्रतिनिधि भीम सिंह मेहता तथा विद्यालय के शिक्षकों पंकज पंत, तारा अधिकारी एवं चन्दन बोरा ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों को कैप्टन दीपक सिंह के साहस, देशभक्ति और समर्पण से प्रेरणा लेने का आह्वान किया। बता दें कि न्याय पंचायत कामा के कैप्टन दीपक सिंह का जन्म 28 फरवरी 1999 को हुआ था। वे 48 राष्ट्रीय राइफल के सिग्नल कोर में कार्यरत थे। 14 अगस्त 2024 को आतंकवादियों से संघर्ष के दौरान उन्होंने अदम्य साहस का परिचय देते हुए राष्ट्र के लिए सर्वोच्च बलिदान दिया।

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



मोकिन सैफी
(विधानसभा अध्यक्ष)
यूथ कांग्रेस, हल्द्वानी-नैनीताल
पार्षद पुत्र वार्ड 33, नगर निगम हल्द्वानी

रमज़ान मुबारक



सरवर अली
सभासद वार्ड नंबर-03
नगर पालिका कालाढूंगी
जिला नैनीताल
+91 63988 36682

रमज़ान मुबारक



मोहम्मद हसनैन ख़तीबी
(पूर्व उपाध्यक्ष)
उत्तराखण्ड मदरसा बोर्ड
उत्तराखंड सरकार
हल्द्वानी (नैनीताल)
मो. 9719824399

माह-ए-रमज़ान मुबारक



बासित खान
(सदर)
जामा मस्जिद कमेटी
काठगोदाम
जिला - नैनीताल
मो० 9412085347

मून सर्विस प्वाइंट
फ्रिज, वाशिंग मशीन, एयर कंडीशनर
रिपेयर एंड स्पेयर पार्ट्स
(एयर कंडीशनर किराये पर उपलब्ध हैं)



Zubair Khan Najeeb Khan
Near-Axis Bank ATM, Church Compound
Nainital Raod Haldwani Mo: 9837036176, 9837314505

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



इसरार हुसैन
प्रदेश उपाध्यक्ष
भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा, उत्तराखण्ड।

रमज़ान मुबारक
जनसेवा एकता कमेटी



अध्यक्ष अलीम खान
उपाध्यक्ष अनवर उर्फ मुन्नू
कार्यालय: बरेली रोड, उजाला नगर, हल्द्वानी
मो. 9837519829

रमज़ान माह की दिली मुबारकबाद



हाजी नदीम अहमद
पूर्व प्रदेश महासचिव
यूथ कांग्रेस उत्तराखण्ड, कालाढूंगी

CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम : 26° C
न्यूनतम : 11° C

हल्द्वानी, रविवार 1 मार्च 2026 हल्द्वानी संस्करण: वर्ष 23 अंक 185 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com फाल्गुन शुक्ल पक्ष 11 विक्रमी सम्वत् 2082 11 रमज़ान 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



उप्र के सभी कैंटोनमेंट अस्पतालों में मिलेगा आयुष्मान कार्ड धारकों को इलाज पेज 2



भारत की नजरें वेस्टइंडीज के खिलाफ नॉकआउट क्वार्टर फाइनल पर खेल टाइम्स



पाकिस्तान-अफगानिस्तान संघर्ष में दावा: 300 की मौत, 500 लोग घायल पेज 11



राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी बॉलीवुड

# अमेरिका-इजरायल का ईरान पर हमला

## 85 छात्राओं सहित 102 लोगों की मौत, 60 से अधिक नागरिक हुए घायल

**ईरान का पलटवार**

ईरान ने भी इजरायल, कुवैत, कतर, बहरीन व सऊदी में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमले किए

ईरान ने इजरायल-दुबई पर मिसाइलें दागीं, कतर-यूएई में अमेरिकी मिलिट्री बेस पर अटैक

दुबई एयरपोर्ट ने सभी उड़ानें रद्द की, इजरायल में लोगों के इकट्ठा होने पर रोक, स्कूल-दफ्तर बंद

**तेल अवीव/तेहरान।** इजरायल ने शनिवार सुबह ईरान की राजधानी तेहरान समेत कई शहरों पर हमला कर दिया। इन हमलों में दक्षिणी ईरान में अब तक 53 छात्राओं समेत 102 की मौत हो गई है। जबकि 60 से अधिक घायल हैं। ईरान के दक्षिणी शहर मिनाब में स्थित बालिका प्राथमिक विद्यालय पर कथित इजरायली हमले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 51 हो गई है।

सरकारी समाचार एजेंसी के अनुसार इस हमले में करीब 60 से अधिक लोग घायल हुए हैं। स्थानीय अधिकारी मोहम्मद रदमेहर ने कहा कि हमले के समय स्कूल में लगभग 170 छात्र मौजूद थे। राहत और बचाव अभियान जारी होने के कारण मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है। यानी देशों के हमलों में अब तक कुल 102 मौते हो चुकी हैं। इसमें मिनाब शहर की एक प्राथमिक बालिका विद्यालय की 85 छात्राएं, ईरान के पूर्वी इलाके में एक स्कूल के दो छात्र और अबू धाबी में हुई एक मौत शामिल है। इसके जवाब में ईरान ने भी इजरायल पर जवाबी हमले शुरू कर दिए हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, ईरान ने पलटवार करते हुए करीब 400 मिसाइलें दागीं हैं। ईरान ने इजरायल के अलावा कुवैत, कतर, बहरीन और सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी बेस पर भी हमला किया है। इतना ही नहीं, ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई पर भी ड्रोन हमला किया। ईरान ने यूएई के सबसे ज्यादा आबादी वाले शहर दुबई को भी निशाना बनाया है।

दरअसल, इजरायल ने ईरान के खुफिया मंत्रालय, रक्षा मंत्रालय, सुप्रीम लीडर खामेनेई का ऑफिस और ईरान के परमाणु ऊर्जा संगठन को निशाना बनाया। हमले के बाद खामेनेई को सुरक्षित जगह शिफ्ट कर दिया गया है। इजरायल ने ईरान के खिलाफ अपने नए अभियान का नाम लियोनस् रोर (शेर की दहाड़) रखा है। वहीं अल जजीरा ने अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया कि यह अमेरिका और इजरायल का जाइंट मिलिट्री एक्शन है। यह हमला ईरान और अमेरिका के बीच परमाणु हथियारों को लेकर चल रही बातचीत के बीच हुआ है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान पर हमले की धमकी दी थी। उन्होंने कहा कि इस कार्रवाई का मकसद अमेरिका और उसके लोगों को खतरे से बचाना है। ट्रम्प के मुताबिक, अमेरिकी सेना ईरान की मिसाइलों को तबाह करने और उसके मिसाइल प्रोग्राम को खत्म करने की कोशिश कर रही है। ईरान में तेहरान समेत कई शहरों में धमाके सुने गए हैं और हवाई हमलों के सायरन बज रहे हैं।



### पश्चिम एशिया से भारतीय नागरिकों की सुरक्षित वापसी के लिए कदम उठाए सरकार : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमले और इसके जवाब में कई देशों पर ईरानी कार्रवाइयों के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा विदेश मंत्रालय से पश्चिम एशिया में रहने वाले भारतीयों की सुरक्षित वापसी के लिए जरूरी कदम उठाने का आग्रह किया है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया एक्स पर शनिवार को लिखा कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तेजी से बढ़ता तनाव बेहद चिंताजनक है। पश्चिम एशिया में हर भारतीय नागरिक की सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। मैं भारत सरकार से आग्रह करता हूं कि वह हमारे लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल और सक्रिय कदम उठाए।

### ईरान, इजरायल व कतर स्थित दूतावासों की भारतीय नागरिकों से सावधानी बरतने की सलाह

- हेल्पलाइन नम्बर जारी किए

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल की संयुक्त सैन्य कार्रवाई से उत्पन्न स्थिति को देखते हुए ईरान, इजरायल और कतर स्थित भारतीय दूतावासों ने वहां मौजूद भारतीय नागरिकों को अत्यधिक सावधानी बरतने की सलाह दी है और एक परामर्श जारी कर आपात स्थिति में दूतावासों से आपात टेलीफोन नम्बरों तथा ईमेल पर संपर्क करने को कहा है। कतर की राजधानी दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने कहा है कि सभी भारतीय नागरिकों को उचित सावधानी बरतने तथा दूतावास और स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा समय-समय पर जारी समाचार और परामर्शों का पालन करने की सलाह दी जाती है। भारतीय नागरिक दिन-रात काम करने वाले हेल्पलाइन नंबर 00974-55647502 और दूतावास के ईमेल cons&doha@mea&gov&in पर संपर्क कर सकते हैं। दूतावास ने कहा है कि सभी नागरिक स्थानीय प्राधिकरणों द्वारा जारी आपातकालीन अलर्ट का पालन करें। जन सुरक्षा के हित में सभी से आग्रह है कि सैन्य स्थलों के आसपास जाने से बचें, घर या अन्य किसी भी भवन के अंदर रहें, और अत्यंत आवश्यक होने पर ही बाहर निकलें या आवागमन करें, ताकि किसी भी संभावित जोखिम से बचा जा सके। ईरान की राजधानी तेहरान स्थित भारतीय दूतावास ने परामर्श में कहा है कि बदलते घटनाक्रम के मद्देनजर ईरान में मौजूद सभी भारतीय नागरिकों को अत्यंत सावधानी बरतने, अनावश्यक आवाजाही से बचने और यथासंभव घरों के भीतर रहने की सलाह दी जाती है। परामर्श में संबंधित समाचारों पर नजर रखते हुए स्थिति के बारे में जागरूक रहने और दूतावास की ओर से अगले आदेश की प्रतीक्षा करने की भी सलाह दी गई है।

### इजरायल का दावा: हमले में ईरान के रक्षा मंत्री व रिवोल्यूशनरी गार्ड कमांडर मारे गए


**तेल अवीव।** पश्चिम एशिया में जारी सैन्य टकराव के बीच इजरायल ने बड़ा दावा किया है। इजरायली सैन्य अभियान से जुड़े दो सूत्रों और एक क्षेत्रीय स्रोत के अनुसार ईरान के रक्षा मंत्री अमीर नासिरजादेह और रिवोल्यूशनरी गार्ड्स के कमांडर मोहम्मद पकपौर इजरायली हमलों में मारे गए हैं। हालांकि ईरान की ओर से अभी तक इन दावों की आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। बताया जा रहा है कि हालिया हमलों में ईरान के सैन्य नेतृत्व से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया गया था। इस दावे के बाद क्षेत्र में तनाव और बढ़ने की आशंका जताई जा रही है।

### 11वां रोज़ा

#### मगफिरत के लिए तक्वा और सब्र की सीख देता है रोज़ा



इस्लाम मजहब में मगफिरत के लिए तक्वा जरूरी है। तक्वा के लिए रोज़ा जरूरी है। रोज़ा यानी अल्लाह का वास्ता। रोज़ा यानी मगफिरत का रास्ता। रमज़ान के मुबारक महीने के ग्यारहवें रोज़े से मगफिरत का अशरा शुरू हो जाता है, जो बीसवें रोज़े तक रहता है। इस दूसरे अशरे को मगफिरत का अशरा इसलिए कहा जाता है कि इसमें अल्लाह से मगफिरत के लिए दुआ की जाती है। बिना किसी बुराई के यानी बुराई से बचते हुए रोज़े में अल्लाह की इबादत की जाती है और माफी मांगते हुए मगफिरत की तलब की जाती है। यानी इबादत की टहनी पर मगफिरत का फूल है रोज़ा।




मुकद्दस रमज़ान की दिली मुबारकबाद

कोहिनूर आर्ट ज्वैलर्स

एक अनमोल रिश्ता

- ONLY HALLMARK & HUID CERTIFIED GOLD JEWELLERY SHOWROOM
- LIFE TIME FREE SERVICE

KAJ

सोना, चांदी के जेवरातों के क्रेता व विक्रेता



68- Majra, Dehradun (Uttarakhand)
Mob- 7830677750, 7900900991

### एनसीईआरटी की एडवाइजरी, 8वीं की बैन पुस्तक है, तो लौटाएं

**नई दिल्ली।** एनसीईआरटी ने एडवाइजरी जारी की है। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की पुस्तक जिन व्यक्तियों या संगठनों के पास है वे इस किताब को तुरंत लौटाएं। इसमें कहा गया है कि कक्षा 8 की जिस किताब में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार वाला अध्याय था और जिस पर रोक लगा दी गई है, उसकी सभी प्रतियां वापस एनसीईआरटी मुख्यालय में जमा कराई जाएं। एनसीईआरटी ने यह भी कहा कि इस किताब के 'The Role of the judiciary in Our Society' अध्याय से जुड़ा कोई भी कंटेंट यदि सोशल मीडिया या डिजिटल प्लेटफॉर्म पर शेयर किया गया है, तो उसे तुरंत हटा दिया जाए। इससे पहले गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा इलेक्ट्रॉनिक्स मंत्रालय को पत्र लिखकर कहा था कि सुप्रीम कोर्ट द्वारा किताब पर रोक लगाए जाने के बाद उसे डिजिटल और इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों से फैलने से रोका जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कक्षा 8 की सामाजिक विज्ञान की किताब पर पूरी तरह रोक लगा दी थी।

### एयर इंडिया, इंडिगो ने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कीं

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में विस्फोटक हालात के मद्देनजर भारतीय विमान सेवा कंपनियों ने वहां जाने वाली और वहां से आने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। टाटा समूह की विमान सेवा कंपनी एयर इंडिया ने शनिवार को एक यात्रा परामर्श में बताया कि उसने पश्चिम एशिया को जाने वाली सभी उड़ानें रद्द कर दी हैं। इससे पहले एयर इंडिया की तेल अवीव जा रही उड़ान एआई139 को इजरायल में हवाई क्षेत्र बंद होने के कारण बीच रास्ते से ही दिल्ली के लिए वापस लौटना पड़ा था। एयरलाइन ने यात्रियों को घर से निकलने से पहले अपनी उड़ान की स्थिति की जांच करने की सलाह दी है।

## ईरान और खाड़ी देशों पर भारत की पैनी नजर

शाह टाइम्स ब्यूरो

- भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई
- विदेश मंत्रालय बोला: सभी पक्ष संयम बरतें

**नई दिल्ली।** ईरान पर अमेरिका और इजरायल के ताजा हमलों के बाद भारत सरकार की पहली प्रतिक्रिया सामने आई है। विदेश मंत्रालय ने शनिवार को एक बयान जारी किया।

इस बयान में कहा गया कि भारत, ईरान और खाड़ी क्षेत्र में हाल के घटनाक्रमों को लेकर गहरी चिंता व्यक्त करता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बयान में कहा कि वह सभी पक्षों से संयम बरतने, तनाव बढ़ाने से बचने और आम नागरिकों की सुरक्षा को प्राथमिकता देने की अपील करता है। मंत्रालय ने कहा कि तनाव कम करने और मूल मुद्दों के समाधान के लिए संवाद और कूटनीतिक रास्ता अपनाया जाना चाहिए। भारत ने कहा कि सभी देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाना जरूरी है। क्षेत्र में स्थित भारत सरकार के मिशन भारतीय नागरिकों के संपर्क में हैं और उन्होंने उचित परामर्श (एडवाइजरी) जारी किया है। ईरान पर हमले से भारत के लिए भी बड़ी चुनौतियां खड़ी हो सकती हैं। लड़ाई लंबी चली, तो भारत की ऊर्जा सुरक्षा व आर्थिक स्थिरता समेत कई मोर्चों पर मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। भारत अपनी कच्चे तेल की जरूरतों का बड़ा हिस्सा ईरान के पड़ोसी देशों से आयात करता है। देश का करीब 40 से 60 प्रतिशत कच्चा तेल होर्मुज जलडमरूमध्य के निकास मार्ग से आता है। यहां किसी तरह का सैन्य अवरोध होने पर तेल की आपूर्ति में बाधा आ सकती है। खाड़ी देशों में 80 लाख से ज्यादा प्रवासी भारतीय रहते हैं। इनकी सुरक्षा और जरूरत पड़ने पर इनकी निकासी सरकार के लिए बड़ी चुनौती होगी।

### प. बंगाल: फाइनल वोटर लिस्ट जारी, 61 लाख नाम काटे गए

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के चीफ इलेक्टोरल ऑफिसर मनोज कुमार अग्रवाल ने शनिवार को कहा कि एसआईआर के बाद फाइनल वोटर लिस्ट पब्लिश हो गई है। उन्होंने बताया कि इस प्रोसेस के बाद राज्य में वोटरों की संख्या 7,04,59,284 हो गई है। अग्रवाल ने कहा कि इलेक्टोरल रोल रिवीजन प्रोसेस में फार्म-7 के जरिए 5,46,053 लाख से ज्यादा वोटरों के नाम हटाए गए और फार्म-6 और फार्म-6ए जमा करके 1,82,036 वोटरों को शामिल किया गया। इस पूरे प्रोसेस में 61,78,245 लोगों के नाम काटे गए हैं।

## आंध्र प्रदेश पटाखा फैक्ट्री में धमाका, 21 की मौत

- आठ लोगों की हालत गंभीर
- राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया

**नई दिल्ली।** आंध्र प्रदेश के काकीनाडा जिले में एक पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत होने की खबर है। राहत और बचाव कार्य में लगी पुलिस की टीम ने कहा कि मृतकों की संख्या बढ़ने की आशंका है। राज्य की गृह मंत्री वंगालपुडी अनीता ने बताया कि पटाखा फैक्ट्री में धमाके के बाद 21 लोगों की मौत की पुष्टि हो चुकी है।

गृह मंत्री के मुताबिक धमाके में गंभीर रूप से घायल कई लोगों को इलाज के लिए स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि धमाके में घायल हुए छह लोगों की हालत गंभीर है। पटाखा फैक्ट्री में धमाके पर राज्य के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने दुख जताया। अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर एक पोस्ट में नायडू ने लिखा कि काकीनाडा जिले के वेतलापलेम गांव में एक पटाखा बनाने वाली यूनिट में हुए धमाके की खबर विचलित करने वाली है। इस हादसे में कई लोगों की जान गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने हादसे के बारे में अधिकारियों से जानकारी ली है और उन्हें पीड़ितों को हरसंभव मदद मुहैया कराने का निर्देश दिया गया है। सीएम नायडू ने कहा कि राहत और बचाव कार्यों पर सरकार नजर रख रही है। स्थानीय अधिकारियों के मुताबिक, जब धमाका हुआ उस समय पटाखा बनाने वाली इस फैक्ट्री में करीब 20 लोग काम कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने हादसे की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारियों और मंत्रियों को घटनास्थल पर जाने के निर्देश दिए हैं।

## जम्मू-कश्मीर ने रचा इतिहास, पहली बार बना रणजी चैंपियन




**हुबली।** जम्मू-कश्मीर की टीम ने शनिवार को नया इतिहास रच दिया। जम्मू-कश्मीर ने कर्नाटक के साथ खिताबी मुकाबला पांचवें दिन शनिवार को ड्रा होने के साथ ही नए रणजी चैंपियन बनने का गौरव हासिल कर लिया।

जम्मू-कश्मीर के लिए यह उपलब्धि और भी शानदार रही क्योंकि उसके राज्य के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला यह ऐतिहासिक क्षण देखने के लिए स्टेडियम में मौजूद थे। पहली पारी के शतकधारी शुभम पुंडीर को 'प्लेयर ऑफ द मैच' और सीरीज में 245 रन बनाने तथा 60 विकेट लेने वाले आकिब नबी को 'प्लेयर ऑफ द सीरीज' का पुरस्कार मिला। जम्मू-कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा ने जैसे ही अपनी दूसरी पारी चार विकेट पर 342 रन पर घोषित की उसके खिलाड़ी मैदान पर जश्न मनाने लगे। स्थानीय समयानुसार दोपहर के 2:10 बज चुके थे। दोनों कप्तानों ने हाथ मिलाने का फैसला किया, जम्मू-कश्मीर ने पहली पारी की बढ़त के आधार पर खिताब अपने नाम किया। जम्मू-कश्मीर को यह नामुमकिन जीत हासिल करने में 67 साल लग गए, लेकिन आखिर यह संभव हो गया। अपना पहला फाइनल खेलना और वह भी आठ बार के चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ बहुत बड़ी बात थी। लेकिन टीम ने बल्ले और गेंद से दबदबा बनाया और कर्नाटक को रोक दिया। शुभम पुंडीर के शतक (121) और आकिब नबी के पांच विकेटों ने कर्नाटक को बैकफुट पर धकेल दिया। जम्मू-कश्मीर की दूसरी पारी में कामरान इकबाल ने 311 गेंदों पर 16 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 160 तथा साहिल लूथरा ने 226 गेंदों में आठ चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 101 रन बनाए।

**तुरन्त आवश्यकता**

इंडस्ट्रियल एरिया, बिजनौर स्थित फैक्ट्री के लिये

- अलमीरा कारीगर-10
- पार्टिकल बोर्ड के लिये कारपेंटर-4
- सुपरवाइजर मशीन चलाने हेतु- 2

सम्पर्क करें- मो. 7017517607, 9389076177

# होली पर शांति भंग करने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: एसएसपी

## समीक्षा बैठक लेत हुए एसएसपी ने दिए सघन चेकिंग और फ्लैग मार्च के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**रुद्रपुर।** होलिका दहन एवं होली पर्व को शांतिपूर्ण और सुरक्षित तरीके से संपन्न कराने के लिए ऊधमसिंहनगर पुलिस पूरी तरह से कमर कस चुकी है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने स्पष्ट किया कि पर्व की आड़ में हुड़दंग या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति ने शुक्रवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जनपद के समस्त राजपत्रित अधिकारियों, थाना प्रभारियों और एलआईयू टीम के साथ हाई लेवल समीक्षा बैठक की। एसएसपी ने स्पष्ट किया कि पर्व की आड़ में हुड़दंग या कानून व्यवस्था प्रभावित करने वालों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई जाएगी और कठोरतम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। एसएसपी ने जनपद के चिन्हित संवेदनशील और मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए हैं। इन क्षेत्रों में लगातार गश्त बढ़ाने और फ्लैग मार्च आयोजित करने को कहा गया है, ताकि जनता में सुरक्षा का भाव बना रहे। स्थानीय खुफिया तंत्र को सक्रिय रखते हुए प्रत्येक छोटी-बड़ी गतिविधि पर पैनी नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। होली के दौरान अवैध कच्ची शराब के निर्माण, परिवहन और बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए पुलिस ने सात दिवसीय विशेष अभियान शुरू किया है। सभी थाना क्षेत्रों में ताबड़तोड़ दबिश देकर आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

एसएसपी ने सख्त निर्देश दिए हैं कि रात्रि 10 बजे के पश्चात डीजे के संचालन पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। संवेदनशील क्षेत्रों में भड़काऊ या अशोभनीय गीतों के प्रसारण पर सख्त रोक होगी। उल्लंघन पाए जाने पर उपकरण जब्त करने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, शराब पीकर वाहन चलाने वालों के खिलाफ एल्कोमीटर के माध्यम से सघन चेकिंग अभियान चलेगा और मोटर वाहन अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई। होली के दौरान महिलाओं के साथ अभद्र व्यवहार, जबरन रंग लगाने या छेड़छाड़ करने की घटनाओं पर तत्काल एफआईआर दर्ज कर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर अफवाह फैलाने वालों और भ्रामक पोस्ट डालने वालों के खिलाफ भी आईटी एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके लिए हर थाने में वीडियोग्राफी टीम तैनात रहेगी।

एसएसपी ने सभी थानों में पीस कमेटी की बैठक अनिवार्य रूप से आयोजित कर गणमान्य नागरिकों, धार्मिक प्रतिनिधियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय स्थापित करने को कहा है। कंट्रोल रूम होलिका दहन के समय प्रत्येक दो घंटे के अंतराल पर रिपोर्ट लेगा। एसएसपी ने दोहराया कि होली पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराना पुलिस की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# एकल किसान मेला का पूर्व विधायक राना ने किया शुभारम्भ

■ किसान मेला में महिलाओं ने हथकरघा से बनी वस्तुओं एवं घर में उगाई गई सब्जियों के स्टाल लगाए



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नानकमत्ता।** नगर में एकल ग्रामोत्थान योजना किसान मेला सह उधान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ भाजपा के पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना एवं दर्जा मंत्री राजपाल सिंह, कार्यक्रम संयोजक उमेश अग्रवाल द्वारा मां भारती के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रवज्लित कर किया गया। इससे पूर्व कार्यक्रम के शुभारंभ से पहले एकल वन्दना एवं हनुमान चालीसा पढ़ी गयी। आयोजित कार्यक्रम में सांस्कृतिक गीत प्रस्तुत किए गए।

शनिवार को एकल किसान मेला के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना ने कहा कि हम सभी किसानों को जैविक खाद से अपने खेत खलियानों में फसल उगानी चाहिए। एकल द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रमों से किसानों को अपने खेतों में फसल उगाने का अनुभव प्राप्त होगा। आयोजित किसान मेला में महिलाओं ने हथकरघा से बनी वस्तुओं एवं घर में उगाई गई सब्जियों के स्टाल लगाए। वहीं आईडीवी सेन्टर चलाए जा रहे है, जिसमें महिला को सिलाई कढ़ाई, ब्यूटिशियान एवं कम्प्यूटर प्रशिक्षण एवं खेती आधारित ग्रामोत्थान के लिए प्रयासरत है।

कार्यक्रम के अध्यक्ष पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राना, किसान आयोग उपाध्यक्ष राजपाल सिंह, केश्वर प्रसाद चौरसिया, उमेश अग्रवाल, डा. सुरेश चन्द जोशी, हरीश चन्द सत्ती, अरविन्द कन्नोजिया, पुष्पेन्दर सिंह राना, पूर्व सभासद रंजीत सिंह राना, विकास गुलाटी, दया शंकर शर्मा, रवि , भूवन चन्द पाण्डे, जगदीश चन्द पाण्डे, प्रेम सिंह सहित सैकडों लोग मौजूद रहे।

## एक नजर

### ट्रेन की चपेट में आकर एक व्यक्ति की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**गूलरभोज।** लालकुआं से गूलरभोज आ रही पैसेंजर ट्रेन की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। खबर लिखे जाने तक मृतक की पहचान नहीं हो सकी।

शुक्रवार को लालकुआं-काशीपुर पैसेंजर ट्रेन लगभग डेढ़ बजे गूलरभोज से रेलवे स्टेशन से करीब तीन किमी पहले जैसे ही भाखड़ा पुल के पार कर माइल संख्या 20.1 व 20.2 के मध्य पहुंची उसी समय एक व्यक्ति अचानक रेलवे ट्रैक पर आ गया। जिसकी ट्रेन से टकराकर मौके पर ही मौत हो गई। सवारी गाड़ी के मैनेजर विकास पचौरी ने शव को गूलरभोज स्टेशन लाकर स्टेशन मास्टर अशोक कुमार के सुपुर्द कर दिया। स्टेशन मास्टर की सूचना पर चौकी प्रभारी दीवान सिंह बिष्ट टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलस ने कार्रवाई करते हुए शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### भाकियू ने किसानों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**खटीमा।** भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले जिलाध्यक्ष गुरसेवक की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिले भर के किसानों ने अपनी ज्वलंत समस्याओं को लेकर यूनियन के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री को तीन सूत्रीय ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन सौंपते हुए कहा कि अप्रैल से पूरे जिले में गेहूं खरीद क्रय केंद्र लगाकर खरीद शुरू की जाए, किसानों को फीवर के उत्तर प्रदेश की तर्ज पर बिजली बिल फ्री की जाए। वहीं उधम सिंह नगर के बहुत से किसानों ने मक्का लगा लिया है। कुछ क्षेत्र ऐसे हैं जहां पर किसानों ने आलू, लाई की खेती लगी हुई है पर वहां मक्का नहीं हो पाएगा, क्योंकि वह लेट हो गया है। वहां पर धान लगाने की परमिशन दी जाए। इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख रणजीत सिंह नामधारी, जसविंदर सिंह पप्पू, अवतार सिंह आदि थे।

### देवस्थली विद्यापीठ में हुआ होली मिलन समारोह



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देवस्थली विद्यापीठ में होली मिलन समारोह हर्षोल्लास, उत्साह और पारम्परिक गरिमा के साथ सम्पन्न हुआ। रंगों की फुहारों, बोल-नगाड़ों की थाप और होली के मधुर गीतों के बीच पूरा परिसर उत्सवमय वातावरण में रंगा नजर आया।

समारोह में समस्त शिक्षकगण, कर्मचारी, विद्यार्थी तथा पूर्व छात्रों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष आकर्षण यह रहा कि कार्यक्रम में स्वयं निर्मित प्राकृतिक रंगों का उपयोग किया जिससे सुरक्षित और पर्यावरण अनुकूल होली मनाने का संदेश दिया गया। प्रतिभागियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर आपसी मतभेद भुलाने, प्रेम, एकता और सौहार्द को मजबूत करने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम के सांस्कृतिक सत्र में 'बेफिक्रे बैंड' के अमित ने होली के पारम्परिक और लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति देकर समा बांध दिया। इस अवसर पर संस्थान के प्रबन्ध निदेशक मनीन्द्र सिंह कोश्यारी, कार्यकारी निदेशक आरसी चौधरी, परिसर निदेशक डा. सीएस मेहता, कॉलेज ऑफ फार्मेसी के निदेशक डा. हिमांशु जोशी, कॉलेज ऑफ नर्सिंग की प्राचार्या डा. सपना दास, बीएड विभाग के प्राचार्य डा. अशोक कुमार वशिष्ठ, बीबीए विभाग की प्रमुख डा. वन्दना टम्टा, एचआर प्रमुख सारिका श्रीवास्तव समस्त शिक्षकगण एवं कर्मचारी आदि भी उपस्थित रहे।

### कच्ची शराब के साथ पुलिस ने एक आरोपी को पकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उधम सिंह नगर के द्वारा चलाए जा रहे अवैध शराब बिक्री के विरुद्ध अभियान के तहत खटीमा पर्यवेक्षक तथा प्रभारी निरीक्षक कोतवाली खटीमा के दिशा निर्देश पर मेलघाट रोड पर ममता नर्सिंग होम के पास संजय पार्क में अभियुक्त प्रेमपाल पुत्र नोनीराम उम्र 42 वर्ष विलगाई गोटिया चौकी सिविल लाइन थाना कोतवाली पीलीभीत जिला पीलीभीत उत्तर प्रदेश निवासी को कच्ची शराब के साथ खटीमा ममता नर्सिंग होम के सामने बनी झोपड़ी से 45 पाउच कच्ची शराब लगभग 15 लीटर अवैध कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया, वही आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश किया गया है। इस दौरान उप निरीक्षक जीवन सिंह चौपाल, कांस्टेबल राजेंद्र गिरी मौजूद रहे।

### बरहैंनी के राजकीय प्राथमिक विद्यालय में चोरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**



**बाजपुर।** ग्राम पंचायत करनी स्थित राजकीय आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय, बरहैंनी में बीती रात अज्ञात चोरों ने धावा बोलकर स्कूल के विभिन्न कक्षों से सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी शनिवार सुबह उस समय हुई जब शिक्षक विद्यालय पहुंचे और कमरों के ताले टूटे हुए मिले।

बताया गया कि शुक्रवार की रात चोरों ने प्रधानाध्यापक कक्ष, रसोईघर, कंप्यूटर कक्ष सहित अन्य कमरों के ताले तोड़ दिए। कुल पांच ताले टूटे पाए गए। घटना की सूचना तत्काल ग्राम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य को दी गई। विद्यालय प्रशासन द्वारा पुलिस चौकी बरहैंनी, कोतवाली बाजपुर को लिखित शिकायत देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की गई है। चोरी हुए सामान,के-यार प्रोजेक्टर व मल्टीमीडिया सेट एक,गैस सिलेंडर दो,गुल्लक डोर दुल्लू पंप मोटर एक, वाई-फाई केबल पांच दरवाजों के ताले क्षतिग्रस्त हुए। विद्यालय में हुई चोरी से शिक्षकों व ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि स्कूल में रखे शैक्षिक उपकरणों की चोरी से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होगी। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और आसपास के क्षेत्र में संदिग्धों की तलाश की जा रही है।

# आधी रात ट्रांजिट कैम्प में दबंगों का तांडव

■ लोगों और उनके घरों पर पथराव, कई घायल
■ घरों में घुसकर महिलाओं से की मारपीट
■ दबंगों ने स्कूटी और टुकटुक को भी किया क्षतिग्रस्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर ।** ट्रांजिट कैम्प के वार्ड 7 आजादनगर में शुक्रवार की रात्रि युवती से मिलने आए एक युवक की कुछ लोगों द्वारा पिटाई कर देने के बाद युवक के कई साथी वहां आ पहुंचे। उन्होंने वहां खड़े लोगों और उनके घरों पर ईंट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए । इतना ही नहीं कई घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट भी की। जिससे कई लोगों को चोटें आ गई। इस दौरान दबंगों ने वहां खड़ी स्कूटी और टुकटुक को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। लोगों की भीड़ जमा होने पर दबंग युवक धमकी देते हुए वहां से भाग गए। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस के देर से मौके पर पहुंचने से लोगों में खासा रोष दिखाई दिया।

जानकारी देते क्षेत्रवासियों ने बताया कि मौहल्ले में पिछले काफी समय से युवक रात्रि के समय युवतियों से मिलने के लिए आते हैं, इससे मौहल्ले का वातावरण खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शुक्रवार की रात्रि भी युवक मौहल्ले के मोड पर युवतियों से मिलने आए थे। जिसके बाद युवतियां घर को जाने लगी तो युवक भी उनके पीछे घर की ओर चल दिए। जहां युवकों का युवतियों के परिजनों से किसी बात को लेकर विवाद हो गया। मामला हाथापाई तक पहुंच गया। मौहल्ले के लोगों ने जब युवकों को यहां न आने के लिए कहा तो उनकी कहासुनी हो गई। देखते ही देखते वह लोगों से उलझ गए। इसी बीच युवकों ने अपने साथियों को भी बुलवा लिया। जिन्होंने आते ही लोगों पर ईट पत्थर बरसाने शुरू कर दिए और घरों में घुसकर महिलाओं से मारपीट कर दी। जिसके बाद मौहल्ले में अफरातफरी मच गई। युवक सामने जो भी दिखाई देता उसे बेरहमी से पीटने लगे। इस दौरान युवकों ने वहां खड़े कमल मंडल के टुकटुक व सपना राय की स्कूटी संख्या यूके 06 बीएल 3995 को क्षतिग्रस्त कर दिया। मौहल्ले वासियों का आरोप है कि मामले की सूचना तत्काल पुलिस को दी गई, परंतु पुलिस काफी देर के बाद पहुंची। इधर युवक लोगों की भीड़ बढ़ते देख धमकी देते हुए वहां से भाग गए। मारपीट में कमल मंडल, पूजा मंडल, सुंदरी मंडल, बसंती मंडल, रूचि मंडल, विभुका मंडल, सुरेश मंडल, सपना राय, दीपाली मंडल, सुब्रतो मंडल, अनूप राय सहित कई लोगों को चोटें आ गई। पुलिसकर्मियों ने मामले की विस्तार से जानकारी ली। प्रात: मौहल्लेवासी ट्रांजिट कैम्प कोतवाली पहुंचे जहां उन्होंने सामूहिक तहरीर देकर घटना की विस्तार से जानकारी दी। पुलिस ने उन्हे भरोसा दिया कि वहां आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज देखकर आरोपियों को पकड़ लिया जाएगा।

# युवती की अश्लील फोटो एडिट कर इंस्टाग्राम पर डाली

■ फर्जी आईडी बनाकर ब्लैकमेल कर दी जा रही है धमकी
■ पीड़िता की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** प्रीत विहार क्षेत्र में एक युवती की फोटो को आपत्तिजनक तरीके से एडिट कर सोशल मीडिया पर अपलोड करने और फर्जी आईडी बनाकर उसे ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की मां की तहरीर पर साइबर क्राइम पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी गई है।

प्रीत विहार नंबर 02 निवासी महिला ने साइबर क्राइम पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी 20 वर्षीय बेटी घर पर ही रहती है। उनकी बेटी ने सितंबर 2025 में इंस्टाग्राम पर अपनी एक आईडी बनाई थी। आरोप है कि आठ जनवरी 2026 को एक अज्ञात इंस्टाग्राम आईडी द्वारा उनकी बेटी की फोटो को एडिट कर आपत्तिजनक तरीके से अपलोड किया गया। इसके साथ ही आरोपी ने बेटी के नाम से ही एक फर्जी प्रोफाइल भी बना ली है। परेशान मां ने बताया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा उनकी बेटी के व्हाट्सएप नंबर पर अत्यंत अभद्र संदेश और एडिट की गई गंदी फोटो भेजी जा रही हैं। आरोपी द्वारा युवती पर अन्य फोटो भेजने का दबाव बनाया जा रहा है और मांग पूरी न होने पर फोटो को सोशल मीडिया पर वायरल करने की धमकी दी जा रही है। इस घटनाक्रम से युवती और उसका पूरा परिवार गहरे मानसिक तनाव और डर के साये में है। साक्ष्यों के तौर पर स्क्रीनशॉट भी पुलिस को उपलब्ध कराए हैं। पुलिस ने अज्ञात आईडी और मोबाइल नंबर धारक के खिलाफ अभियोग पंजीकृत कर लिया है और आरोपी की तलाश तेज कर दी है।

## रमन इफेक्ट की स्मृति में सरस्वती एकेडमी में भव्य कार्यक्रम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर शनिवार को सरस्वती एकेडमी, बिगराबाग में महान भारतीय वैज्ञानिक सीवी रमन की महत्वपूर्ण खोज रमन इफेक्ट की स्मृति में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न आकर्षक एवं ज्ञानवर्धक मॉडल बनाकर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने चंद्रयान मिशन, मानव शरीर के विभिन्न अंगों के कार्य, प्रकाश संश्लेषण की प्रक्रिया, वॉटर प्यूरीफायर, मल्टीपरपज मशीन, ट्रैफिक लाइट आदि विषयों पर सुंदर एवं रचनात्मक मॉडल प्रस्तुत किए। विद्यालय की चेयरपर्सन ज्योति पाल ने विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अंश कुमार (कक्षा 6) तथा आयुष (कक्षा 1) ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान खुशी (कक्षा 12) एवं उनके सहयोगी तथा नकुल राना (कक्षा 3) ने हासिल किया। तृतीय स्थान अंश कुमार गौतम (कक्षा 5) तथा कार्तिक चंद (कक्षा 2) ने प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त शीर्ष 7 विद्यार्थियों श्रेया, पीहू, कॉलोनी आदि को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# लगातार तीसरी बार उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य बने हरी सिंह नेगी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




**बाजपुर/काशीपुर।** हरी सिंह नेगी ने एक बार फिर अपनी मजबूत पकड़ साबित करते हुए उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य पद पर लगातार तीसरी बार जीत दर्ज की है। खास बात यह रही कि वे इस चुनाव में काशीपुर से विजयी होने वाले एकमात्र अधिवक्ता रहे। बार काउंसिल चुनाव में इस बार उनके खिलाफ "परिवर्तन" को प्रमुख मुद्दा बनाया गया था, क्योंकि वे बीते दो कार्यकालों से लगातार सदस्य रहे हैं। इसके बावजूद अधिवक्ताओं ने परिवर्तन के मुद्दे को दरकिनार करते हुए उनके अनुभव, कार्यशैली और अधिवक्ता हितों के प्रति प्रतिबद्धता पर भरोसा जताया।

अधिवक्ताओं के भारी समर्थन के साथ हरी सिंह नेगी को लगातार तीसरी बार उत्तराखंड बार काउंसिल का सदस्य चुना गया। उल्लेखनीय है कि वे वर्ष 2009 से निरंतर उत्तराखंड बार काउंसिल के सदस्य के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं और विभिन्न मुद्दों पर अधिवक्ताओं की आवाज बुलंद करते रहे हैं। उनकी इस जीत को अधिवक्ताओं के बीच मजबूत विश्वास, सक्रिय नेतृत्व और संगठनात्मक पकड़ का प्रमाण माना जा रहा है। चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद काशीपुर सहित आसपास के क्षेत्रों के अधिवक्ताओं में हर्ष और उत्साह का माहौल देखने को मिला।

# बेटियों की सेहत को राष्ट्रीय सुरक्षा कवच

■ ऊधमसिंहनगर में एचपीवी टीकाकरण अभियान की हुई शुरुआत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रपुर।** देशभर में बेटियों को सर्वाइकल कैंसर से सुरक्षित करने के उद्देश्य से शुरू किए गए एचपीवी टीकाकरण अभियान की आधिकारिक शुरुआत अजमेर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा किए जाने के बाद जनपद ऊधमसिंहनगर में भी शुक्रवार से इसका विधिवत शुभारंभ हो गया। यह विशेष अभियान 31 मई तक संचालित किया जाएगा। इसके अंतर्गत 14 से 15 वर्ष आयु वर्ग की बालिकाओं को ह्यूमन पैपिलोमा वायरस (एचपीवी) वैक्सीन लगाई जाएगी।

जनपद ऊधमसिंहनगर को राज्य स्तर से 17,380 डोज प्राप्त हुई हैं। जिले में 16 सेशन साइट चिन्हित की गई हैं, जहां प्रशिक्षित स्वास्थ्यकर्मियों की देखरेख में टीकाकरण किया जाएगा। राजकीय मेडिकल कॉलेज में आयोजित भव्य कार्यक्रम के साथ अभियान की औपचारिक शुरुआत हुई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, चिकित्सकों, छात्राओं और अभिभावकों की उत्साहपूर्ण सहभागिता रही। कार्यक्रम में अंजली, सलोनी, राधा, राधिका, प्रिया, नैना, पूनम जोशी, गीता, प्रीति, माही सैनी, नीलम और अंशु सहित अनेक छात्राओं ने टीका लगवाकर अभियान का शुभारंभ किया। छात्राओं ने कहा कि यह टीका उन्हें भविष्य में गंभीर बीमारी से सुरक्षा देगा और वे अन्य बालिकाओं से भी आगे आने की अपील करती हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. केके अग्रवाल ने बताया कि एचपीवी संक्रमण सर्वाइकल कैंसर का प्रमुख कारण है और समय पर टीकाकरण से इस बीमारी से प्रभावी बचाव संभव है। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा. डीपी सिंह तथा उप जिला प्रतिरक्षण अधिकारी प्रदीप मेहर ने कहा कि सभी सेशन स्थलों पर कोल्ड चेन व्यवस्था, प्रशिक्षित स्टाफ और आवश्यक चिकित्सीय प्रबंधन सुनिश्चित किया गया है।

इस अवसर पर पूर्व राज्यमंत्री सुरेश परिहार, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष विवेक सक्सेना, स्वास्थ्य मंत्री धन सिंह रावत के प्रतिनिधि अभिषेक सक्सेना, डा. एमके तिवारी, डा. नम्रता त्रिपाठी, डा. मधु माथुर, संजय रावत, डा. हरेंद्र मलिक, रक्षित बिष्ट, जिला कार्यक्रम अधिकारी हिमांशु मस्युनी, दानसिंह भण्डारी एवं प्राचार्य उषा रावत उपस्थित रहे।

# पीएम श्री अटल थारु राइंका मे भव्य विज्ञान मेले का आयोजन

■ विद्यार्थियों द्वारा निर्मित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों की आकर्षक प्रस्तुति




**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के अवसर पर पीएम श्री अटल उत्कृष्ट थारू राजकीय इंटर कॉलेज में एक भव्य विज्ञान मेले का आयोजन पीएम श्री विज्ञान प्रदर्शनी योजना ,उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, अगस्त्य फाउंडेशन, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में किया गया।

उत्तराखंड सरकार की महत्वपूर्ण योजना लैब ऑन व्हील्स के माध्यम से मोबाइल विज्ञान प्रयोगशाला विद्यालय पहुंची। मोबाइल लैब द्वारा विद्यार्थियों को उनके पाठ्यक्रम के अनुरूप अनेक वैज्ञानिक प्रयोगों को सरल एवं व्यावहारिक रूप में समझाया गया तथा बच्चों ने स्वयं प्रयोग कर उनका प्रदर्शन भी किया। विद्यार्थियों ने अपने द्वारा निर्मित विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों की आकर्षक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी भानु प्रताप कुशवाहा ने कहा कि विद्यार्थियों को ऐसे वैज्ञानिक प्लेटफॉर्म की अत्यंत आवश्यकता है तथा समय-समय पर इस प्रकार के आयोजन होते रहने चाहिए।अगस्त्य फाउंडेशन के मुख्य प्रशिक्षक शंकर शर्मा ने कहा कि फाउंडेशन यू-कास्ट के साथ मिलकर भविष्य में भी विद्यार्थियों के लिए अनेक वैज्ञानिक कार्यक्रम आयोजित करेगा। यहां लैब ऑन व्हील्स के जिला समन्वयक नरेंद्र सिंह रौतेला, प्रधानाचार्य संतोष कुमार, निर्मल नलिया, ममता चौहान, आलोक सिंह, शंकर शर्मा, प्रियंका, शिवानी, ललित जोशी, मनीषा कल्पसी, मनीषा पंत, विवेक जोशी, जागेश तिवारी, स्वाति बिष्ट, नरेंद्र दिगारी, नवीन चंद्र उपाध्याय, डॉ. बी.डी. पंत, गोकुल कापड़ी, अश्वनी कुमार मौर्य, हरीश आर्य, डॉ. चंचला सिंह, इलियास सिद्दीकी एवं डॉ. विमल कुमार उपस्थित रहे।

# दलित पत्रकार ने पुलिस पर लगाया उत्पीड़न का आरोप

■ निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** पत्रकार विमल भारती उर्फ गोल्डी निर्भीक ने पुलिस पर बर्बर अत्याचार एवं जातीय उत्पीड़न का गंभीर आरोप लगाया है। मामले को लेकर विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने शनिवार को उप जिलाधिकारी के माध्यम से उपुलिस महानिदेशक, पुलिस उपमहानिरीक्षक , पुलिस उपमहानिरीक्षक कुमाऊं तथा उत्तराखंड मानव अधिकार आयोग के अध्यक्ष को ज्ञापन प्रेषित कर निष्पक्ष जांच की मांग की है।

पत्रकार विमल भारती का आरोप है कि वे लंबे समय से शासन-प्रशासन में व्याप्त भ्रष्टाचार को निर्भीकता से उजागर करते रहे हैं, जिसके चलते उन्हें निशाना बनाया गया। उनका कहना है कि 13 नवंबर 2025 को अतिक्रमण के नाम पर उनके घर की सीढ़ियों को तोड़ दिया गया, जबकि उन्होंने एक दिन का समय हटाने के लिए मांगा था। इसके बावजूद कार्रवाई की गई, जिसे उन्होंने सुनियोजित उत्पीड़न बताया।

भारती ने लिखित आरोप में कहा है कि उनका मोबाइल जबरन कब्जे में लेकर पासवर्ड खुलवाया गया और उनकी प्रोफेशनल आईडी डिलीट कर दी गई। उनका यह भी आरोप है कि उन्हें कोतवाली बाजपुर से बन्नाखेड़ा चौकी ले जाकर मारपीट की गई। उन्होंने आरोप लगाया कि चौकी में उनके तलवों पर लाठी-डंडों से प्रहार किया गया, जातिसूचक शब्दों का प्रयोग किया गया और अमानवीय व्यवहार किया गया। मामले को लेकर पत्रकार संगठनों एवं सामाजिक संगठनों ने इसे लोकतंत्र की आवाज दबाने का प्रयास बताते हुए निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

ज्ञापन देने वालों में रवि कुमार, दयाल सिंह , गणेश प्रसाद , डी. आर. बाराकोटी, जसवंत भारती , बाबूराम सागर, प्रिंस कुमार, नरेश कुमार, गंगा सहाय सत्संगी, नितिन कुमार, मनोज कुमार सत्संगी, बी. आर. सागर, महिपाल सिंह, अमित कुमार, धनराज भारती सहित अन्य लोग शामिल रहे।

# होली हमारी समृद्ध लोक परंपरा और सांस्कृतिक पहचानः मुख्यमंत्री

- खटीमा होली मिलन समारोह में शामिल हुए मुख्यमंत्री धामी
- जनसमुदाय संग साझा की उत्सव की खुशियां



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** सनातन धर्मशाला रामलीला मैदान खटीमा में आयोजित होली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सहभागिता कर उपस्थित जनसमूह को होली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर उन्होंने पारंपरिक कुमाऊंनी होली, शास्त्रीय होली, थारू होली गायन के साथ जनसमूह के साथ होली गायन में प्रतिभाग किया।

संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड की लोकसंस्कृति, परंपराएं और पर्व हमारी सांस्कृतिक पहचान के आधार हैं और होली रंगों का त्योहार है होली का त्योहार अपनों के बिना अधूरा है,खटीमा मेरा घर है व खटीमावासी मेरा परिवार है मैं अपने परिवारजनों के बीच आया हूं मुझे अति प्रसन्नता हो रही है। उन्होंने कहा होली समारोह जैसे आयोजन हमारी समृद्ध विरासत को संजोने के साथ-साथ युवा पीढ़ी को अपनी संस्कृति से जोड़ने का सशक्त माध्यम हैं। उन्होंने कहा कि होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सदभाव, समरसता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। मुख्यमंत्री ने कहा मातृशक्ति हमेशा पूज्यनीय है,महिला शक्ति के बिना हमारे कोई काम पूरा नहीं होता। उन्होंने कहा महिला शक्ति के सम्मान व सुरक्षा के लिए प्रदेश सरकार ने यू सी सी लागू किया है।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष अजय मौर्य, मेयर विकास शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री मंजीत सिंह, पूर्व विधायक डा. प्रेम सिंह राणा, जिलाध्यक्ष कमल जिन्दल, अमित कुमार पांडे, रमेश चंद्र जोशी, नंदन सिंह खड़ायत, गम्भीर सिंह धामी, सतीश भट्ट, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, वीसी जिला विकास प्राधिकरण जयकिशन, अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, सीएमओ डा. केके अग्रवाल, जिला विकास अधिकारी सुशील मोहन डोभाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे।

# होलिका दहन स्थल को लेकर विवाद पुलिस ने कराया शांतिपूर्ण समाधान



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बाजपुर।** ग्राम चकरपुर में होलि. का दहन स्थल को लेकर लंबे समय से चल रहे विवाद को लेकर शनिवार को पुलिस प्रशासन मौके पर पहुंचा। मामले की गंभीरता को देखते हुए कोतवाल नरेश चौहान स्वयं गांव पहुंचे और शिकायतकर्ता पक्ष व ग्रामीणों से वार्ता की।

बताया जा रहा है कि होलिका दहन के स्थान को लेकर गांव में काफी समय से मतभेद बना हुआ था, जिसके चलते तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। सूचना मिलने पर कोतवाल नरेश चौहान ने दोनों पक्षों को आमने-सामने बैठाकर उनकी बात सुनी और आपसी सहमति से समाधान निकालने का प्रयास किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों को आपसी भाईचारे और सौहार्द बनाए रखने की अपील करते हुए पर्व को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की सलाह दी। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति में तुरंत पुलिस को सूचना दी जाए। पुलिस की समझाइश के बाद दोनों पक्षों ने शांति बनाए रखने का आश्वासन दिया। प्रशासन की सक्रियता से गांव में संभावित विवाद टल गया और माहौल सामान्य हो गया।

## एक नजर

### स्कूल प्रमुखों का अभिमुखीकरण हुआ संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चंपावत।** शिक्षा के बदलते परिदृश्य में डिजिटल दक्षता और साइबर सुरक्षा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से डायट लोहाघाट में स्कूल प्रमुखों की अभिमुखीकरण कार्यशाला का सफलतापूर्वक समापन हुआ। कार्यशाला में पीएम ईख्रविद्या तथा दीक्षा प्लेटफॉर्म की उपयोगिता पर विस्तृत चर्चा हुई और प्रतिभागियों को इन दोनों राष्ट्रीय पोर्टलों की नवीनतम शैक्षिक तकनीकों से रूबरू कराया गया।


साइबर सुरक्षा पर विशेष सत्र में मास्टर ट्रेनर प्रकाश चन्द्र उपाध्याय ने स्कूल प्रमुखों को डिजिटल सुरक्षा, डाटा प्रोटेक्शन, पासवर्ड मैनेजमेंट, ऑनलाइन थ्रेट्स और सुरक्षित ब्राउजिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन प्रशिक्षण दिया। उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में शिक्षणख्रअधिगम प्रक्रिया जितनी डिजिटल हो रही है, उतना ही आवश्यक है कि शिक्षक और विद्यार्थी सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार को आत्मसात करें। कार्यक्रम समन्वयक डॉ. लता आर्य ने सूचना एवं संचार तकनीक के माध्यम से शिक्षण गुणवत्ता में सुधार पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तकनीक केवल साधन नहीं, बल्कि शिक्षण के नए आयाम खोलने वाला माध्यम है। वहीं आईटी विभागाध्यक्ष डॉ. आशुतोष वर्मा ने विद्यालयों में आईसीटी की प्रभावी स्थापना और बच्चों में टेक्नोलॉजीख्रफ्रेंडली वातावरण तैयार करने की रणनीतियों पर विस्तृत विचारख्रविमर्श किया। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाणपत्र वितरित कर कार्यशाला का समापन किया गया।

### कुमाऊंनी खड़ी होली की मची धूम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**खटीमा।** पीलीभीत रोड चारुबेटा कॉलोनी स्थित बिल्वेश्वर महादेव मंदिर परिसर में सिद्धि को दाता विघ्न विनाशन होली खेले गिरजापति नंदन, के बोल के साथ कुमांऊनी खड़ी होली का शुभारंभ हुआ। मंदिर परिसर पर बड़ी संख्या में एकत्रित महिला, पुरुष एवं युवा होल्यारों ने कैलाशे को देव निरंजन अमर कथा शिव शंकर आदि होली के बोलों पर जमकर होली खेली। इस दौरान आनंदी बिष्ट, मनवती देवी, हेम पांडे, मीना बिष्ट, श्वेता पांडे, माधवी गैड़ा, नंदी सिंग्वाल, पार्वती बिष्ट, पूजा गोस्वामी, जानकी गैड़ा, लीलावती पांडे, नीमा गैड़ा, कमला गोस्वामी, मंजू गैड़ा, जंग बहादुर थापा, नारायण सिंह अधिकारी, पीतांबर पांडे, भोपाल सिंह बिष्ट, लाल सिंह गैड़ा, प्रकाश तिवारी, खेलानंद तिवारी आदि मौजूद रहे। इधर टेङाघाट स्थित नीलकंठ महादेव मंदिर में कुमांऊनी खड़ी होली की शुरुआत शिव शंकर खेले होली सदा शिव शंकर खेले होली, के बोल से हुई। इस दौरान आसपास के महिला, पुरुष होल्यारों ने जमकर होली खेली। इस दौरान पं मनोरथ तिवारी, कैलाश चंद्र जोशी, महेश चंद्र जोशी, बच्ची सिंह धामी, इशान जोशी, नवीन चौड़ा कोटी, दीपक गडकोटी, गंगा दत्त, चंचल सिंह बिष्ट आदि मौजूद रहे। वहीं ग्राम बरी अंजनियां निवासी अंबा. दत भट्ट के आवाज पर कुमांऊनी खड़ी होली की शुरुआत- अंबा के भवन विराजे होली, भलो - भलो जन्म लियो श्याम राधिका आदि बोलो से हुई। होली में महिला होल्यारों ने खूब रंग जमाया। होली के बीच स्वांग, हंसी ठिठोली का भी होल्यारों ने खूब आनंद लिया। इस अवसर पर मंजू फर्त्याल, दीपा भट्ट, गीता फर्त्याल, सावित्री भट्ट, कुसुम भट्ट आदि मौजूद रहे ।

### खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर लिए नमूने



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** आयुक्त खाद्य संरक्षा और औषधि प्रशासन उत्तराखंड एवं जिलाधिकारी के निर्देश पर रामनगर के खोया एवं मिठाई के एक दर्जन से अधिक थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान प्रतिष्ठान स्वामियों को गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री को विक्रय करने,बिना बिल के खरीद न करने और स्टॉक का विवरण रखने, कालातीत खाद्य सामग्री का विक्रय एवं भंडारण न करने, अपने स्टोर का नियमित रूप से साफ सफाई और दवाओं का छिड़काव करने के विशेष निर्देश दिए।

इसके साथ ही चार विक्रेताओं से गुणवत्ता जांच के लिए संदेह के आधार पर खोयके 04 सैम्पल जांच के लिए प्रयोगशाला भेजे गए हैं। वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी असलम खान ने बताया आगामी त्योहारों होली एवं रमजान को लेकर विशेष सतर्कता बरती जा रही है किसी भी सूरत में मिलावटी खाद्य सामग्री का विक्रय नहीं होने दिया जाएगा और ऐसा करने वालों के खिलाफ विभाग सख्त से सख्त कार्यवाही करेगा।आयुक्त के निर्देश पर जनपद में संयुक्त टीमों का गठन किया गया है जो प्रतिदिन कार्यवाही कर रही है जिसकी रिपोर्ट आयुक्त कार्यालय को भेजी जा रही है।

### होली मिलन कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर के कोसी बैराज स्थित एक रेस्टोरेंट में भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती के नेतृत्व में भव्य होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया,कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और कार्यकर्ता शामिल हुए, होली के रंगों और आपसी भाईचारे के साथ सभी ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अगुवाई नगर मंडल अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह खाती ने की। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष गणेश रावत, पूर्व प्रदेश मंत्री राकेश नैनीवाल,जगमोहन सिंह बिष्ट, अमिता लोहनी, दिनेश मेहरा,संजय डोर्वी, घनश्याम शर्मा,मीडिया प्रभारी अशोक गुप्ता, पूर्व नगर अध्यक्ष मदन जोशी, महामंत्री सलभ मित्तल, महामंत्री नवीन करगेती, राकेश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, भावना भट्ट,आशा बिष्ट, संजय बिष्ट, मीना राणा, आकाश कुमार, माया रावत, यतिन रौतेला,भरत तिवारी, नितेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

### दस दिनी तराबीह मुक्कमल होने पर दुआएं खैर की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रमजान के मुकद्दस महीने में कुरैशी बिरादरी रामनगर के सदर हाजी तैय्यब कुरैशी के बेटे वसीम कुरैशी के मोहल्ला खताड़ी स्थित निवास पर शुक्रवार की रात में 10 दीनी तराबीह की मुक्कमल होने पर दुआये खैर की गयी।

इस मौके पर शहर ईमाम् मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी साहब ने कोमे मुस्लिम के लिये दुआये की साथ ही हल्द्वानी के मुस्लिम भाइयो को बेघर होने से बचाने की दुआये भी अल्लाह की बारगाह में की गयी। तराबीह हाफिज उजैर ने अता करायी। इस मौके पर शहर काजी मुफ्ती गुलाम मुस्तफा नईमी ने बताया कि कुरान इंसान को अंधेरो से उजाले की ओर लाने का काम करता है। उन्होंने सल्तनते उस्मानिया,इराक व भारत का इतिहास बताये हुये कहा कि जब तक हुक्मरानों ने कुरान को दिल मे रखा तब तक उन्होंने दुनिया पर राज किया और जब-जब मुसलमानो ने कुरान पर तवज्जो कम करी तब तब इस कोम पर परेशानियों आई है।उन्होंने कुरान की तिलावत और प्यारे नबी हजरत मोहम्मद साहब के बताये गए रास्तो पर चलने की बात कही। इस मौके मुफ्ती सलीम सैफी, जामा मस्जिद के नयाब इमाम हाफिज मुजफ्फर, मौलाना आरिफ, मौलाना अमजद, कारी फुरकान, कारी अफजाल मोइन, कारी फारुख, हाफिज उबेद, हाफिज नोशाद, मौलाना नाजिम, मुफ्ती आजम,मौलाना फुरकान, हाजी तैय्यब, वसीम कुरैशी, बबलू कुरैशी, साहिल कुरैशी, रजब कुरैशी, नजर कुरैशी, शाहनबाज कुरैशी, दिलनवाज कुरैशी, सुलेमान कुरैशी, रज्जाक कुरैशी मुंशी जी, शबाब कुरैशी, डॉ अतीक वारसी, डॉ जफर सैफी, डॉ अरशद वारसी, सकलेन, मुज्जमिल अंसारी सहित बड़ी तादाद में मुस्लिम समाज के लोग मौजूद रहे।

### खनन रॉयल्टी पर जीएसटी वसूली के विरुद्ध उच्च न्यायालय से अंतरिम राहत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** अधिवक्ता फैजुल हक ने बताया कि उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड नैनीताल की द्वैधपीठ मुख्य न्यायाधीश मनोज कुमार गुप्ता एवं न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय ने एक स्टोन क्रशर बनाम यूनियन ऑफ इंडिया एवं अन्य में महत्वपूर्ण अंतरिम आदेश पारित किया है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता फैजुल हक एवं अधिवक्ता संजीव कुमार अग्रवाल ने न्यायालय के समक्ष यह पक्ष रखा कि खनन रॉयल्टी पर जीएसटी लगाए जाने के संबंध में पारित आदेश विधि-संगत नहीं है और उसके आधार पर की जा रही वसूली से याचिकाकर्ता को गंभीर आर्थिक क्षति हो रही है।न्यायालय ने पक्षों को सुनने के उपरांत प्रतिवादीगण को चार सप्ताह के भीतर प्रति-शपथपत्र दाखिल करने का निर्देश दिया है।साथ ही, न्यायालय ने विवादित आदेश के अनुसरण में की जा रही वसूली पर अगली सुनवाई तक स्टे लगा दिया है।यह आदेश याचिकाकर्ता को महत्वपूर्ण अंतरिम राहत प्रदान करता है और प्रकरण के अंतिम निर्णय तक वसूली की कार्यवाही पर रोक सुनिश्चित करता है।

# लक्ष्मी आर्या द्वारा लिखित 'मैं खामोश कैसे रहूं' काव्य संग्रह का विमोचन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पिथौरागढ़।** नगर निगम सभागार में वरिष्ठ कवयित्री लक्ष्मी आर्या द्वारा रचित काव्य संग्रह मैं खामोश कैसे रहूं का समारोहपूर्वक विमोचन किया गया। पुस्तक का विमोचन मेयर कल्पना देवलाल, कवयित्री लक्ष्मी आर्या, पत्रकार जुगल किशोर पांडेय, सामाजिक चिंतक तारा सिंह, शिक्षाविद डा. अशोक पंत, समाजसेवी राम सिंह, पत्रकार दिनेश पंत, बाल साहित्यकार इंजी ललित शौर्य, जयमाला देवलाल, भावना भट्ट ने किया।

मेयर कल्पना देवलाल ने पुस्तक को अभूतपूर्व बताया। उन्होंने कहा की लक्ष्मी आर्य की कविताएं समाज का दर्पण होती हैं। कविताओं में स्पष्टवादिता झलकती है। उनकी रचनाओं से समाज को एक नई दिशा प्राप्त होगी। डॉ. अशोक पंत ने कहा की लक्ष्मी आर्या की कविताएं भोगा हुआ सच हैं। उनकी कविताएं पढ़कर ऐसा लगता है मानो सारी घटनाएँ हमारे सामने घटित हो रही हों। उनकी कविताओं में अपनापन सा महसूस होता है। डा. तारा सिंह ने लक्ष्मी आर्याको तीखे तेवर की कवयित्री बताया। उन्होंने कहा कि लक्ष्मी आर्या की कविताएं सच्चाई के धरातल पर रची-बसी हैं,कविताओं में कल्पनाएं नहीं दिखती। वरिष्ठ पत्रकार जुगल किशोर पांडे ने कहा की लक्ष्मी आर्या एक सशक्त रचनाकार हैं। इनकी रचनाधर्मिता आने वाली पीढ़ी के लिए मील का पत्थर साबित होंगी।

समाजसेवी राम सिंह ने लक्ष्मी आर्या की कविताओं को क्रांतिकारी बताया। उन्होंने कहा इनकी कविताओं में विद्रोह झलकता है। इस अवसर पर डीएन भट्ट, महेश मखौलिया, भास्करानंद जोशी, चंदन पानू, पीयूष धामी, के ऐस भाटिया, डॉ प्रमोद कुमार,मथुरादत्त चौसाली, मनोज नेगी, आशा सौन, उमा पाटनी, अनिता जोशी, लक्ष्मी भट्ट, नीरज चन्द्र जोशी, सिमरन आर्या, साहिल आर्या, स्वेता आर्या, डॉ दीप चौधरी, मुन्नी पांडेय, प्रतिमा, गंगा शर्मा, दिनेश भट्ट, चिंतामणि जोशी आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेना की पारदर्शी व्यवस्था में युवाओं ने दिखाया दमखम

- 550 से अधिक अभ्यर्थी हुए सफल



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बनबसा (चम्पावत)।** बनबसा मिलिट्री स्टेशन में आयोजित अग्निवीर भर्ती रैली के दूसरे दिन पिथौरागढ़ जनपद के युवाओं का उत्साह चरम पर रहा। विभिन्न तहसीलों से पहुंचे करीब 700 से अधिक अभ्यर्थियों ने अग्निवीर जनरल ड्यूटी (GD), ट्रेडमैन और तकनीकी पदों के लिए आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में भाग लिया।

भारतीय सेना की ओर से भर्ती स्थल पर पारदर्शी, अनुशासित और सुव्यवस्थित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं। प्रवेश, दस्तावेज सत्यापन और शारीरिक परीक्षण की प्रक्रिया निर्धारित मानकों के अनुसार शांतिपूर्ण और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। सेना के अधिकारियों और जवानों ने पूरी प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों का मार्गदर्शन करते हुए निष्पक्ष भर्ती का उदाहरण प्रस्तुत किया।

दूसरे दिन आयोजित शारीरिक दक्षता परीक्षा में 550 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त कर अगले चरण के लिए अपनी पात्रता सुनिश्चित की। सफल अभ्यर्थियों के चेहरों पर उत्साह और गर्व साफ दिखाई दिया। सेना अधिकारियों ने अभ्यर्थियों को भर्ती में शामिल होने के दौरान अपने सभी आवश्यक मूल दस्तावेज, जैसे हाईस्कूल और इंटरमीडिएट अंकपत्र, मूल निवास, जाति प्रमाण पत्र, एनसीसी, खेल, अविवाहित और चरित्र प्रमाण पत्र साथ लाने के निर्देश दिए हैं। सभी शॉर्टलिस्ट अभ्यर्थियों को उनके पंजीकृत मोबाइल नंबर पर पूर्व में ही आवश्यक जानकारी उपलब्ध करा दी गई थी। भर्ती प्रक्रिया को निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रखी गई हैं।

# धर्मार्थ चिकित्सालय में निशुल्क ईएनटी शिविर का शुभारंभ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लोहाघाट।** अद्वैत आश्रम मायावती के धर्मार्थ चिकित्सालय में इस वर्ष का पहला निशुल्क ईएनटी (कान-नाक-गला) चिकित्सा शिविर प्रारंभ हो गया है। शिविर के संचालन के लिए सिलीगुड़ी से ख्याति प्राप्त ईएनटी विशेषज्ञ डॉ. शेखर बनर्जी के नेतृत्व में चार सदस्यीय चिकित्सा दल पहुंचा है। टीम में ऑडियोलॉजिस्ट डॉ. तीमार अभिजीत बसु एवं वैशाली बसु भी शामिल हैं।

इस शिविर की विशेषता यह है कि यहां पहली बार ऑडियोलॉजिस्ट द्वारा मरीजों के कानों की संपूर्ण ऑडियो जांच की जा रही है, जिससे सुनने संबंधी समस्याओं का सटीक निदान संभव हो पा रहा है। पहली बार सेवा देने आए डॉक्टरों की टीम ने कहा कि आश्रम में आकर उन्हें सेवा और समर्पण की सच्ची भावना देखने को मिली।

चिकित्सालय के प्रभारी स्वामी एक देवानंद महाराज के निर्देशन में समर्पित टीम पूरी निष्ठा से कार्य कर रही है। उन्होंने जानकारी दी कि 8 से 12 अप्रैल तक यहां विशाल नेत्र चिकित्सा शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा बच्चों के रोब के लिए विशेष ईएनटी एवं मेडिसिन कैंप भी लगाया जाएगा।

नेत्र चिकित्सा के लिए यहां अत्याधुनिक उपकरणों की व्यवस्था की गई है। शिविर के पहले दिन सुबह से ही मरीजों की भीड़ उमड़ पड़ी और लोग अपनी बारी का शांतिपूर्वक इंतजार करते नजर आए।

# हर माह के अन्तिम शनिवार को होगा 'प्रभाग दिवस' आयोजित

- स्थानीय ग्रामीणों से जन संवाद स्थापित कर सुनीं जाएंगी समस्याएं



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** कार्बेट टाइगर रिजर्व द्वारा स्थानीय स्तर पर जन संवाद स्थापित करने एवं स्थानीय ग्रामीण लोगों के साथ एक बैठक आयोजित कर उनकी समस्याओं को प्रमुखता से सुनने एवं उनके जल्द से जल्द समस्याओं का समाधान करने के लिए हर माह के अन्तिम शनिवार को 'प्रभाग दिवस' आयोजित किये जाने के लिए निर्देशित किया गया है।

कॉर्बेट पार्क के बिजरानी रेज परिक्षेत्र की सीमा से सटे ग्रामो/खत्तों के ग्रामीणों के लिए रिंगौड़ा वन परिसर में प्रमाग दिवस कार्यक्रन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की समस्याओं को सुनना,वन विभाग एवं ग्रामीणों के मध्य समन्वय को सुदृढ़ करना है। बैठक में पार्क वार्डन बिन्दर पाल द्वारा जनप्रति. निधियों एवं ग्रामीणों को प्रभाग दिवस कार्यक्रम में बताया गया कि प्रभाग दिवस कार्यक्रम वन विभाग एवं स्थानीय लोगों के मध्य संवाद स्थापित करने का एक साधन है. जिसमें कि वन क्षेत्रों के आस-पास के ग्रामवासी पहुँचकर अपनी स्मस्यायें रख सकते है। विभागीय अधिकारियों और कर्मचरियों द्वारा उनका मौके पर निराकरण करने का प्रयास किया जाता है। बिजरानी रेंज के रेंजर नवीन चन्द्र पाण्डे द्वारा वन क्षेत्रों के निवासरत ग्रामीणों से विशेष अनुरोध किया गया कि वे अपने घरों के आस-पास कूड़ा न जलाये, क्योंकि कूड़े से उत्पन्न आग के फैलने की प्रबल सम्भावना बनी रहती है। वनाग्नि की कोई भी घटना घटित होने पर स्थानीय वन चौकी पर सूचित करें। इस दौरान जिल पंचायत सदस्य, दीप चंद्र, रेंजर नवीन पाण्डे, नवीन चन्द्र पपनै, रवि थपलियाल, विक्रम भट्ट, भूपेन्द्र सिंह चौहान, मानसी अरोरा, प्रमोद कुमार सत्यवली, प्रमोद डोर्बी आदि मौजूद रहे।




# अवैध अतिक्रमण के खिलाफ नगर पालिका ने चलाया अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** नगर पालिका प्रशासन ने रामनगर के कुछ इलाकों में अवैध अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाते हुए कई अतिक्रमणकारियों का सामान जप्त करने की कार्रवाई की।न गर पालिका द्वारा चलाए गए अभियान से अतिक्रमणकारियों में जहां एक और हड़कंप मच गया तो वहीं कई अतिक्रमणकारियों अपना सामान लेकर भागते हुए दिखाई दिए।

अभियान के संबंध में जानकारी देते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने बताया कि जिलाधिकारी एवं एसडीम रामनगर गोपाल सिंह चौहान के निर्देश पर शनिवार को पालिका टीम द्वारा नगर पालिका के समीप अस्पताल को जाने वाली सड़क एवं रानीखेत रोड पर अवैध अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई की गई है। उन्होंने बताया की कार्रवाई के दौरान कई अतिक्रमण कार्यों का समान और ठेली को जप्त करने की कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि 25 अतिक्रमण कारियो के खिलाफ कार्यवाही की गई। उन्होंने बताया कि चार अतिक्रमण कारियो के चलान कर दो हजार रुपये जुर्माना वसूला गया है। इस दौरान नगर पालिका टीम में नगर पालिका ईओ आलोक उनियाल,नगर पालिका प्रधान सहायक आनंद सांगा, नगर पालिका स्वास्थ्य निरीक्षक लल्ला मियां आदि मौजूद रहे।

## बढ़े मीट के रेटों पर सभासदों ने खोला मोर्चा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर।** रामनगर में बड़े मीट के रेट में हो रही बढ़ोतरी को लेकर अब नगर पालिका के कुछ सभासदों ने इसके खिलाफ मोर्चा खोलते हुए नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल का घेराव करते हुए एक ज्ञापन सौंपा और इस पर तत्काल रोक लगाने की मांग की है।

सभासदों ने आरोप लगाते हुए कहा कि वर्तमान में नगर पालिका का स्लाटर हाउस बंद है और नगर पालिका द्वारा कुछ दुकान लॉटरी प्रक्रिया के तहत बड़े मीट बेचने के लिए आवंटित की गई थी। उन्होंने बताया कि मीट विक्रेता द्वारा बिना किसी बिल के यह मीट बेचा जा रहा है और उनका आरोप यह भी है कि दुकानदारां द्वारा मुस्लिम समाज के लोगों को हाइजीनिक एवं बासी मीट बेचा जा रहा है, जिससे कभी भी कोई गंभीर बीमारी फैल सकती है। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि मीट 360 रुपये किलो बेचने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह मूल्य से बहुत अधिक है। उन्होंने कहा कि जहां से यह मीट आ रहा है वहा से यह मीट 250 रुपये किलों के हिसाब से आ रहा है, लेकिन मोहल्ला खताड़ी स्थित ठेकेदारों द्वारा 360 रुपये किलो बेचा जा रहा है। मामले में नगरपालिका के अधिशासी अधिकारी आलोक उनियाल ने कहा कि हाइजीनिक एवं वासी मीट को लेकर फूड विभाग की टीम के द्वारा निरीक्षण कराया जाएगा और इस पूरे प्रकरण पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान सभासद शमीम अहमद,तनुज दुर्गापाल, नदीम अंसारी, जफर इकबाल, करीमुद्दीन, मोहम्मद अजमल आदि थे।













# विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: धामी

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने की कानून व्यवस्था और विकास कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने एफटीआई सभागार में शनिवार को कानून व्यवस्था एवं जनपद में संचालित विकास कार्यों की उच्चस्तरीय समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी कार्य शासन की प्राथमिकताओं के अनुरूप समयबद्ध, पारदर्शी एवं आपसी समन्वय के साथ पूरे किए जाए। विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



मुख्यमंत्री धामी ने मानव-वन्यजीव संघर्ष की घटनाओं पर गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में ट्रैप कैमरे, सोलर फेंसिंग एवं तारबाड़ व्यवस्था सुदृढ़ करने तथा गहन निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने वन विभाग को ठोस एवं प्रभावी कदम उठाने को कहा जिससे जनहानि एवं फसलों को होने वाले नुकसान को रोका जा सके। वनाग्नि की रोकथाम के लिए मुख्यमंत्री ने फायर लाइनों को दुरुस्त रखने, संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित पेट्रोलिंग, रेंजवार मॉनिटरिंग एवं जन जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी वनाग्नि की घटना पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वही हल्द्वानी शहर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कार्यदायी संस्थाओं को आपसी समन्वय से कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों के दौरान आमजन को अनावश्यक असुविधा न हो, इसका विशेष ध्यान रखा जाए। अधिकारियों को चेतावनी दी गई कि विभाग एक-दूसरे पर जिम्मेदारी न डालें और सभी कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हो। मुख्यमंत्री ने बताया कि रानीबाग स्थित बंद एचएमटी फैक्ट्री की भूमि पर प्रस्तावित आईटी हब विकसित करने की योजना को गति दी जाएगी। इससे क्षेत्र में रोजगार सृजन एवं औद्योगिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने बच्चीनगर सहित अन्य क्षेत्रों में सिंचाई नहरों के चौड़ीकरण व मरम्मत के प्रस्ताव शीघ्र शासन को भेजने के निर्देश भी दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था को लेकर किसी भी स्तर पर लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। पुलिस एवं प्रशासन को आमजन के प्रति संवेदनशील और परिणामोन्मुखी कार्यशैली अपनाने के निर्देश दिए गए। सांसद अजय भट्ट ने वन क्षेत्रों में वाचरों की संख्या बढ़ाने, झाड़ियों की कटान तथा वन मार्गों की नियमित सफाई व मरम्मत का सुझाव दिया। आयुक्त/सचिव दीपक रावत ने मंडल में कानून व्यवस्था एवं ओवरलोडिंग के विरुद्ध की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने मानव-वन्यजीव संघर्ष रोकने के लिए पनियाली क्षेत्र में गश्त एवं चारा व्यवस्था संबंधी कदमों की जानकारी दी। वन संरक्षक सीएस जोशी ने बताया कि पनियाली क्षेत्र में कैमरों में तेंदुए नहीं बल्कि बाघ की पहचान हुई है जिसे पकड़ने की कार्रवाई शीघ्र शुरू की जाएगी। बैठक में जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों सहित विभिन्न विभागों के मंडल स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

### बनभूलपुरा रेलवे भूमि मामले पर की टिप्पणी

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण मामले को लेकर सुप्रीम कोर्ट का आभार जताया। मीडिया से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री धामी ने इस पूरे प्रकरण में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी पर राजनीति करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि बनभूलपुरा रेलवे भूमि अतिक्रमण प्रकरण का निस्तारण पहले ही हो जाना चाहिए था, लेकिन कांग्रेस और समाजवादी पार्टी ने राजनीतिक कारणों से इस मामले को सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचाया। अब सुप्रीम कोर्ट से अंतरिम निर्णय आने के बाद जिला प्रशासन आगे की कार्रवाई करेगा।

# सीएम धामी ने की थालसेवा



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** लिटिल मिरेकल फाउंडेशन यानि थाल सेवा में शनिवार को सीएम पुष्कर सिंह धामी पहुंचे और उन्होंने थालसेवक के रूप में अपनी सेवाएं दी, साथ ही टीम थाल सेवा को व्यक्तिगत रूप से बर्तन आदि भी भेंट किए। इस मौके पर सीएम श्री धामी ने कहा थाल सेवा बीते 2018 से मेडिकल कॉलेज में आने वाले तीमारदारों को 5 रु में भोजन कराती है। बिना सरकारी सहायता के रोज करीबन 1000 से 1200 लोग भोजन करते है, अभी तक 30 लाख थाल बिना किसी छुट्टी के परोसे जा चुके है। माह में एक बार मेरे परिवार से भी थालसेवा होती है, आज उसी सेवा का दिन था इस लिए मैं भी आज थालसेवक के रूप में आया हूं। इस दौरान सीएम धामी ने अपने हाथों से जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया और स्वयं भी भोजन की गुणवत्ता को परखा। इस मौके पर कृत्रिम अंग विशेषज्ञ कविता भट्ट, डा. गौरव सिंघल, समाजसेवी श्याम अग्रवाल, भूमेश अग्रवाल सहित संस्था के सदस्यों में राजीव वाही, राजीव बग्गा, रक्षित वर्मा, प्रवीण मित्तल, राहुल वार्ष्णेय, गिरीश गुप्ता, संजय बग्गा, अतुल वर्मा, संस्थापक अध्यक्ष दिनेश मानसेरा, स्वाति कपूर कनिका वासुदेवा, रीना मानसेरा आदि मौजूद रहे।

# धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार देर शाम काठगोदाम थाना क्षेत्र के अंतर्गत धारदार हथियार से हमला करने वाले तीन आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार देर शाम नारायण सिंह धामी निवासी आवास विकास कालोनी ने काठगोदाम थाने पहुंचकर तहरीर दी गई कि कुछ लोग उनके पुत्र पर चंबलपुल के पास धारदार हथियार से गले पर जानलेवा हमला कर उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घटना की तहरीर मिलते ही पुलिस ने तुरंत मुकदमा दर्ज करते हुए तीनों हमलावरों की तलाश शुरू कर दी। देर रात्रि पुलिस ने हमला करने वाले भाष्कर गंगोला पुत्र स्व. शेर सिंह गंगोला, निवासी कुमायूँ कालोनी, दमुवाढूँगा, विजय सिंह मेहरा पुत्र प्रेम सिंह मेहरा, निवासी शर्मा बागनाथ कालोनी, काठगोदाम, लोकपाल सिंह मेहरा पुत्र चन्दर सिंह निवासी शिवपुरी जवाहर ज्योति चंबलपुल को गिरफ्तार किया। तीनों आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसआई अरुण सिंह राणा, कांस्टेबल भूपेन्द्र सिंह, मोहन जोशी आदि मौजूद रहे।

## बुजुर्ग ने फांसी लगाकर दी जान

**हल्द्वानी।** शनिवार की सुबह एक बजुर्ग ने उस समय फांसी लगाकर अपनी जान दे दी जब उनकी पत्नी अपने पोतों को स्कूल छोड़ने गई थी। सनवाल कालोनी कुसुमखेड़ा निवासी (67) तुला गिरी गोस्वामी पुत्र बिशन गिरी गोस्वामी यहां अपनी पत्नी देवकी देवी, पोतों और दूसरे नंबर के बेटे गणेश के साथ रहते थे। जबकि उनका बड़ा बेटा किशन देहरादून और छोटा बेटा योगेश दिल्ली में नौकरी करता है। गणेश ने बताया कि शनिवार की सुबह 7 बजे मां देवकी पोतों को छोड़ने स्कूल गईं थीं। इसी बीच तुला गिरी ने कमरा बंद कर फांसी लगी। उन्होंने पंखे के कुंडे से दुपट्टा कस कर फांसी लगाई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। घटना की जांच की जाएगी।

# कार के अंदर मिली बैंक्वेट हॉल स्वामी की लाश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** शनिवार की सुबह एक कारोबारी की कार के अंदर लाश मिलने से हड़कंप मच गया। पुलिस मौके पर पहुंची और देखा कि कार का एक शीशा खुला है। प्रथम दृष्टया मामला हार्ट अटैक का बताया जा रहा है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करने के बाद परिजनों को सौंप दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही कारोबारी के मौत की वजह साफ होगी।

जानकारी देते हुए कोतवाल विजय सिंह मेहता ने बताया कि शनिवार को पुलिस सीएम के कार्यक्रम से पहले चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान सुशीला तिवारी अस्पताल के बाहर आसपास के लोगों ने कार में एक व्यक्ति के बेहोश पड़े होने की सूचना दी। मौके पर जाकर कार का दरवाजा खटखटाया तो कोई प्रतिक्रिया नहीं आई। पुलिस ने कार का दरवाजा तोड़ा और स्टेयरिंग सीट पर बेहोश पड़े व्यक्ति को एसटीएच ले गए। जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित किया। मृतक की पहचान तल्ली हल्द्वानी निवासी 46 वर्षीय अरुण बिष्ट पुत्र गोपाल सिंह बिष्ट के रूप में हुई है। अंदेशा जताया जा रहा है कि हार्ट अटैक से मौत हुई होगी। पुलिस ने जब परिजनों को घटना की जानकारी दी और पूछताछ की तो पता लगा कि अरुण शुक्रवार सुबह 10 बजे घर से ऊर्जा निगम कार्यालय जाने की बात कहकर निकले थे। लेकिन इसके बाद रात को घर नहीं आए। परिजनों के कॉल करने पर अरुण का कोई जवाब नहीं मिला। अरुण पेशे से शहर के बड़े कारोबारी थे। उनका बरेली रोड में एक बैंक्वेट हॉल है। जिसे वह एक साथी के संग पार्टनरशिप में चलाते थे। पुलिस के मुताबिक पोस्टमार्टम के बाद बिसरा सुरक्षित रखा गया है।

# सीएम तक पहुंचा रामपुर रोड की जर्जर सड़कों का मामला

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** वार्ड 19 रामपुर रोड क्षेत्र के पर्वतीय मोहल्ला, गली नंबर 11 (फेस-2) में सड़कों और नालियों की जर्जर स्थिति को लेकर समाजसेवी विशाल वर्मा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को ज्ञापन सौंपा। पूर्व पार्षद प्रत्याशी



अंजलि वर्मा ने बताया कि वर्ष 2014 के बाद से क्षेत्र में सड़कों और नालियों का निर्माण नहीं हुआ है। बरसात के दौरान नालियों का गंदा पानी घरों में घुस जाता है, जिससे बीमारियों का खतरा बना रहता है। वहीं, सड़कों की खराब हालत के कारण महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को आवागमन में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है तथा दुर्घटनाओं की आशंका भी बनी हुई है। समाजसेवी विशाल वर्मा ने कहा कि लंबे संघर्ष और आंदोलन के बाद वर्ष 2014 में 37 लाख रुपये तथा वर्ष 2025 में 28 लाख रुपये की धनराशि स्वीकृत कराई गई थी। उन्होंने बताया कि क्षेत्र की समस्याओं को लेकर वह 7 दिसंबर 2024 को रामपुर रोड स्थित पानी की टंकी पर भी चढ़े थे। ज्ञापन के माध्यम से उन्होंने पर्वतीय मोहल्ला फेस-2 में सड़कों और नालियों के शीघ्र पुनर्निर्माण के लिए आवश्यक धनराशि स्वीकृत करने की मांग की है।

# डंपर ने स्कूटी सवार को मारी टक्कर, मौत, युवती घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हल्दूचौड़।** एक बार फिर लालकुआं काठगोदाम राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार को सुबह एक डंपर चालक ने एक स्कूटी सवार को टक्कर मार दी। सड़क हादसे में स्कूटी सवार की मौत हो गई जबकि स्कूटी सवार से लिफ्ट मांगकर ड्यूटी जा रही एक युवती ने गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसका उपचार सुशीला तिवारी अस्पताल में चल रहा है, और स्कूटी सवार युवक के शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों को सौंप दिया। घटना के बाद से मृतक युवक के घर में कोहराम मचा हुआ है। फिलहाल पुलिस ने अपनी ओर से कार्रवाई शुरू कर दी। जानकारी के अनुसार हिम्मतपुर निवासी 30 वर्षीय कार्तिक कांडपाल पुत्र कृष्ण नन्द कांडपाल शनिवार की सुबह अपनी स्कूटी में सवार होकर हल्दूचौड़ की तरफ जा रहा है। बताया जा रहा कि इसी दौरान रास्ते से गांव की 25 वर्षीय युवती नेहा कांडपाल अशोका लीलैंड कंपनी जाने के लिए लिफ्ट मांग ली। बताया जा रहा कि जैसे ही कार्तिक गांव की सड़क पार करते ही राष्ट्रीय राजमार्ग बेरीपड़ाव स्थित अष्टादश भुजा महालक्ष्मी मंदिर के समीप पहुंचा ही था तभी तेज गति से आ रहे डंपर संख्या यूके01-सीए-3035 ने टक्कर मार दी। सड़क हादेस में दोनो लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस व स्थानीय लोगों ने 108 की मदद से दोनो को सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर चिकित्सकों ने कार्तिक कांडपाल को मृत घोषित कर दिया जबकि युवती नेहा का उपचार चल रहा है। बताया जा रहा कि मृतक युवक अपने परिवार का इकलौता सहारा था और उसके एक पुत्र और पुत्री हैं। अचानक हुई इस दर्दनाक घटना से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है, वहीं मृतक के घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराके शव परिजनों के सुपुर्द कर मामले की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## बाघ से निजात की मांग

**हल्द्वानी।** फतेहपुर सहित जिले में बढ़ रहे बाघ के आतंक से क्षेत्रवासियों को निजात दिलाने की मांग को लेकर शनिवार को एकता जनसेवा फाउंडेशन एंटी करप्शन सेल/राष्ट्रीय मानवाधिकार के पदाधिकारियों ने एसडीएम कोर्ट पहुंचकर सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपा और शीघ्र ही समाधान की मांग की। सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपे गए ज्ञापन में संगठन ने कहा कि लामाचौड़, फहतेपुर, पनियाली क्षेत्र में बाघ का आतंक बढ़ गया है। जिससे क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। उन्होंने बाघ को पकड़ने के लिए ठोस में कार्रवाई करने की मांग की। इसके साथ ही उन्होंने जंगल के किनारे जमीन बेचने और खरीदने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाए। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश अध्यक्ष शिवम सिंह ठाकुर, प्रदेश सचिव लक्ष्मी नारायण, शशि गुप्ता, जमील कुरेशी, रोहित दिवाकर, कैलाश आर्य, लक्ष्मी देवी थे।

# शिक्षकों के अनुभवों का लाभ लें विद्यार्थी: बहुगुणा

## आम्रपाली विश्वविद्यालय ने मनाया 27वां वार्षिकोत्सव 'स्पन्दन 2026'

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** आम्रपाली विश्वविद्यालय ने 27वें स्थापना दिवस (स्पन्दन 2026) के अवसर पर 27-28 फरवरी को वार्षिकोत्सव मनाया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों द्वारा विभिन्न सांस्कृतिक और शैक्षिक गतिविधियाँ आयोजित की गईं। पहले दिन विश्वविद्यालय में कार्निवाल का आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों द्वारा विभिन्न स्टॉल लगाए गए, जिनमें संगीत, खेल, निशानेबाजी, कला, और विभिन्न पकवानों का आनंद लिया गया। साथ ही शहर के प्रतिष्ठित व्यापारिक संस्थाओं ने भी अपने स्टॉल लगाए। कार्निवाल में लकी ड्रा प्रतियोगिता के विजेता रहे



ई-स्कूटी के विजेता अभय मेहता, एलईडी टीवी के विजेता डा. विक्रम सिंह रहे। समारोह के अंतिम दिन मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस दौरान छात्रों द्वारा सरस्वती वंदना और सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी गईं। सीईओ डा. संजय ढींगरा ने विश्वविद्यालय के 27 वर्षों के योगदान पर प्रकाश डाला। मुख्य अतिथि सौरभ बहुगुणा ने विश्वविद्यालय के योगदान की सराहना करते हुए छात्रों को सफलता के लिए मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम में वर्ष 2024-25 की परीक्षा में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाले छात्रों को सम्मानित किया गया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बॉलीवुड गायक जस्सी गिल ने अपनी मशहूर प्रस्तुतियों से समां बांध दिया। विश्वविद्यालय के प्रबंधन ने इस अवसर पर कुमाऊं और उत्तराखंड के लोगों का आभार व्यक्त किया, जिनके समर्थन से संस्थान नई ऊँचाइयों तक पहुँच सका। समारोह में विश्वविद्यालय के अध्यक्ष चानन लाल ढींगरा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी डा. संजय ढींगरा, सचिव बिन्दू चावला, मंयक ढींगरा, प्रति कुलपति डा. एसके सिंह, प्रो. एमके पाण्डेय सहित कई लोग मौजूद रहे।

# पदोन्नति को लेकर शिक्षक संघ ने खड़े किए कई सवाल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्राथमिक शिक्षा के अंतर्गत 30 से 35 वर्षों की लंबी सेवा के उपरांत भी मात्र एक पदोन्नति के भरोसे चल रहे प्राथमिक शिक्षकों ने कई सवाल खड़े किए हैं। उनका कहना है कि प्राथमिक शिक्षक के रूप में नई नियुक्ति के बाद अधिकतम एक पदोन्नति प्रधानाध्यापक प्राथमिक विद्यालय अथवा सहायक अध्यापक जूनियर से ही सेवानिवृत्त हो जाता है। उत्तराखंड राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय पदाधिकारी मनोज तिवारी ने निदेशालय को प्रेषित ज्ञापन में इस विषय पर गहरा रोष



व्यक्त किया है। उनका कहना है कि समाज के सबसे महत्वपूर्ण शिक्षा जैसे विषय पर शिक्षकों के गौरव और सम्मान की पूर्णतया अनदेखी की जा रही है। संघ ने पूरे सेवा काल में एसीपी का लाभ अनुमन्य कर न्यूनतम तीन पदोन्नतियां दिए जाने की मांग की है।उन्होंने कहा प्राथमिक शिक्षा एवं शिक्षकों के हितों के लिए लंबे संघर्ष के बाद सरकार से पृथक प्राथमिक शिक्षा निदेशालय बनवाया था परंतु दुर्भाग्य का विषय है कि आज यह निदेशालय मात्र सूचनाओं के आदान-प्रदान तक सीमित हो चुका है।

# 40 साल की सेवा, रेंजर मुकुल शर्मा सेवानिवृत्त

## झोड़ा गायन के साथ भव्य समारोह में दी गई भावभीनी विदाई

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** अपनी कार्यकुशलता, ईमानदारी और कर्तव्यनिष्ठा से विभाग और समाज में एक महत्वपूर्ण पहचान बनाने वाले वन क्षेत्राधिकारी मुकुल चन्द्र शर्मा को शनिवार को सेवानिवृत्ति पर भावभीनी विदाई दी गई। वन विभाग में 40 वर्षों तक अपनी सेवा पूरी करने पर एक सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं और स्थानीय ग्रामीणों ने भाग लिया। समारोह में वक्ताओं ने कहा कि मुकुल चन्द्र शर्मा ने अपने कार्यकाल के दौरान न केवल अपनी



जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन किया, बल्कि विभाग और आम जनता के बीच एक मजबूत सेतु का काम भी किया। उनकी सादगी, व्यवहार कुशलता और जनहित के प्रति समर्पण को हमेशा याद किया जाएगा। इस दौरान वन क्षेत्राधिकारी मुकुल चन्द्र शर्मा ने कहा मैं समाज और जनता की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहूंगा। भले ही आज राजकीय सेवा सेवानिवृत्त हो रहा हूं, लेकिन मेरा जनहित में कार्य करने का संकल्प निरंतर जारी रहेगा। भावुक माहौल में कार्यक्रम का समापन हुआ, जहां सभी ने उनके जनहित में किए गए कार्यों को याद किया और उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम में वन विभाग के अधिकारी आनंद प्रकाश, अभय जोशी सहित जनप्रतिनिधियों में पूर्व ज्येष्ठ प्रमुख हिमांशु पांडे, क्षेत्र पंचायत सदस्य मनोज चनियाल, मनमोहन सिंह, वन सरपंच चंद्रा आर्या, कमलेश जीना और रानी कोटलिया आदि मौजूद रहे।

# सिंथिया स्कूल में होल मिलन समारोह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** रंगों के पर्व होली का स्वागत करते हुए सिंथिया सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शिक्षकों ने हर्षोल्लास के साथ होली मिलन कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर शिक्षकों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली के गीतों पर नृत्य किया और जीवन को हर रंग में खुशियों से सराबोर रखने का संदेश दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य डा. प्रवीन्द्र कुमार रौतेला ने सभी शिक्षकों, विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को होली पर्व की शुभकामनाएं देते हुए सर्वमंगल की कामना की। उन्होंने कहा कि होली का पर्व आपसी प्रेम, सौहार्द और सामाजिक समरसता को मजबूत करने का प्रतीक है। प्रधानाचार्य ने सभी से इको-फ्रैंडली होली मनाने का आह्वान करते हुए रासायनिक रंगों के प्रयोग से बचने और प्राकृतिक रंगों को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर सुरेश चंद्र मिश्रा, महेश जोशी, वरिष्ठ कोऑर्डिनेटर प्रदीप मित्रा, एसएस कपकोटी, ऋचा कर्नाटक, त्रिभुवन जोशी, कोमल बिष्ट, शीला बिष्ट, नीमा पांडेय, धनेश्वरी, रीना कार्की, उदिता पांडेय, आईडी जोशी, प्रकाश शर्मा, रुचिता पांडेय, दीपक जोशी, सुनीता पांडेय, मंजू जोशी, वीएस बजेठा, बीसी सती, नेहा बिष्ट, पुष्पा उप्रेती, केसी पंत, पुष्कर राजपूत आदि मौजूद रहे।

# क्रिकेटर के पुराने सितारे हल्द्वानी में दिखाएंगे जलवा

## 11, 12 और 14 मार्च को होगी लेजेंड्स लीग क्रिकेट प्रतियोगिता

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** एक बार फिर क्रिकेट प्रेमियों के लिए बड़ी खुशखबरी है। लेजेंड्स लीग क्रिकेट (एलएलसी) के अब तक के सबसे बड़े सीजन का

**11 भाषाओं में 13 चैनलों पर किया जाएगा लीग का प्रसारण**

आगाज इस बार हल्द्वानी से होने जा रहा है। 11, 12 और 14 मार्च को गौलापार स्थित अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में तीन हाई-प्रोफाइल मुकाबले खेले जाएंगे। इस संबंध में नैनीताल रोड स्थित एक होटल में शनिवार को लीग के को-फाउंडर रमन रहेजा ने पत्रकार वार्ता करते हुए




इस बात का दावा किया है कि इस टूर्नामेंट के जरिए क्रिकेट प्रेमियों को एक बार फिर अपने पुराने नायकों को मैदान पर चौके-छक्के लगाते देखने का अवसर मिलेगा। रमन रहेजा ने बताया कि हल्द्वानी में होने वाले शुरुआती मैचों में 11 देशों के क्रिकेट लेजेंड्स में प्रतिभाग करेंगे। इस मैच में भारतीय सितारों में माने जाने वाले सुरेश रैना, दिनेश कार्तिक, इरफान पठान और एस. श्रीसंत शामिल होंगे, तो वहीं अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों में कार्लोस ब्रैथवेट, थिसारा परेरा और असगर अफगान जैसे ग्लोबल स्टार्स अपना जलवा बिखेरेंगे। यह सीजन का शुरुआती चरण होगा, जिसके बाद देश के चार अन्य शहरों में 16 और मैच आयोजित किए जाएंगे। आयोजकों ने दावा किया कि यह सीजन खेल के साथ-साथ प्रसारण के लिहाज से भी ऐतिहासिक रहेगा। लीग का प्रसारण दुनिया के 100 से अधिक देशों में किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मैचों का प्रसारण अंग्रेजी में होगा, जबकि भारत में 13 चैनलों पर 11 अलग-अलग भाषाओं में मुकाबलों का सीधा प्रसारण किया जाएगा। स्थानीय दर्शकों के उत्साह को देखते हुए टिकटों की शुरुआती कीमत 499 रुपये रखी गई है। उन्होंने कहा हमारा विजन टॉप-क्वालिटी क्रिकेट को देश के उन शहरों तक ले जाना है, जो अब तक ऐसे बड़े आयोजनों से वंचित रहे हैं। लेजेंड्स लीग क्रिकेट खेल की विरासत का सम्मान करने और फैंस को उनके नायकों के करीब लाने का एक माध्यम है।

# गौजाजाली में पेयजल किल्लत, प्रदर्शन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** गौजाजाली उत्तर वार्ड-59 में पिछले एक सप्ताह से पेयजल किल्लत से जूझ रहे लोगों का गुस्सा फूट पड़ा और पेयजल किल्लत की समस्या का शीघ्र ही निस्तारण करने की मांग को लेकर दर्जनों क्षेत्रवासी स्थानीय पार्षद रईस अहमद गुड्डू के नेतृत्व में शनिवार को उत्तराखंड पेयजल निगम के कार्यालय पहुंचे और एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया। क्षेत्रवासियों ने कहा अगर शीघ्र ही पेयजल की समस्या का समाधान नहीं हुआ तो वह मंगलवार को अनिश्चितकालीन धरने का ऐलान किया। धरना प्रदर्शन के दौरान पार्षद रईस अहमद गुड्डू ने कहा कि पिछले एक सप्ताह से शनिबाजार स्थित ट्यूबवेल खराब पड़ा है। लेकिन विभागीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। उन्होंने कहा रमजान व होली पर्व का त्यौहार चल रहा है। त्यौहारों के समय क्षेत्रवासी पानी के लिए तरस रहे है।



गुड्डू ने कहा कि ट्यूबवेल को ठीक कराने के लिए कई बार विभागीय अधिकारी सहित ठेकेदार को अवगत करा चुके है लेकिन एक सप्ताह बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा अभी तक ट्यूबवेल को ठीक नहीं कराया। जिसके चलते क्षेत्र की जनता को मजबूरन धरने में बैठना पड़ रहा है। उन्होंने कहा एक्शन ज्योति, ऐई श्री रावत सहित ठेकेदार से वार्ता की गई जिसके बाद विभाग ने सोमवार को पेयजल सुचारू किए जाने का आश्वासन दिया। धरने में पार्षद रईस अहमद गुड्डू, त्रिलोक सिंह, खालिद हुसैन, राम सुंदर पंडित, मोहम्मद फैसल, मनोज साहू जयप्रकाश साहू, आसाराम, मनोज सागर, दीपक कुमार, संतोष कुमार, मोहम्मद हनीफ, सरफराज, मोहम्मद जियाद, मोहम्मद इकबाल, अलाउद्दीन अंसारी एहतेशाम, फिरोज खान, शराफत इसरार, फरमान अंसारी, आरिफ अहमद, एमएस जेदी सहित कई लोग मौजूद रहे।

शाह टाइम्स

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं कृष्णा लोहा भण्डार, प्रथम तल काला ढुंगी रोड, हल्द्वानी (उत्तराखंड) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎05946-250286
**मुख्यालय:**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. UTTHIN/2003/10264
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# प्रशिक्षण नेतृत्व निखारने का महत्वपूर्ण माध्यम: अजय

## प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की नीतियों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का जरिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** शनिवार को उत्तरकाशी भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष उत्तरकाशी की अध्यक्षता में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का पार्टी कार्यालय ज्ञानसू में जिला कार्य योजना बैठक संपन्न हुई। इस कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में प्रदेश महामंत्री संगठन अजय कुमार , जिला प्रभारी नवीन ठाकुर सह प्रभारी विनोद रतूड़ी मौजूद रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलित कर मुख्य वक्ता प्रदेश संगठन महामंत्री अजय कुमार अपने संबोधन में कहा कि प्रशिक्षण नेतृत्व को निखारने का एक महत्वपूर्ण माध्यम है। इसके द्वारा व्यक्ति को पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाता है ,और उसे राष्ट्र सेवा के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन में निरंतर सीखते रहना आवश्यक है, क्योंकि जो सीखता है, वही अंततः सफल होता है।





उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम पार्टी की नीतियों, रीति-रिवाजों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने का एक जरिया है। जो व्यक्ति के व्यक्तित्व को निखारती है। और उसे कुशल बनाती है। उन्होंने कहा कि भाजपा केवल सरकार चलाने के लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की प्रतिबद्धता के साथ काम करती है। उनके अनुसार, व्यक्ति के निर्माण से संगठन और संगठन के निर्माण से ही राष्ट्र का निर्माण होता है। इस दौरान जिला अध्यक्ष नागेंद्र चौहान ने कहा भाजपा एक कार्यकर्ता-आधारित पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पद से पहले राष्ट्र को प्राथमिकता देते हैं। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बन गई है। पार्टी के 11 करोड़ 57 लाख सदस्य हैं। उनके अनुसार, भाजपा के शासनकाल में भारत विश्व की चौथी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बन गया है। इस अवसर पर गंगोत्री विधायक सुरेश चौहान दायित्व धारी रामसुंदर नौटियाल ,जगत सिंह चौहान,पूर्व विधायक विजयपाल सिंह सजवाण, प्रदेश उपाध्यक्ष स्वराज विद्वान , जिला उपाध्यक्ष हरीश डंगवाल, जिला महामंत्री महावीर नेगी परशुराम जगूड़ी ब्लॉक प्रमुख राजदीप सिंह परमार ,ममता पवार ,रणदेव सिंह राणा सभी मण्डलों के मण्डल अध्यक्ष सभी मोर्चों के जिला अध्यक्ष, सुधा गुप्ता पूनम रमोला विजयपाल सिंह मखलोगा,कुशाल सिंह नेगी ,ललिता सेमवाल ,विनीता रावत, मीडिया प्रभारी राजेंद्र सिंह गंगाडी सहित सैकड़ों पदाधिकारी वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद थे।

## होली पर्व प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक: कंडारी

**श्रीनगर।** सरस्वती विद्या मंदिर मढ़ी चौरास में आयोजित होली मिलन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर लोक गायक सौरभ बहुगुणा एवं प्रतीक्षा बमराड़ा ने एक से बढकर एक गीतों कि प्रस्तुतियां देकर सबको नाचने को मजबूर कर दिया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि देवप्रयाग विधानसभा के विधायक विनोद कंडारी ने लोगों के साथ फूलों की होली खेली। मौके पर उन्होने कहा कि होली आपसी प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक पर्व है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में एकता और सामंजस्य की भावना मजबूत होती है। उन्होंने सभी से पर्यावरण के प्रति सजग रहते हुए प्राकृतिक रंगों से होली मनाने की अपील की। मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष कीर्तिनगर डॉ. राकेश मोहन मैठानी, व्यापार सभा अध्यक्ष दिनेश असवाल सहित आदि मौजूद थे।

## आज पूरे प्रदेश में बना हुआ है अराजकता का माहौल: गोदियाल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर निगम श्रीनगर अपर बजार स्थित सर्राफ धर्मशाला में भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की ओर से अवकाश प्राप्त कर्मचारी सम्मान समारोह एवं होली मिलन कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष गणेश गोदियाल ने होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अवकाश प्राप्त कर्मचारियों ने सरकारी नौकरी कर देश के लिए सची सेवा की है। कहा कि जीवन की सबसे बड़ी पाठशाला ही जीवन ही है। जीवन में कोई भी कार्य करना है तो अर्तमआत्म से पुछने के बाद ही करना चाहिए। गोदियाल ने कहा कि देश में एक ऐसे सरकार राज कर रही जिससे हर किसी के अंदर का डर का महौल बना हुआ है। पूरे प्रदेश में आरजतका का महौल बना हुआ है। यदि कोई भी सरकार के खिलाफ आवाज उठा रहें है, उनके लिए षडयंत्र के तहत कार्यवाही की जा रही है, जो लोकतंत्र की हत्या

**■ श्रीनगर में अवकाश प्राप्त कर्मचारी सम्मान समारोह आयोजित**

करने जैसा है। अवकाश प्राप्त कर्मचारी विकास संगठन के अध्यक्ष सुरेंद्र चन्द्र मैठाणी ने कहा कि संगठन की स्थापना 16 अक्टूबर 1984 को हुई थी। स्थापना काल से ही संगठन सामाजिक सरो. कारों से जुड़े विविध जनोपयोगी कार्यों में संलग्न रहा है। उन्होंने बताया कि संगठन को पूर्व मुख्यमंत्री बीसी खंडूड़ी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष मोहन लाल जैन जैसे वरिष्ठ जनों का मार्गदर्शन एवं सहयोग प्राप्त हुआ। उन्होंने सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए गोल्डन कार्ड योजना में अधिकाधिक छूट प्रदान किए जाने की भी मांग रखी। पूर्व आईएएस अधिकारी सुन्दर लाल मुयाल ने कहा कि उत्तराखंड का समग्र विकास निष्ठावान एवं प्रतिबद्ध नेतृत्व के माध्यम से ही संभव है।

## अवैध शराब के साथ एक युवक गिरफ्तार

**श्रीनगर।** कोतवाली कीर्तिनगर पुलिस ने अवैध शराब के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक संजय मिश्रा ने बताया कि चेकिंग के दौरान मढी पुल पर एक व्यक्ति को संदिग्ध अवस्था में रोका गया। तलाशी लेने पर उसके कब्जे से 52 पव्वे अवैध अंग्रेजी शराब बरामद हुई। बताया कि संजय सिंह (52) ग्राम मंगसू पट्टी, चौरास, कीर्तिनगर को गिरफ्तार किया गया है। युवक के खिलाफ अग्रीम कार्यवाही की जा रही है। पुलिस टीम में अपर उप निरीक्षक दीपेंद्र रावत, प्रदीप, हरीश चन्द सहित आदि मौजूद थे।

# केदारनाथ हाईवे के तिलवाड़ा में बुलडोजर पर उठे सवाल

**■ रसूखदारों को पनाह, गरीबों पर कार्रवाई, स्थानीय लोगों में उबाल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** तिलवाड़ा में केदारनाथ हाईवे पर चल रही अतिक्रमण हटाओ मुहिम अब विवादों के घेरे में है। बुलडोजर की कार्रवाई भले ही तेज दिख रही हो, लेकिन स्थानीय लोगों का आरोप है कि यह कार्रवाई पूरी तरह निष्पक्ष नहीं है। रसूखदारों और सत्ताधारी नेताओं से पहचान रखने वालों के अतिक्रमण सुरक्षित हैं, जबकि गरीब और सामान्य लोगों पर सख्ती दिखाई जा रही है।



स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कई वर्षों से कुछ लोगों ने मुआवजा खाने के बाद भी एनएच की भूमि पर कब्जा जमा रखा है। यहां तक कि सरकारी मुआवजा लेने के बाद भी दोबारा अतिक्रमण कर लिया गया, लेकिन विभागीय अभियंताओं और प्रशासन ने आंखें मूंद लीं हैं। वहीं जिन लोगों की कोई राजनीतिक या विभागीय पहुंच नहीं है, उनके खिलाफ बुलडोजर बेरोकटोक चल रहा है।

सूत्रों के अनुसार, तथाकथित जनप्रतिनिधियों और सत्ताधारी पार्टी नेताओं की आड़ में अतिक्रमण को संरक्षण दिया जा रहा है। आरोप है कि एनएच खंड और तहसील प्रशासन के कुछ अधिकारी भी इस मिलीभगत में शामिल हैं। पिछले दो-तीन वर्षों में कई जिलाधिकारी और एनएच के अधिशासी अभियंता बदले, लेकिन कार्रवाई का पैटर्न नहीं बदला। हर बार दबाव की चर्चा सामने आती रही हैं।

नवनियुक्त जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने हाल ही में तिलवाड़ा में अतिक्रमण हटाने के स्पष्ट निर्देश दिए थे, लेकिन जमीनी स्तर पर भेदभाव के आरोप थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि अतिक्रमण हटाना है तो सभी पर समान रूप से कार्रवाई होनी चाहिए, न कि पहचान और प्रभाव के आधार पर। क्षेत्र में आक्रोश का माहौल है। लोगों का कहना है कि यदि निष्पक्ष कार्रवाई नहीं हुई तो यह नाराजगी कभी भी बड़े आंदोलन का रूप ले सकती है।

**चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण करने पर होगी कठोर कार्रवाई:** जिलाधिकारी विशाल मिश्रा ने स्पष्ट किया कि तिलवाड़ा में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई लगातार जारी है। कुछ लोगों ने स्वयं अतिक्रमण हटाने के लिए एक सप्ताह का समय मांगा है। इसके बावजूद यदि निर्धारित समय में अतिक्रमण नहीं हटाया गया तो संबंधित व्यक्तियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### एक नजर .......

## गढ़वाल विवि में पीएचड़ी में प्रवेश के लिए आवेदन आज से

**श्रीनगर।** हेमवमी नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि की सत्र 2025-26 में पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गये है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव अनीस-उज-जमाल ने नोटिफिकेशन जारी करते हुए कहा कि गढवाल विवि में सत्र 2025-26 के लिए पीएचडी प्रवेश परीक्षा के लिए 1 मार्च से ऑनलाइन फार्म भरे जायेंगे। बताया कि 15 मार्च को आवेदन फार्म भरने की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। जबकि साक्षात्कर की तिथि सम्बंधित विभागों द्वारा निर्धारित की जायेगी। उन्होने बताया कि प्रवेश सम्बंधित जानकारी गढ़वाल विवि की वेबसाइट से ली जा सकती है।

## कोठार पाली गोदी मोटर मार्ग की स्थिति सुधारने की मांग

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर अंतर्गत कोठार-पाली-गोदी मोटरमार्ग पर व्याप्त समस्याओं के समाधान की ग्रामीणों ने मांग की है। इस संबंध में जिला पंचायत सदस्य थाती डागर अंजली ने पीएमजीएसवाई कीर्तिनगर के सहायक अभियंता को पत्र भेजकर शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। जिला पंचायत सदस्य अंजली ने कहा कि पीपलीधार और धाल्डा नामी बैंड पर पुश्तों का निर्माण अत्यंत आवश्यक है। वर्तमान में सुरक्षा व्यवस्था के अभाव में दुर्घटना की आशंका बनी हुई है। उन्होंने बताया कि कोठार गांव में सड़क पर पक्की नालियां नहीं बनाई गई हैं, जिससे बरसात के दौरान पानी सड़क पर बहता है और आवागमन में भारी दिक्कतें आती हैं। वहीं सड़क से मलबा गिरने के कारण कई स्थानों पर अव्यवस्था बनी हुई है, जिससे ग्रामीणों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। सामाजिक कार्यकर्ता महिपाल सिंह बुटोला एवं कमल सिंह जाखी ने सड़क कटिंग एवं अन्य मदों का मुआवजा अब तक न दिए जाने पर भी रोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि विभाग की ओर से समस्याओं के समाधान में लापरवाही बरती जा रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र विभागीय कार्रवाई नहीं की गई तो ग्रामीणों के साथ आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

## कीर्तिनगर और हिंडोलाखाल ब्लाक में केवी खोले जाने की मांग

**श्रीनगर।** देवप्रयाग विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को लेकर गढ़वाल विवि के पूर्व छात्र संघ महामंत्री एवं पूर्व प्रदेश मंत्री ऋतांशु कंडारी ने गढ़वाल सांसद अनिल बलूनी से मुलाकात कि। इस दौरान उन्होंने कीर्तिनगर एवं हिंडोलाखाल में केंद्रीय विद्यालय खोले जाने, देवप्रयाग और कीर्तिनगर ब्लाक में आर्मी कैंटीन खोले जाने एवं संकुण्ड ग्रामसभा के जितेंद्र रावत के परिजनों को आर्थिकी सहायता दिए जाने की मांग की है। कहा कि मांगों को लेकर विगत लम्बे समय से संघर्षरत है। उन्होंने गढ़वाल सासंद अनिल बलूनी से देवप्रयाग विधानसभा की समस्याओं का जल्द निस्तारण किए जाने की मांग की है।

## दुकानों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी

**रुद्रप्रयाग।** बाल एवं किशोर श्रम उन्मूलन अभियान के तहत जिला टास्क फोर्स ने शनिवार को जनपद के बांसबाड़ा क्षेत्र में सघन चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान टीम ने विभिन्न दुकानों, ढाबों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों पर छापेमारी कर बाल श्रम की स्थिति का जायजा लिया।

अभियान का नेतृत्व कर रहे श्रम प्रवर्तन अधिकारी ने प्रतिष्ठान स्वामियों को सख्त चेतावनी दी कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम कराना संगीन अपराध है। पकड़े जाने पर भारी जुर्माने के साथ जेल का भी प्रावधान है। टीम ने मौके पर मौजूद लोगों और व्यापारियों को बाल श्रम कानून की विस्तृत जानकारी देते हुए बच्चों को शिक्षा से जोड़ने की अपील की। इस संयुक्त रेस्क्यू टीम में चाईल्ड हेल्पलाइन के परियोजना समन्वयक, जिला बाल संरक्षण इकाई (डीसीपीयू) के सदस्य और बाल कल्याण समिति (सीडब्लूसी) के पदाधिकारी मुख्य रूप से शामिल रहे। विभाग ने स्पष्ट किया कि भविष्य में भी इस तरह के औचक निरीक्षण जारी रहेंगे ताकि जनपद को बाल श्रम मुक्त बनाया जा सके।

# सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ एचपीवी टीकाकरण अभियान शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुद्रप्रयाग।** सर्वाइकल कैंसर के खिलाफ राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान के तहत जनपद रुद्रप्रयाग जिला चिकित्सालय में आयोजित कार्यक्रम में एचपीवी टीकाकरण अभियान का शुभारंभ हो गया। अभियान के तहत जनपद में 14 वर्ष की 2,282 लड़कियों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।




जिला चिकित्सालय में मुख्य अतिथि स्थानीय विधायक भरत सिंह चौधरी की मौजूदगी में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री द्वारा अजमेर राजस्थान से शुभारंभ किए गए उक्त अभियान के उद्घाटन कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर विधायक भरत सिंह चौधरी ने कहा कि सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर लगातार संवदेनशील है, इसी का नतीजा है कि गर्भाशय कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से निपटने के लिए एचपीवी राष्ट्रव्यापी टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने लक्षित आयु वर्ग की लड़कियों का टीकाकरण करवाने की अपील की है।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ राम प्रकाश ने कहा कि अभियान के तहत 14 साल की लड़कियों को नि:शुल्क एचपीवी वैक्सीन लगवाई जाएगी। बताया कि जनपद में लक्षित आयुवर्ग की 2282 लड़कियों के टीकाकरणक का लक्ष्य रखा गया हे, जिसमें अगस्त्यमुनि ब्लाक में 1055, जखोली ब्लाक में 855 व ऊखीमठ ब्लाक में 372 लड़कियां शामिल हैं। इस मौके पर सीएमएस डॉ. शैलेंद्र द्विवेदी, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सीमा टेकचंदानी, डॉ. मनीष, डीपीएम हिमांशु नौडियाल, एएनएम स्वाती उनियाल, गीता खन्ना, मीरा राणा, यशवंत राणा, जयवीर बिष्ट आदि मौजूद रहे। संचालन बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. मोनिका राणा द्वारा किया गया।

## रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली में जमकर थिरके होल्यार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** विकासखंड कीर्तिनगर के अंतर्गत रानीहाट में पारंपरिक बैठकी होली का भव्य आयोजन हर्षोल्लास के साथ किया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र के होल्यारों एवं स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पहाड़ की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को जीवंत किया।बैठकी होली में पारंपरिक होली गीत मत मारो मोहन पिचकारी, मेरा भोला बैठूं छः डांडा, भोलेनाथ दिगम्बर तथा जल कैसे भरू यमुना गहरी की सुरमयी प्रस्तुतियों ने समूचे वातावरण को

**■ मेरा भोला बैठूं छः डांडा सहित अन्य प्रस्तुतियों ने बांधा समा**

भक्तिमय और रंगमय बना दिया। ढोल, दमाऊं, हुड़का और हारमो. नियम की मधुर ताल पर होल्यार देर तक थिरकते रहे। वीरेंद्र रतूड़ी ने कहा कि बैठकी होली केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि पहाड़ की समृद्ध लोकसंस्कृति और एकता की पहचान है। यह परंपरा पीढ़ी दर पीढ़ी सांस्कृतिक मूल्यों को आगे बढ़ाने का माध्यम रही है।

## चमोली रॉयल और एसआर ऋषिकेश फाइनल में पहुंचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** एनआईटी मैदान श्रीनगर में आयोजित क्रिकेट प्रतियोगिता के दोनों सेमीफाइनल मुकाबले रोमांचक रहे, जिनमें चमोली रॉयल और एसआर ऋषिकेश ने जीत दर्ज कर फाइनल में प्रवेश किया।

शनिवार को पहला सेमीफाइनल चमोली रॉयल और पौड़ी किंग के बीच खेला गया, जिसमें चमोली रॉयल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 143 रन बनाए। चमोली की ओर से सर्वाधिक 21 रन आर्यन गोदियाल ने बनाए। पौड़ी किंग की तरफ से मोहित रावत और योगेश मेहर ने

**■ एनआईटी खेल मैदान में चल रही क्रिकेट प्रतियोगिता**

2-2 विकेट लिए।

लक्ष्य का पीछा करने उतरी पौड़ी टीम 126 रन पर ऑल आउट हो गई। पौड़ी की ओर से विकास ने 22 रन बनाए, जबकि चमोली के लिए अभय छेत्री, प्रियंक और नेनवाल ने 3-3 विकेट लिए। चमोली रॉयल ने मुकाबला जीतकर फाइनल में प्रवेश किया। इस मैच में अभय छेत्री को मैन ऑफ द मैच चुना गया।

# बौंगाणी बोली के संरक्षण की कवायद तेज, दून में बैठक संपन्न

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** सीमांत जनपद की बौंगाणी बोली के संवर्धन और संरक्षण के उद्देश्य से ष्बौंगाण औनि बौंगाणीष समूह द्वारा एक गरिमामयी खुमळि (बैठक) का देहरादून में आयोजन किया गया। यह आयोजन प्रख्यात समाज सुधारक सुरेंद्र सिंह रावत 'सुराह' की जयंती के शताब्दी वर्ष पूरे होने पर संपन्न हुआ।




कार्यक्रम में वक्ताओं ने ष्सुराहष जी के विराट व्यक्तित्व और उनके समाज सुधार कार्यों पर प्रकाश डाला। सुराह जी ने आजीवन मद्यनिषेध (नशा-मुक्ति) और मंदिरों में प्रचलित निर्दोष जीवों की बलि जैसी कुरीतियों के विरुद्ध साहसपूर्वक आवाज बार-बार उठाई थी। अनेक विरोधों और कठिनाइयों के बावजूद वे सत्य, संवेदना और जागरूकता के मार्ग पर अडिग रहे। उनकी दूरदर्शिता और प्रखर चिंतन के कारण ही उन्हें स्नेहपूर्वक 'सुराह' नाम दिया गया। सुराह जी पहले व्यक्ति थे जिन्होंने बौंगाणी बोली के लिखे हुए रूप को पहचान दिलाई । यह काम उन्होंने आज से 55 वर्ष पूर्व कर दिया था ।

सुराह जी ने अपने ईष्ट देव महासू देवता की आरती बौंगाणी भाषा में लिखकर भाषा और भक्ति को एक सूत्र में पिरोया। उनके प्रयासों से मंदिरों में बलि प्रथा पर काफी हद तक रोक लगी और समाज में नई चेतना का संचार हुआ।

खुमळि की एक विशेष बात यह रही कि इसमें शामिल सभी लोगों ने बौंगाणी भाषा के पहले रेडियो कार्यक्रम को एक साथ सुना । ष्हैलो हल्द्वानीष रेडियो द्वारा सीधा प्रसारित हुए इस कार्यक्रम में बौंगाणी रचनाकारों ने अपनी लिखी कविताएँ सुनायीं थी।

रचनाकारों में मुख्य नाम मदन सिंह चौहान (कौळीच), प्रेम दत्त नौटियाल, हीरा लाल, देवेन्द्र दत्त नौटियाल (डौगुलि), बलबीर सिंह रावत, नेहा बौंगाणी (मौइंजौणी), डॉ.भजन सिंह चौहान (चिउँकै) और ललिता रावत (कोटी-बौनाळ).

इस अवसर पर आर. पी. विशाल, कार्यक्रम में ष्बौंगाण औनि बौंगाणीष समूह की उस टीम के सदस्यों की सराहना की गई, जिनके अथक प्रयासों से बौंगाणी भाषा की पहली प्रकाशित पत्रिका "इजाज" का प्रकाशन संभव हुआ।

### पीड़ा: 21वीं सदी में भी सड़क-स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का अकाल, विकास के दावों की खुल रही कलई

# विधानसभा पुरोला के हाल: मरीजों को डंडी-कंडी से पड़ रहा ढोना

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरोला/उत्तरकाशी।** जनपद की पुरोला विधानसभा का सुदूरवर्ती क्षेत्र ग्राम पंचायत सांखाल एक बार फिर सिस्टम और नेताओं के विकास के तमाम दावों की कलई खोलने के लिए मोरी के सटूडी गांव के बाद, सांखाल गांव की घटना काफी है। जहां की बीमार महिला को पांच किलोमीटर दूर तक ग्रामीण ने मानवता की मिसाल पेश कर कंडी डंडी के सहारे अस्पताल पहुंचाया।

गौरतलब है कि 21वीं सदी में जब 5और 6 जी के डिजीटल युग में भी इस गांव तक सड़क नहीं पहुंच पाई है और ग्रामीण आज भी बीमार मरीजों को कंधों व डंडी -कंडी पर उठाकर अस्पताल पहुंचाने को मजबुर हैं। ताजा मामला सांखाल गांव की महिला इन्द्रि देवी, पत्नी स्वर्गीय बादरु का है, जिनकी अचानक तबीयत बिगड़ गई। आपात स्थिति में एम्बुलेंस या सड़क की सुविधा नहीं होने के कारण ग्रामीणों ने मानवता की मिसाल तो पेश की, लेकिन व्यवस्था की बेरुखी भी उजागर हो गई। ग्रामीणों ने महिला को पैदल डंडी-कंडी के सहारे गांव से करीब पांच किलोमीटर नीचे घेडिया बैंड सड़क मार्ग तक पहुंचाया। वहां से निजी वाहन के माध्यम से बर्नीगाड लाया गया। इसके बाद 108 एम्बुलेंस से मरीज को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नौगांव पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने महिला की हालत गंभीर बताते हुए तत्काल दून अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। यह केवल एक महिला की कहानी नहीं है, बल्कि पूरे सांखाल की सच्चाई है। यहां आज भी सड़क, स्वास्थ्य सुविधा और त्वरित आपात सेवा ग्रामीणों के लिए सपना बनी हुई है। विकास के नाम पर बड़ी-बड़ी घोषणाएं और दावे जरूर किए जाते हैं और जनता को विधानसभा के जनप्रतिनिधि प्रदेश के सीएम से भी अधिक विकास के झूठे दावों से रिझाने की कोशिश भी कर रहें हैं। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि लोगों की जिंदगी आज भी भगवान भरोसे छोड़ी गई है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब किसी गर्भवती महिला, बुजुर्ग या गंभीर मरीज को समय पर अस्पताल न मिल पाए, तो ऐसे विकास का क्या अर्थ है? तस्वीरें साफ बता रही हैं कि दूरस्थ गांवों में न सड़क पहुंची है और न ही भरोसेमंद स्वास्थ्य व्यवस्था। आज भी बीमार को कंधों पर ढोना पड़े, तो यह केवल विफलता नहीं, बल्कि उन खोखले वादों की खुली पोल है।



# लिवाड़ी गांव में अस्पताल बीमार, एलोपैथिक अस्पताल बिना डॉक्टर व फार्मासिस्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**उत्तरकाशी।** जनपद के मोरी विकासखंड के सुदूरवर्ती लिवाड़ी गांव में स्थित राजकीय एलोपैथिक पांच गांवों का अस्पताल वर्षों से से खूद बेमार है। अस्पताल बिना डॉक्टर व फार्मासिस्ट के कारण ग्रामीणों को सामान्य बीमारियों बुखार, पेटदर्द की दवा के लिए भी करीब 60-70 किलोमीटर दूर मोरी की दौड़ लगानी पड़ती है।

स्थानीय ग्रामीणों ने अस्पताल खुलने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं मिलने की उम्मीद जगी थी। लेकिन शासन-प्रशासन की अनदेखी के चलते अस्पताल का संचालन नियमित नहीं हो पाया और अब स्थिति यह है कि भवन एक छोटे से किराये के कमरे में राम भरोसे है तथा दवाइयों की आपूर्ति भी बंद हो चुकी है। मामले में मोरी के चिकित्साधिकारी डॉ. नितेश रावत का कहना है कि लिवाड़ी में तैनात डॉक्टर पीजी कोर्स के लिए चले गए हैं, जिसके कारण अस्पताल फिलहाल खाली है। हालांकि, उन्होंने शीघ्र ही व्यवस्था बहाल करने का आश्वासन दिया। बता दें कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार में पर्वतीय विकास मंत्री रहे दिवंगत पूर्व मंत्री बर्फिया लाल जुवाठा की दूरदर्शी सोच से वर्तमान विधायक के पड़ोसी गाँव लिवाड़ी में जनभावनाओं को समझते हुए एक एलोपैथिक अस्पताल की नींव रखी गई थी, वहीं वर्तमान समय में उसकी स्थिति अत्यंत दयनीय है। आज तक न तो उस अस्पताल को अपना भवन मिल पाया है और न ही विकास की बड़ी-बड़ी बातें करने वाले नेताओं ने वहाँ डॉक्टर, फार्मासिस्ट सहित अन्य आवश्यक स्टाफ की नियुक्ति करवाई है।

**■ पुरोला विधायक के पड़ोसी ग्राम पंचायत के राजकीय एलोपैथिक अस्पताल का हाल**

# सीएम ने हल्द्वानी को दी 147 करोड़ की योजनाओं की सौगात

## मुख्यमंत्री धामी ने किया 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शनिवार को सुशीला तिवारी राजकीय मेडिकल कॉलेज, हल्द्वानी में आयोजित कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए 147 करोड़ 28. 56 लाख की 40 विकास योजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया, जिसमें 72 करोड़ 38 लाख की लागत से 23 योजनाओं का लोकार्पण तथा 74 करोड 90 लाख 56 हजार की लागत से 17 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकार्पण एवं शिलान्यास की गई योजनाओं से नैनीताल जिला विकास की नई रफ्तार से आगे बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विकसित उत्तराखंड बनाने की ओर तीव्रता से कार्य कर रही है। राज्य प्रत्येक क्षेत्र में निरंतर प्रगति कर रहा है। राज्य सरकार द्वारा लिए गए कई ऐतिहा. सिक निर्णय अन्य राज्यों के लिए भी प्रेरणा बन रहे हैं।



हल्द्वानी-काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना का किया गया भूमि पूजन

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार विकास के साथ.साथ विरासत को भी आगे बढ़ा रही है। उन्होंने कहा कि हमारा एकमात्र लक्ष्य उत्तराखंड को आगे बढ़ाना है, जिस पर हम संकल्पित होकर कार्य कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में समान नागरिक संहिता, सख्त नकल.विरोधी कानून, धर्मांतरण कानून जैसे कई ऐतिहासिक निर्णय लिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपने संकल्प को दोहराते हुए कहा कि राज्य की संस्कृति, विरासत और पवित्रता से किसी को भी खिलवाड़ नहीं करने दिया जाएगा।

### इन 16 योजनाओं का हुआ शिलान्यास

मुख्यमंत्री ने जिन 16 योजनाओं का शिलान्यास किया, उनमें कसियालेख से धारी मोटर मार्ग, रानीबाग.खुटानी, चाफी.पदमपुरी. धानाचुली, मोतियापाथर.शहरफाटक मार्ग सुधारीकरण, नैनीताल के अनावासीय भवन निर्माण, भेंटी.दियारी.खोली मोटर मार्ग, नशा मुक्ति केंद्र पाण्डे नवाड़ मरम्मत एवं कार्य, नवाबी रोड सीवरेज कार्य, सीवरेज 28 एमएलडी एसटीपी निर्माण, नारीमन तिराहे से गौलापुर तक सड़क मरम्मत, देवरामपुर.गौलागेट सड़क सुधारीकरण, हल्दूचौड़.गौलारोड डीबीएमसी कार्य, चांदनी चौक.घुड़दौड़ तक मार्ग सुधारीकरण, पीपल पोखरा में राइजिंग स्टेशन, हिम्मतपुर.बैजनाथ पीसी कार्य, वृन्दावन विहार एवं चांदनी चौक में पीसी नवनिर्माण, गुसाईपुर में सड़क सुधारीकरण एवं पनचक्की.चौफुला. कठघरिया नहर कवरिंग कार्य शामिल हैं।

मुख्यमंत्री ने शिप्रा नदी में 30 मीटर स्पान के मोटर पुल, राजकीय औद्योगिक संस्थान हल्द्वानी में टैक्नोलॉजी लैब, कोटाबाग में नलकूप निर्माण, महादेवपुरम व झलुवाझाला नलकूप, बेलपोखरा नलकूप तथा बैलपडाव में सिंचाई नलकूप का लोकार्पण के साथ.साथ महिला महाविद्यालय में लैब निर्माण, लालकुआ में नलकूपों पर स्टैबलाइजर एवं जलजीवन मिशन के अंतर्गत 14 पेयजल योजनाओं ख्र हरिपुर लच्छी, कालूपुर पोखरिया, जीतपुर रैक्वाल, देवलातल्ला, भवानसिंह नवाड़, बसन्तपुर, किशनपुर रैक्वाल, चोरगलिया आमखेड़ा, जयराम परमा, हल्दूचौड़ जग्गी, भवानीपुर कृष्णा, पाडलीपुर, भगवानपुर दुर्गापुर, बकुटिया पेयजल योजना ख्र के साथ.साथ पशु चिकित्सालय रामगढ़ में भवन निर्माण सहित 23 विकास कार्यों का लोकार्पण किया गया।इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री घोषणा के अनुपालन में विशेष योजनांतर्गत सहायता (एसपीए) कार्यक्रम में स्वीकृत हल्द्वानी.काठगोदाम श्रोत एवं ट्रीटमेन्ट संवर्धन पेयजल योजना कार्य, जिसकी लागत कुल 15443 लाख रुपये है, का भी भूमि पूजन किया गया।

इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट, अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक लालकुआं मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, नैनीताल की सरिता आर्या, नैनीताल दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्य, शंकर को. रंगा, नवीन लाल वर्मा, दीपक महरा, रेनू अधिकारी, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट सहित विभिन्न जनप्रतिनिधि, कुमाऊँ आयुक्त एवं सचिव मुख्यमंत्री दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी. सी. एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# भारत सरकार के एजेंडे के अनुरूप करें बैठक की तैयारी: डॉ. रावत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** प्रदेश के उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने शनिवार को अपने शासकीय आवास पर दोनों विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों की संयुक्त उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक ली। बैठक में मार्च माह के द्वितीय सप्ताह में नई दिल्ली में भारत सरकार के केंद्रीय शिक्षा मंत्री की अध्यक्षता में प्रस्तावित बैठक की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।



विभागीय मंत्री ने ली उच्च शिक्षा एवं विद्यालयी शिक्षा विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक

मंत्री डॉ. रावत ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्रस्तुतीकरण भारत सरकार के एजेंडे के अनुरूप, तथ्यों एवं अद्यतन आंकड़ों पर आधारित तथा परिणामोन्मुखी हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि राज्य सरकार की उपलब्धियों, नवाचारों एवं भविष्य की कार्ययोजना को प्रभावी ढंग से पावर पॉइंट प्रस्तुतीकरण में शामिल किया जाए।

डॉ. रावत ने समीक्षा बैठक में उच्च शिक्षा के अंतर्गत राजकीय महाविद्यालयों में तैनात फैकल्टी, छात्र संख्या, आधारभूत संरचना, पुस्तकालयों में उपलब्ध पुस्तकों, इंटरनेट सेवाओं, प्रयोगशालाओं एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का विस्तृत विवरण तैयार करने के निर्देश दिए। डॉ रावत ने निर्देश दिए कि 8 मार्च तक सभी विद्यालयों में शत-प्रतिशत शौचालय व्यवस्था सुनिश्चित की जाए एवं 1 अप्रैल तक प्रत्येक विद्यालय में पाठ्यपुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित हो। बैठक में सचिव विद्यालयी शिक्षा रविनाथ रमन, अपर सचिव उच्च शिक्षा मनुज गोयल, महानिदेशक विद्यालयी शिक्षा दीप्ति सिंह, निदेशक मुकुल कुमार सती, संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा आनंद सिंह उनियाल, उप निदेशक दीपक पांडे सहित अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# पारंपरिक रंगों के साथ मना होली मिलन समारोह

- जोशी के आवास पर कुमाऊँनी और गढ़वाल के राठ होलियारों ने बिखेरे होली के रंग
- कैबिनेट मंत्री पारिवारिक सदस्यों और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ जमकर थिरके



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** काबीना मंत्री गणेश जोशी ने होली के पावन अवसर पर हाथीबड़कला स्थित अपने आवास में भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में विभिन्न क्षेत्रों से आए जनप्रतिनिधियों, समाज सेवियों, प्रबुद्धजनों, मीडिया प्रति. निधियों तथा सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सभी ने मंत्री गणेश जोशी को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दीं और एक-दूसरे को रंगों के इस पर्व की बधाई दी।होली मिलन समारोह में कुमाऊँनी और गढ़वाल के राठ होलियारों की प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। खड़ी होली की पारंपरिक धुनों पर गाए गए फाग गीतों ने वातावरण को भक्तिमय एवं आनंदमय बना दिया। पारंपरिक वेशभूषा में सजे होलियारों, छोलिया नृतकों तथा मसकबीन व ढोल-दमाऊँ की गूंजती थापों ने उत्तराखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की सुंदर झलक प्रस्तुत की।कैबिनेट मंत्री जोशी ने भी होलियारों के साथ फाग गाकर एवं नृत्य कर कार्यक्रम का आनंद लिया। उन्होंने कलाकारों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि हमारी लोकसंस्कृति और परंपराएँ ही हमारी असली पहचान हैं, जिन्हें सहेजना और आगे बढ़ाना हम सभी की जिम्मेदारी है। काबीना मंत्री जोशी ने कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता, भाईचारे और प्रेम का प्रतीक है। समारोह में उपस्थित सभी लोगों ने पारंपरिक व्यंजनों का आनंद लेते हुए आपसी सद्भाव और उल्लास के साथ होली पर्व मनाया।

### मुख्यमंत्री ने सुनीं क्षेत्रवासियों की समस्याएं

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपने खटीमा भ्रमण के दूसरे दिन शनिवार को कैंप कार्यालय लोहियाहेड तथा हेलीपेड परिसर में जनप्रतिनिधियों और आमजन से भेंट की। इस दौरान उन्होंने क्षेत्रवासियों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए द्य मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि जनसमस्याओं के निस्तारण में संवेदनशीलता और तत्परता बरती जाए तथा विकास कार्यों में किसी प्रकार की शिथिलता न आने दी जाए। उन्होंने यह भी निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों की नियमित समीक्षा कर समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। इस अवसर पर नगर पालिका परिषद खटीमा के अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

# सत्र पर बहानेबाजी के बजाय विपक्ष करे जनमुद्दों पर चर्चा की तैयारी: भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने सत्र को लेकर कांग्रेसी आरोपों पर आईना दिखाया कि 4 साल विपक्षी हंगामे का गवाह रहा है सदन। ऐसे में आवाज दबाने, सत्रावधि कम होने या बजट प्रस्तुतिकरण की बहानेबा. जी अब काम नहीं आने वाली है। बेहतर है सत्र में जनहित के मुद्दे उठाने की तैयारी करे कांग्रेस विधायक। अन्यथा 27 की परीक्षा में फेल के साथ साथ इस बार उनका जीरो नंबर आना निश्चित है।



कहा, सदन में विपक्ष ने 4 साल हंगामा किया, सुधरे नहीं, तो 27 में जीरो आना तय

प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने सत्र को लेकर कांग्रेसी बयानबाजी को तथ्यहीन और बेबुनियादी बताया है। क्योंकि कांग्रेस और विपक्षी विधायकों का सदन में इन 4 सालों का इतिहास देखें तो वह हंगामों और असंवैधानिक कृत्यों से दागदार है। जो आज सदन में विपक्ष की आवाज दबाने की बात करते हैं, उनके विधायकों को विधानसभा में जब जब अवसर मिला, उन्होंने सकारात्मक चर्चा रोकने के लिए हमेशा सदन को बंधक बनाने का प्रयास किया है। जब चर्चा रोकना संभव नहीं हुआ तो वे सदन से बायकॉट कर भाग गए। उन्होंने आरा. प लगाया कि कांग्रेस का रवैया सदन में कभी भी जिम्मेदार विपक्ष का नहीं रहा है। जनता के मुद्दे और उनकी समस्याएं उठाने के बजाय, उनके विधायकों का ध्यान किसी भी तरह से मीडिया की सुर्खियां बनने में रहता है। पिछले सत्र में तो उनके द्वारा सभी संवैधानिक मर्यादाओं को तार तार कर दिया गया था, जब उनके विधायक सदन में ही कम्बल ओढ़कर सोते पाए गए थे। उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, यदि कांग्रेस विधायकों को 5 नहीं 50 दिन भी दे दें तो भी वे जनता के मुद्दों पर सार्थक चर्चा नहीं कर सकते। क्योंकि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व भाजपा सरकार शानदार कार्य कर, जनता का विश्वास हासिल किया है। शायद ही कोई विषय हो जिसपर हमारी सरकार की मंशा स्पष्ट न हो, विपक्ष जरूर कन्फ्यूज्ड रहता है। यही वजह है कि हमेशा हंगाम कर, बहस से भगाकर अपनी पोल पट्टी खुलने से बचना चाहता है। वहीं तंज किया कि गलती कांग्रेस के स्थानीय विधायकों की भी नहीं है, जब उनके आलाकमान गांधी परिवार ही संसद में इसी तरह के कृत्य में जुटा हो। वहां पहले तो उनके नेता राहुल गांधी सदन की बहस में शामिल होने के बजाय विदेश भाग जाते हैं और जब शामिल होते हैं तो असंवैधिक भाषा और अपुष्ट तथ्यों को प्रस्तुत करते हैं। सुधार के लिए टोकने पर सदन को हंगामा मचाकर चलने नहीं देते। ठीक यही परिपाटी कांग्रेस उत्तराखंड में अपनाती आई है और जनमानस की उम्मीदों पर पानी फेरने की को. शिश में लगी रहती है।

# एचपीवी टीकाकरण मोदी सरकार का ऐतिहासिक कदम: सीएम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राजस्थान के अजमेर से 14 वर्ष की लड़कियों के लिए सर्वाइकल कैंसर के विरुद्ध देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान का शुभारंभ किया। इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से वर्चुअल माध्यम से प्रतिभाग किया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज में स्थापित एचपीवी टीकाकरण कक्ष का भी निरीक्षण किया तथा एचपीवी टीकाकरण के लिए आई 9 से 14 वर्ष की बालिकाओं से भी वार्ता की एवं उन्हें इस टीके के लाभ के बारे में अवगत कराया।



देशव्यापी ह्यूमन पैपिलोमावायरस (एचपीवी) टीकाकरण अभियान में मुख्यमंत्री धामी ने हल्द्वानी मेडिकल कॉलेज से वर्चुअल माध्यम से किया प्रतिभाग

मुख्यमंत्र धामी ने कहा कि यह अभियान स्वास्थ्य कार्यक्रम होने के साथ मातृशक्ति के सम्मान, सुरक्षा और सशक्तिकरण की दिशा में उठाया गया ऐतिहासिक कदम है। उन्होंने कहा कि एचपीवी टीकाकरण के इस अभियान की शुरुआत करके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यह सिद्ध कर दिया है कि उनके लिए नारी सम्मान और सुरक्षा केवल नारा नहीं, बल्कि अटल संकल्प है।इस अवसर पर सांसद अजय भट्ट ने भी संबोधित करते हुए इस राष्ट्रव्यापी अभियान के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर

### देशभर में 14 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक किशोरियों को दी जाएगी मुफ्त एचपीवी वैक्सीन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राजस्थान के अजमेर से प्रधानमंत्री द्वारा प्रारंभ किए गए इस अभियान के अंतर्गत देशभर में 14 वर्ष की लगभग 1 करोड़ 15 लाख से अधिक किशोरियों को मुफ्त एचपीवी वैक्सीन दी जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड राज्य में भी इस अभियान के प्रथम चरण में 155 केंद्रों पर व्यापक स्तर पर टीकाकरण की व्यवस्था सुनिश्चित की गई है। इस अभियान की सफलता के लिए डॉक्टरों, नर्सों, एएनएम, आशा और आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित किया गया है ताकि कोल्ड-चेन व्यवस्था मजबूत हो।

अध्यक्ष जिला पंचायत दीपा दरमवाल, विधायक मोहन सिंह बिष्ट, विधायक राम सिंह कैड़ा, विधायक सरिता आर्या, मेयर गजराज सिंह बिष्ट, दायित्वधारी अनिल कपूर डब्बू, दिनेश आर्या, सुरेश भट्ट, शंकर कोरंगा, नवीन लाल वर्मा, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टी. सी. एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

**कहा, सर्वाइकल कैंसर गंभीर चुनौती बन चुका:** मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्वाइकल कैंसर मातृशक्ति के स्वास्थ्य के लिए गंभीर चुनौती बन चुका है। भारत में इस गंभीर बीमारी से वर्ष 2024 में ही 78 हजार से अधिक मामले सामने आए, जिसके कारण 42 हजार से अधिक महिलाओं की दु:खद मृत्यु हुई।

# देवभूमि अब बन रही है खेलभूमि: धामी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**खटीमा।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गांधी फुटबॉल मैदान, लोहियाहेड में टोयोटा किर्लोस्कर मोटर के सौजन्य से निर्मित ओपन जिम का विधिवत लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने युवाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संद. श देते हुए कहा कि सरकार प्रदेश में खेल और फिटनेस से जुड़ी आधारभूत सुविधाओं के विकास के लिए निरंतर प्रयासरत है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने गांधी फुटबॉल मैदान, लोहियाहेड में आयोजित स्वास्तिक नर्सिंग कॉलेज की वार्षिक खेल प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारम्भ किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेल भी अत्यंत आवश्यक है। खेलों से मन, मस्तिष्क और शरीर स्वस्थ रहता है तथा अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व क्षमता का विकास होता है। उन्होंने खिलाड़ियों से आह्वान किया कि वे स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर संकल्प और अनुशासन के साथ आगे बढ़ें, सफलता निश्चित रूप से उनके कदम चूमेगी। इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश चंद्र जोशी, दर्जा मंत्री फरजाना बेगम, जिलाध्यक्ष कमल जिंदल, महामंत्री रमेश चंद्र जोशी, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय गणपति, अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्रा, उप जिलाधिकारी तुषार सैनी सहित स्वास्तिक नर्सिंग कॉलेज की प्रिंसिपल रुचि अग्रवाल, डॉ. विवेक अग्रवाल, वरुण अग्रवाल, शिप्रा अग्रवाल, विद्यार्थी एवं जनता बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



सीएम ने लोहियाहेड में किया नवनिर्मित ओपन जिम का लोकार्पण

# 16, 17 व 18 मार्च को सभी 13 जनपदों में होगी मॉक ड्रिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देहरादून।** राज्य में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से दिनांक 16, 17 तथा 18 मार्च 2026 को उत्तराखण्ड के सभी 13 जनपदों में व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल आयोजित की जाएगी। यह अभ्यास अलग-अलग तहसीलों में कराया जाएगा, ताकि जिला मुख्यालय के साथ-साथ तहसील स्तर पर भी आपदा से निपटने की वास्तविक स्थिति का आकलन किया जा सके और स्थानीय स्तर पर प्रतिक्रिया तंत्र को मजबूत किया जा सके।

**सचिव आपदा प्रबंधन ने की तैयारियों की समीक्षा**

शनिवार को सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन की अध्यक्षता में बैठक आयोजित की गई, जिसमें सभी जनपदों के अधिकारियों के साथ मॉक ड्रिल की तैयारियों की विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में जनपदों ने अपने-अपने संभावित सिनेरियो तथा चयनित स्थलों के बारे में जानकारी दी। सचिव सुमन ने बताया कि अब यूएसडीएमए स्वयं मॉक अभ्यासों को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सक्षम हो चुका है। संचार व्यवस्था, चेतावनी प्रणाली, राहत सामग्री की उपलब्धता और उपकरणों की कार्यशीलता की भी जांच मॉक ड्रिल में हो सकेगी। मॉक अभ्यास के दौरान भूकम्प, वनाग्नि, भूस्खलन, अग्निकाण्ड, जलभराव, बाढ़, मानव-वन्यजीव संघर्ष, नाव पलटने की घटना, बादल फटना, जलाशय विस्फोट, औद्योगिक दुर्घटना, एवलांच, भगदड़ और नदी में डूबने जैसी संभावित घटनाओं पर आधारित सिनेरियो पर अभ्यास किया जाएगा। इन अभ्यासों में जिला प्रशासन, पुलिस, अग्निशमन, स्वास्थ्य विभाग, एसडीआरएफ, वन विभाग तथा अन्य संबंधित एजेंसियां सक्रिय रूप से भाग लेंगी। बैठक में अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी प्रशासन श्री महावीर सिंह चौहान, अपर मुख्य कार्यकारी अधिकारी क्रियान्वयन डीआईजी राजकुमार नेगी, संयुक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मो. ओबैदुल्लाह अंसारी, एसडी आरएफ के डिप्टी कमाण्डेंट सुभांग रतूड़ी आदि मौजूद रहे।

### देहरादून में ‘कैलिग्राफी आर्ट के आईने में पवित्र कुरान’ प्रदर्शनी का आगाज

# कुरआन देता है शांति और भाईचारे का संदेश: त्रिवेंद्र सिंह

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** टर्नर रोड स्थित तस्मिया कुरआन म्यूजियम में “कैलिग्राफी आर्ट के आईने में पवित्र कुरान” शीर्षक से दो दिवसीय प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ म्यूजियम के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक के स्वागत भाषण से हुआ। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी का उद्देश्य पवित्र कुरआन के सार्वभौमिक संदेश को कला के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाना है।





मुख्य अतिथि पूर्व मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने अपने संबोधन में कहा कि कुरआन का संदेश शांति, भाईचारे और मानवता की एकता का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि एकता वह शक्ति है, जिससे हमारा देश और अधिक सशक्त बनेगा। उन्होंने इस पहल को सामा. जिक समरसता की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

विशिष्ट अतिथि मेयर सौरभ थपलियाल ने प्रदर्शनी को अत्यंत उत्कृष्ट बताते हुए आयोजकों की सराहना की। वहीं वियतनाम के प्रथम सचिव सिंह गुयेन ट्ढओंग ने कहा कि कुरआन का संदेश पूरी मानवता के लिए है और इस प्रकार की प्रदर्शनी सांस्कृतिक संवाद को बढ़ावा देती है।

डॉ. दलजीत कौर ने कहा कि यह प्रदर्शनी विशेष रूप से युवा पीढ़ी के लिए अनूठी पहल है, जिससे वे शांति और भाईचारे के कुरआनी संदेश को न केवल पढ़ सकते हैं, बल्कि कला के माध्यम से उसे महसूस भी कर सकते हैं।

प्रदर्शनी में पवित्र कुरआन की आयतों से सुसज्जित बहुमूल्य कलाकृतियां आकर्षण का केंद्र रहीं। इन आयतों के अनुवाद 108 भाषाओं में प्रदर्शित किए गए, जिनमें फ्रेंच, चीनी, गढ़वाली, कुमाऊँनी और गुरमुखी जैसी भाषाएं शामिल थीं। उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और दिल्ली सहित विभिन्न राज्यों से आए सभी समुदायों के पुरुषों, महिलाओं, युवाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में प्रदर्शनी का अवलो. कन किया।

कार्यक्रम के प्रारंभ में सैयद फर्रुख अहमद ने हम्द पढ़ी और समापन पर दुआ कराई। इस अवसर पर उन्होंने सर्वशक्तिमान ईश्वर की स्तुति में अपनी रचना भी प्रस्तुत की।

अंत में दून इंटरनेशनल स्कूल के चेयरमैन डॉ. डी. एस. मान ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया।

इस अवसर पर एस. एस. कोठियाल, राम कुमार वालिया, पूरन सिंह रावत, ब्रिगेडियर के. जी. बहल, प्रो. ए. हक (पूर्व कुलपति, हमदर्द विश्वविद्यालय), प्रो. दिवाकर, प्रो. इंदु सिंह, आर. ए. हक्कानी, डॉ. आर. के. बख्शी, सरिका प्रधान, प्रदीप वर्मा, अशोक वर्मा, सैयद हारून अहमद, सैयद फर्रुख अहमद, डॉ. फैसल अहमद, सैयद यासर, सैयद इमरान अहमद, जहांगीर अहमद, मुफ्ती सलीम अहमद, मुफ्ती वसीउल्लाह, मुफ्ती जिया आदि उपस्थित रहे।





# राणाबाली से लौटी रश्मिका-विजय की जोड़ी

## रियल लाइफ शादी के बाद ऑन स्क्रीन धमाका

विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना की शादी की खबर अभी ठंडी भी नहीं हुई थी कि फैंस को एक और बड़ा सरप्राइज मिल गया। कपल की अपकमिंग फिल्म राणाबाली का नया पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिसने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है। शादी के बाद दोनों की यह पहली ऑन-स्क्रीन झलक मानी जा रही है, जिसे लेकर दर्शकों की एक्साइटमेंट चरम पर है।

साउथ सिनेमा के सबसे चर्चित जोड़ी विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने 26 फरवरी 2026 को उदयपुर में शादी कर पूरी दुनिया को हैरान कर दिया। कपल की शादी सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बना हुआ है, लेकिन अब शादी के ठीक एक दिन बाद ही उनके मोस्ट अवेटेड फिल्म राणाबाली से एक खास पोस्टर रिलीज कर दिया गया है, जिससे फैंस की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। काफी लंबे इंतजार के बाद रश्मिका मंदाना और विजय देवरकोंडा शादी के बंधन में बंधे हैं। जहां अभी फैंस उनकी शादी की फोटो की ही बात नहीं खत्म कर पा रहे हैं, तो वही शादी की बाद की दोनों की साथ की पहली फिल्म का बड़ा अपडेट सामने आया है।



रश्मिका और विजय की अपकमिंग फिल्म 'राणाबाली' का नया पोस्टर सोशल मीडिया पर रिलीज किया गया है, जिसमें केवल लीड किरदारों के हाथ दिखाई दे रहे हैं, जो दर्शकों को यह इशारा देते हैं कि ए विजय और रश्मिका हों।

**फैंस के लिए है खास सरप्राइज**

पोस्टर के साथ मेकर्स ने एक खास सरप्राइज का भी ऐलान भी किया है, जिसे 28 फरवरी को साझा किया गया। जिससे लोगों की एक्साइटमेंट और भी बढ़ गई है। यह फिल्म दोनों सितारों की शादी के बाद उनकी पहली ऑन-स्क्रीन वापसी होगी और इसी वजह से इसे फैंस के बीच खास रूप से अहम माना जा रहा है।

'राणाबाली' का डायरेक्शन राहुल सांस्कृत्यायन कर रहे हैं और इसे विशाल पैन-इंडिया प्रोजेक्ट के रूप में तैयार किया जा रहा है, जिसमें विजय ने ऐतिहासिक योद्धा राणाबाली का किरदार निभाया है, जबकि रश्मिका जयम्मा के रोल में होंगी।

# यश की टॉक्सिक का पलके बिछाकर हो रहा इंतजार

**मुंबई।** साउथ इंडस्ट्री के सुपरस्टार यश की फिल्म टॉक्सिक का फैंस को बेसब्री से इंतजार है। टीजर को देखने के बाद ट्रेलर को लेकर और भी ज्यादा एक्साइटमेंट बढ़ गई है। इस इंतजार को खत्म करते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट से पर्दा उठा दिया है।

साउथ सुपरस्टार यश की 'टॉक्सिक' जब से अनाउंस हुई है, तभी से सुर्खियों में छाई हुई है। इस मच अवेटेड फिल्म का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

हाल ही में इसका टीजर रिलीज हुआ, जिसके बाद लोगों की एक्साइटमेंट और भी ज्यादा बढ़ गई। जितना लोगों को टॉक्सिक की रिलीज का इंतजार है, उतना ही इस फिल्म के ट्रेलर देखने के लिए यश के फैंस बेताब हैं। इस एक्साइटमेंट को और न बढ़ाते हुए मेकर्स ने आखिरकार टॉक्सिक के ट्रेलर पर बड़ा अपडेट दे दिया है। फाइनली यश की टॉक्सिक के ट्रेलर की रिलीज डेट सामने आ गई है। टीजर रिलीज से पहले मेकर्स ने एक के बाद बाद एक हर एक्ट्रेस के पोस्टर जारी कर काफी बज बना दिया था। यह मूवी 19 मार्च को सिनमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यश स्टारर 'टॉक्सिक' की टीम फिल्म के प्रमोशन में कोई कमी नहीं छोड़ रही है।

खबर मिली है कि मेकर्स ने यश की फिल्म के टीजर को रिलीज करने के लिए मार्च का पहला हफ्ता चुन लिया है।



# मैंने धुरंधर 2 देखी, आप भुला नहीं पाएंगे : यामी

**मुंबई।** रणवीर सिंह की फिल्म धुरंधर सुपरहिट साबित हुई। इसके बाद से ही दर्शकों को फिल्म के दूसरे पार्ट का बेसब्री से इंतजार है, जो 19 मार्च को रिलीज होगा। इसी बीच फिल्म के डायरेक्टर आदित्य धर की पत्नी और एक्ट्रेस यामी गौतम ने फिल्म को लेकर उत्साह और बढ़ा दिया, जब उन्होंने बताया कि वह धुरंधर 2 देख चुकी हैं। यामी गौतम ने कहा, मेरे पति ने 'उरी' जैसीकई बेहतरीन फिल्में बनाई हैं। हाल ही में उन्होंने धुरंधर बनाई है। धुरंधर जैसी फिल्म बनाने के लिए उनमें गजब का जुनून है, वरना यह मुमकिन नहीं होता। जब एक्ट्रेस से पूछा गया कि क्या उनकी कोई फिल्म 19 मार्च को रिलीज हो रही है, तो उन्होंने जवाब दिया, देखिए, धुरंधर से जुड़ी कोई भी जानकारी आदित्य ही देंगे। बाकी सभी की तरह मेरा भी उस दिन सिनेमा हॉल में एक जरूरी अपॉइंटमेंट है, तो आप सभी से वहीं मुलाकात होगी। यामी गौतम ने आगे बताया कि उन्होंने धुरंधर 2 देख ली है। एक्ट्रेस ने कहा, मैंने धुरंधर 2 देख ली है। यह असाधारण से भी बढ़कर है। मैं बहुत भावुक हो गई थी। उस दिन मुझे फ्लाइट पकड़नी थी, इसलिए मैं आदित्य से कुछ कह नहीं पाई। बाद में भी मैं कुछ कर नहीं पाई। मुझे स्क्रिप्ट पढ़नी थी, लेकिन पढ़ नहीं पाई कुछ देखना था, लेकिन देख भी नहीं पाई। धुरंधर 2 दर्शकों के लिए एक ऐसा अनुभव होगा, जिसे वे कभी भूल नहीं पाएंगे। बता दें, 'धुरंधर 2' 19 मार्च को सिनेमाघरों में रिली होगी। इस फिल्म का क्लैश यश की फिल्म 'टॉक्सिक' से होगा। फिल्म में रणवीर सिंह लीड रोल में हैं। उनके साथ आर माधवन, अर्जुन रामपाल और संजय दत्त जैसे सितारे भी नजर आएंगे।



# दो फ्लॉप के बाद नई फिल्म की तैयारी में शनाया

शनाया कपूर की हालिया रिलीज फिल्म तू या मैं बॉक्स ऑफिस पर ऑडियंस के लिए तरस गई। लगातार दो फिल्में फ्लॉप होने के बाद शनाया कपूर नई फिल्म की तैयारी में हैं, जिसका नाम पता चल गया है। इतना ही नहीं, फिल्म में लीड एक्टर का नाम भी रिवील हो गया है। बॉलीवुड एक्ट्रेस शनाया कपूर ने बीते साल 'आंखों की गुस्ताखियां' से एक्टिंग डेब्यू किया था।

**कहां तक पहुंचा फिल्म का काम?**

फिल्म मार्च 2025 में फ्लोर पर गई और लगभग दो महीने में इसकी मेन शूटिंग पूरी हो गई, जिसका पूरा शेड्यूल गोवा में सेट किया गया था। प्रोजेक्ट पोस्ट-प्रोडक्शन के आखिरी स्टेज में है, जबकि थिएटर में रिलीज की तारीख का अभी भी इंतजार है। फिल्म को चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने वाउव एमिरेट्स और कर्मा मीडिया एंड एंटरटेनमेंट के साथ मिलकर सपोर्ट किया है।

हालांकि, यह फिल्म कुछ खास कमाल नहीं दिखाई पाई थी। इसके बाद शनाया कपूर की फिल्म 'आई तू या मैं' जो इसी साल 13 फरवरी को रिलीज हुई। शनाया और आदर्श गौरव की इस फिल्म ने उम्मीद से भी कम कमाई की और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप हो गई। इसी के बाद अब शनाया कपूर एक और फिल्म में नजर आने वाली हैं, जिसपर बहुत पहले ही काम शुरू हो चुका था। हालांकि, इसका टाइटल अभी तक डिसाइड नहीं हो पाया था। अब शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म को नाम मिल गया है और साथ ही लीड एक्टर के बारे में भी जानकारी मिल गई है। शनाया कपूर की 'तू या मैं' ऑडियंस का दिल जीतने में बुरी तरह नाकामयाब साबित हुई। इसी के बाद एक्ट्रेस नई फिल्म के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाली हैं। शनाया कपूर की अपकमिंग मूवी को फिल्ममेकर विकेश भूटानी बना रहे हैं, जिसके टाइटल का खुलासा हो गया है। इसी के साथ फिल्म में एक नई जोड़ी बड़े पर्दे पर नजर आएगी।

**शनाया कपूर की अपकमिंग फिल्म**

शनाया कपूर की नई फिल्म का टाइटल जैकब कार्डोसो रखा गया है। शनाया के साथ इस फिल्म में 'मुंज्या' स्टार अभय वर्मा नजर आएंगे। बताया जा रहा है कि शुजात सौदागर के डायरेक्शन में बनी 'जैकब कार्डोसो' की कहानी 1987 के समय पर आधारित है। जानकारी के लिए आपको बता दें कि इस फिल्म पर काम बीते साल ही शुरू हो चुका था। 'आंखों की गुस्ताखियां' और 'तू या मैं' के बाद शनाया की तीसरी फिल्म है, जिससे उनके फैंस काफी उम्मीद लगाए बैठे हैं।

**विकेश भूटानी ने क्या बताया?**

प्रोड्यूसर विकेश भूटानी ने कंफर्म किया है कि शनाया कपूर और अभय वर्मा की फिल्म का ऑफिशियली नाम जैकब कार्डोसो है। यह गोवा में सेट एक खूबसूरत फिल्म है, उस समय के आसपास जब यह एक स्टेट बन रहा था। शुजात सौदागर डायरेक्टेड यह फिल्म 1987 में सेट है और इसे एक कॉमेडी के तौर पर दिखाया गया है।



## विवादों के बीच द कैरेला स्टोरी 2 ने पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर उड़ाया गर्दा

**नई दिल्ली।** साल 2023 की सुपरहिट क्राइम ड्रामा द केरल स्टोरी की रिलीज के तीन साल बाद विपुल शाह सीक्वल द केरल स्टोरी 2 गोज बियॉन्ड लेकर आए। पहली फिल्म की तरफ द केरल स्टोरी 2 को लेकर खूब विवाद हुआ। मामला कोर्ट तक पहुंचा, कोर्ट ने फिल्म की रिलीज पर स्टे लगाया। मगर किसी तरह विवादों के बीच फिल्म सिनेमाघरों में पहुंची। अब चूंकि द केरल स्टोरी 2 सिनेमाघरों में आ गई है और पहले दिन इस फिल्म ने कितना कलेक्शन कर लिया है, चलिए आपको फिल्म का ओपनिंग डाटा बताते हैं।

# प्रभास की स्पिरिट में नजर आएंगी ऐश्वर्या

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट चरम पर है। हाल ही में फिल्म का फर्स्ट लुक जारी किया गया, जिसमें विवेक ओबेरॉय के साथ एक नया चेहरा ऐश्वर्या देसाई भी नजर आई। पोस्टर में उनका इंटेंस अंदाज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है और अब दर्शक उनके किरदार को लेकर खासा उत्साहित हैं।

साउथ सुपरस्टार प्रभास की मोस्ट अवेटेड फिल्म स्पिरिट को लेकर फैंस की एक्साइटमेंट पिछले कई महीनों से बढ़ी हुई है। अब हाल ही में मेकर्स ने फिल्म के पहले लुक को शेयर किया है, जिससे दर्शकों की दिलचस्पी और भी बढ़ गई है। फिल्म स्पिरिट में विवेक ओबेरॉय का फर्स्ट लुक सोशल मीडिया पर जारी करते ही वायरल हो गया। इस पोस्टर में एक चेहरा ना है, जिनका नाम ऐश्वर्या देसाई है। जो कि इस प्रोजेक्ट का अहम हिस्सा होने वाली हैं और अब फैंस उनके किरदार को देखने के लिए बेहद एक्साइटमेंट हैं।

पोस्टर में ऐश्वर्या नशा करते हुए इंटेस लुक में नजर आ रही हैं, जिनको देखने के बाद से लोग उनके बारे में चर्चा करने लगे हैं। दरअसल, ऐश्वर्या पहले भी फिल्मों में नजर आ चुकी हैं, हालांकि इस फिल्म में उनको अलग अंदाज में देखने को मिलेगा। ऐश्वर्या की बात करें, तो वो एक इंडियन अमेरिकन मॉडल है, जिन्होंने अपनी शुरुआत मॉडलिंग से ही की थी। वक्त के बाद उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा और रणवीर सिंह के साथ फिल्म गली बॉय में नजर आई। गली बॉय को लोगों ने बहुत पसंद किया और फिल्म को 13 फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिले थे। गली बॉय के बाद ऐश्वर्या ने एक शॉर्ट फिल्म भी की, जिसका नाम श्रैट इन द किचेनश था। इस फिल्म के लिए एक्ट्रेस को अवॉर्ड भी मिला है। एक्टिंग के अलावा ऐश्वर्या को सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव देखा जाता है। उन्हें उनके ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर लगभग 36 हजार से ज्यादा लोग फॉलो करते हैं। अब ऐश्वर्या को स्पिरिट में देखा जाएगा। प्रभास और तृप्ति डिमरी की यह फिल्म 5 मार्च, 2027 को रिलीज होने वाली है। यह फिल्म 8 भाषाओं में रिलीज होगी। इस फिल्म को संदीप रेड्डी वांगा ने डायरेक्ट किया है और उन्होंने ही लिखा भी है।





यरूशलेम। पुराने शहर के ऊपर बाईं ओर हवाई रक्षा मिसाइल अवरोधन के निशान दिखाई देते हुए।



उत्तरी इजरायल। हाइफा के पास तिरत हाकार्मेल में एक इमारत पर प्रक्षेपास्त्र से हमला हुआ, जिसके बाद निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया।



तेल अवीव। इजरायल की ओर दागी गई मिसाइल के बाद चेतावनी सायरन बजने पर आश्रय लेने के लिए दौड़ते लोग।

# कतर से बहरीन तक, अमेरिकी बेस पर कहर बनकर टूटा ईरान

## रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की




**वाशिंगटन।** ईरान पर इजरायल अमेरिका के संयुक्त हमले के बाद ईरान को पलटवार करते हुए अमेरिका के मददगार देशों पर ड्रोन व मिसाइलों से बड़े हमले किए जिनमें अमेरिकी एयरबेस बुरी तरीके से तबाह हुए। ईरान ने बहरीन समेत कई जगह जबरदस्त अटैक करते हुए बड़ा बदला लिया है।

उसने शनिवार दोपहर बाद से बहरीन, कतर, यूएई, सऊदी अरब, कुवैत, दुबई सहित कई और देशों पर भी हमला करते हुए अमेरिकी नेवलबेस क्षतिग्रस्त कर अमेरिका और इजरायल को चौका दिया। कतर व दुबई पर कई दौर के हमले ईरान की और से हुए जिसमें बड़े नुकसान का अनुमान है। यह पहला मौका है जब द्वितीय विश्व युद्ध के बाद अमेरिकन नेवी बेस पर किसी देश के द्वारा हमला किया गया। ईरान की और से कहा गया है कि हमारी और से बड़ा हमला नहीं किया गया हैं, लेकिन जल्द ही हम बड़ा हमला कर इजरायल और अमेरिका को बैकफुट पर ला देंगे। ईरान पर इजरायल और अमेरिका के ताजा हमलों के बाद पश्चिम एशिया क्षेत्र में तनाव बढ़ गया है। इस बीच, रूस, फ्रांस और नार्वे समेत कई देशों ने तत्काल हमलों को रोकने और वार्ता की मेज पर लौटने की अपील की है। रूस ने अमेरिका और इजरायल से ईरान में तुरंत हमले रोकने की अपील की। रूसी विदेश मंत्रालय ने कहा कि उन्हें मौजूदा स्थिति से राजनीतिक और कूटनीतिक समाधान के रास्ते पर लौटना चाहिए।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा, अंतर्राष्ट्रीय समुदाय को उन गैर-जिम्मेदार कार्रवाई का निष्पक्ष आकलन करना चाहिए, जो पूरे क्षेत्र को और अधिक अस्थिर करने का खतरा पैदा कर रही हैं। रूस पहले की तरह अंतर्राष्ट्रीय कानून, आपसी सम्मान और हितों के संतुलन के आधार पर शांतिपूर्ण समाधान खोजने के प्रयासों में सहयोग देने के लिए तैयार है। फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनेंड मार्कोस जूनियर ने पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वहां रह रहे फिलीपीनी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताया है। उन्होंने विदेश मंत्रालय और प्रवासी श्रमिक विभाग को प्रभावित इलाकों में नागरिकों का पता लगाने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। वर्ष 2024 में क्षेत्र में करीब 21 लाख फिलिपीनी कामगार मौजूद बताए गए थे। बेल्जियम ने कहा, ईरानी जनता को अपनी सरकार के फैसलों की कीमत नहीं चुकानी चाहिए। बेल्जियम के विदेश मंत्री मैक्सिम प्रेवो ने कहा कि यह बेहद अफसोस की बात है कि कूटनीतिक प्रयास पहले किसी बातचीत से समधान तक नहीं पहुंच पाए। नार्वे ने कहा कि इजरायल के हमले अंतर्राष्ट्रीय कानून के अनुरूप नहीं हैं। नार्वे के विदेश मंत्री एस्पेन बार्थ ने कहा, इजरायल इसे एहतियात के तौर पर किया गया हमला बता रहा है। लेकिन अंतर्राष्ट्रीय कानून के तहत एहतियात के तौर पर हमले तभी सही माने जाते हैं, जब खतरा तुरंत और स्पष्ट रूप से सामने हो। पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने ईरान पर हुए हमलों की आलोचना की। उन्होंने तनाव को तुरंत रोकने और संकट के शांतिपूर्ण, बातचीत के जरिये समाधान के लिए दोबारा कूटनीति शुरू करने की अपील की। इंडोनेशिया के विदेश मंत्री ने कहा कि राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो वााशिंगटन और तेहरान के बीच संवाद कराने के लिए तैयार हैं। विदेश मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत विफल होने से पश्चिम एशिया में सैन्य तनाव बढ़ा है, जिस पर इंडोनेशिया को बेहद अफसोस है। इंडोनेशिया ने सभी पक्षों से संयम बरतने और संवाद व कूटनीति को प्राथमिकता देने की अपील की है। स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है। सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर जारी बयान में सांचेज ने कहा कि ऐसी कार्रवाई वैश्विक व्यवस्था को और अस्थिर तथा टकरावपूर्ण बना सकती है। हालांकि उन्होंने ईरान सरकार और रिवोल्यूशनरी गार्ड की गतिविधियों को भी स्वीकार्य नहीं बताया। स्पेन ने सभी पक्षों से तुरंत तनाव कम करने और अंतर्राष्ट्रीय कानून का पूरी तरह सम्मान करने की मांग की है। उन्होंने जोर देकर कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल कूटनीतिक बातचीत और शांतिपूर्ण रास्ते से ही संभव है। ओमान के विदेश मंत्री बद्र अलबुसैदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की आलोचना की। अलबुसैदी हमलों से पहले अमेरिका और ईरान के बीच मध्यस्था नहीं कर रहे थे। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा, सक्रिय और गंभीर वार्ता को एक बार फिर कमजोर किया गया है। उन्होंने कहा, मैं अमेरिका से गुजारिश करता हूं कि वह इसमें और न फंसे। यह आपकी लड़ाई नहीं है। कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी और उनकी विदेश मंत्री अनीता आनंद ने अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन किया। उन्होंने एक संयुक्त बयान में कहा, कनाडा ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और उसके शासन को अंतर्राष्ट्रीय शांति और सुरक्षा के लिए और खतरा बनने से रोकने के लिए अमेरिका की कार्रवाई का समर्थन करता है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार ईरान पर अमेरिकी हमलों का समर्थन करती है। अल्बनीज ने एक बयान में कहा कि हम ईरान को परमाणु हथियार हासिल करने से रोकने और ईरान को अंतर्राष्ट्रीय शांति व सुरक्षा के लिए अमेरिकी कार्रवाई का समर्थन करते हैं। क्यूबा के विदेश मंत्री ब्रूनो रोड्रिगेज पर्रिला ने अमेरिका और इजरायल के हमलों की आलोचना की।

### यूरोपीय देशों ने नागरिकों से की पश्चिमी एशिया छोड़ने की अपील

**वाशिंगटन।** कुछ यूरोपीय देशों ने अपने नागरिकों से ईरान और मिडिल ईस्ट के कई दूसरे इलाकों में बढ़ते तनाव के कारण वहां से चले जाने या वहां की यात्रा से बचने की अपील की है। सरकारों की ओर से संभावित फ्लाइट कैंसिलेशन या देरी की चेतावनी दी और प्रभावित इलाकों में नागरिकों से सतर्क रहने और भीड़भाड़ से बचने का आग्रह किया। ब्रिटिश सरकार ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को कहा कि उसने ईरान से अपने स्टाफ को कुछ समय के लिए वापस बुला लिया है और उसका दूतावास रिमोटली काम करता रहेगा और देश की किसी भी यात्रा के खिलाफ सलाह दी है। फ्रांस के विदेश मंत्रालय ने फ्रांसीसी नागरिकों के लिए इजरायल, यरुशलम और वेस्ट बैंक की यात्रा के खिलाफ एक सुरक्षा एडवाइजरी जारी की, जिसमें ईरान से जुड़ी स्थिति से संभावित क्षेत्रीय नतीजों का हवाला दिया गया। एडवाइजरी में कहा गया, यह ट्रैवल एडवाइजरी इजरायल और फिलिस्तीन के लिए है।

### ईरान के पलटवार के बाद पांच देशों में तनाव के बीच एयरस्पेस बंद

**तेहरान।** अमेरिकी और इजरायल के संयुक्त हमले के बाद अब ईरान ने भी पलटवार करना शुरू कर दिया है। इजरायल के अलावा खाड़ी देशों के कई अमेरिकी सैन्य अड्डों पर ईरानी हमले तेज हो गए हैं। ईरान ने कुवैत, बहरीन,कतर, सऊदी अरब, और यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों पर हमला किया है। ईरान ने कतर के दोहा में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। कतर के रक्षा मंत्रालय ने कहा है कि उसने देश को निशाना बनाकर किए गए कई हमलों को सफलतापूर्वक नाकाम कर दिया है। रक्षा मंत्रालय इस बात की पुष्टि करता है कि खतरे का पता चलते ही सुरक्षा योजना के अनुसार उससे तुरंत निपटा गया और कतर की धरती तक पहुंचने से पहले ही सभी मिसाइलों को रोक दिया गया ईरान ने कतर, बहरीन, कुवैत यूएई में अमेरिकी सैन्य अड्डों को निशाना बनाया है। बहरीन ने पुष्टि की है कि अमेरिकी नौसेना के 5वें बेड़े के मुख्यालय को मिसाइल हमले का निशाना बनाया गया है। कतर के रक्षा मंत्रालय का कहना है कि पैट्रियट रक्षा प्रणाली द्वारा एक ईरानी मिसाइल को रोक दिया गया है।

# रूस और चीन जारी जंग में दखल देंगे!

## अमेरिका व इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे



■ ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया

**तेहरान।** इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त अभियान में ईरान पर हमला बोला है। जवाबी कार्रवाई में ईरान ने भी इजरायल पर बैलिस्टिक मिसाइलों से पलटवार किया। इतना ही नहीं ईरान ने पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिका के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाया है।

इनमें जॉर्डन से लेकर कुवैत और सऊदी अरब से बहरीन तक में अमेरिकी बेसेज पर हमले किए गए हैं। पूर्व राजनयिक दिलीप सिन्हा के अनुसार, यह युद्ध इस बात का संकेत है कि अंतर्राष्ट्रीय व्यवस्था पूरी तरह से टूट चुकी है। शीत युद्ध के समय के विपरीत, अब महाशक्तियां यह मानने लगी हैं कि वे कूटनीति के बजाय युद्ध करके अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों को हासिल कर सकती हैं, जो कि विश्व के लिए एक बहुत खतरनाक स्थिति है। अमेरिका और इजरायल की ईरान के साथ यह दुश्मनी 1979 के सत्ता परिवर्तन के समय से ही चली आ रही है। पूर्व राजनयिक दीपक वोहरा के मुताबिक, यह मुकाबला अब फाइट टू द फिनिश बन चुका है। अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का स्पष्ट मानना है कि ईरान की वर्तमान सरकार नंबर वन स्टेट स्पॉन्सर ऑफ टेररिज्म (आतंकवाद की सबसे बड़ी प्रायोजक) है और इस आतंकी और कट्टरपंथी सरकार का जाना अब तय है। दिलीप सिन्हा स्पष्ट करते हैं कि पिछले साल के हमले का उद्देश्य ईरान के परमाणु संस्थानों को नष्ट करना था, लेकिन इस ताजा हमले का एकमात्र और खुला उद्देश्य ईरान में सत्ता परिवर्तन करना है। अमेरिका और इजरायल जानबूझकर सैन्य ठिकानों और उच्च अधिकारियों को निशाना बना रहे हैं, ताकि ईरान की जनता के भीतर हिम्मत आए और वे स्वयं विद्रोह करके इस सत्ता को पलट दें।

# बोलिविया में करेंसी से भरा प्लेन क्रैश, 20 लोगों की मौत

**ला पाज।** बोलिविया के एल आल्टो शहर में शनिवार सुबह (भारतीय समयानुसार) एक विमान क्रैश हो गया। यह बोलिविया की वायुसेना का हरक्यूलिस विमान था। हादसे में 15 लोगों की मौत हो गई, जबकि 30 से ज्यादा लोग घायल हैं। विमान देश के सेंट्रल बैंक के नए नोट लेकर जा रहा था। रायटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक, खराब मौसम के बीच विमान लैंडिंग के बाद रनवे से फिसलकर पास की व्यस्त सड़क पर जा गिरा। जिस सड़क पर यह गिरा, वहां खड़ी 10 से 15 गाड़ियां भी इसके चपेट में आ गईं। एयरक्राफ्ट का मलबा, टूटी हुई कारें और लाशें सड़क पर बिखरी नजर आईं। सड़क पर बैंक के नोट भी बिखरे नजर आए, जिन्हें उठाने के लिए लोग मौके पर जुट गए।

# ट्रम्प के रडार पर ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई

## ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू

■ हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना



**वाशिंगटन।** अमेरिका और इजरायल ने ईरान के खिलाफ एक नया और बेहद आक्रामक साझा सैन्य अभियान शुरू कर दिया है। ईरान की राजधानी तेहरान में कई धमाके सुने गए हैं और इस हमले का सीधा मकसद ईरान के शीर्ष नेतृत्व खत्म करना है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने हमलों की पुष्टि करते हुए खुलेआम ईरानी नागरिकों से अपनी ही सरकार को उखाड़ फेंकने की अपील कर दी है। इस पूरी भू-राजनीतिक उथल-पुथल और पश्चिम एशिया के नए संकट के केंद्र में सिर्फ एक ही नाम है-ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई। आइए आसान सवाल-जवाब के जरिए समझते हैं कि 86 वर्षीय खामेनेई कौन हैं और वे पश्चिमी देशों की आंखों की किरकिरी क्यों बने हुए हैं। ईरान पर हुए इस ताजा हमले में देश भर के कई इलाकों के साथ-साथ राजधानी तेहरान के उन विशिष्ट क्षेत्रों को निशाना बनाया गया है, जो सीधे तौर पर सुप्रीम लीडर अयातुल्ला खामेनेई से जुड़े हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, सात मिसाइलें तेहरान के उत्तर में स्थित राष्ट्रपति भवन और खामेनेई के कार्यालयों (कंपाउंड) के पास गिरी हैं। अमेरिका और इजरायल की इस रणनीति का मुख्य उद्देश्य इस्लामी गणराज्य के नेतृत्व को निशाने पर लेना है। हालांकि, हमलों के दौरान खामेनेई तेहरान में मौजूद नहीं थे और उन्हें एक सुरक्षित स्थान पर भेज दिया गया था। 86 वर्षीय अयातुल्ला अली खामेनेई एक धर्मगुरु हैं, जो 1989 से ईरान के सुप्रीम लीडर (सर्वोच्च नेता) के पद पर काबिज हैं। उन्होंने ईरान के इस्लामी गणराज्य के संस्थापक अयातुल्ला रुहोल्लाह खुमैनी के निधन के बाद यह पद संभाला था। खुमैनी ने ही 1979 की इस्लामी क्रांति का नेतृत्व किया था, जिसमें अमेरिका समर्थित शाह को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था। आज की तारीख में खामेनेई देश के आध्यात्मिक नेता होने के साथ-साथ सरकार, सेना और न्यायपालिका की अंतिम और सर्वोच्च शक्ति अपने पास रखते हैं। अपने शासनकाल के दौरान खामेनेई ने हमेशा पश्चिमी देशों के साथ एक शत्रुतापूर्ण संबंध बनाए रखा है और वे अमेरिका को ईरान का नंबर एक दुश्मन मानते हैं, जिसके ठीक पीछे वे इजरायल को रखते हैं।

# मैक्रों बोले: इजरायल व ईरान तुरंत जंग रोकें



■ रूसी विदेश मंत्री ने ईरानी विदेश मंत्री से बात की, अमेरिका-इजरायल की सैन्य कार्रवाई पर स्पेन की आपत्ति

**पेरिस।** फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों ने कहा है कि अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता युद्ध दुनिया की शांति और सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा है।

उन्होंने कहा कि हालात बहुत खतरनाक होते जा रहे हैं और इस तनाव को तुरंत रोकना जरूरी है। मैक्रों ने यह भी कहा कि फ्रांस अपने देश, अपने नागरिकों और मध्य पूर्व में अपने हितों की सुरक्षा के लिए पूरी तैयारी कर रहा है। साथ ही, अगर उनके सहयोगी देश मदद मांगते हैं, तो फ्रांस उन्हें सुरक्षा देने के लिए जरूरी कदम उठाने को तैयार है। रूस के विदेश मंत्री सर्गेइ लावरोव ने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची से फोन पर बात की। इस बातचीत में लावरोव ने अमेरिका और इज़रायल के हमलों की कड़ी निंदा की। रूस के विदेश मंत्रालय ने इन हमलों को बिना उकसावे वाली कार्रवाई बताया। रूस ने तुरंत इन हमलों को रोकने की अपील भी की है। वहीं स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज ने अमेरिका और इजरायल की सैन्य कार्रवाई को एकतरफा कदम बताते हुए इसे अंतर्राष्ट्रीय तनाव बढ़ाने वाला बताया है।

# पाक-अफगान संघर्ष में दावा: 300 की मौत

■ 500 लोग घायल हुए ट्रम्प बोले: पाकिस्तान अच्छा प्रदर्शन कर रहा
■ पाक का दावा: आतंकी हमलों के पीछे भारत का हाथ

**काबुल/इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सैन्य संघर्ष में दोनों पक्षों के 300 से ज्यादा लोगों मारे गए हैं, जबकि 500 से ज्यादा घायल हुए। दोनों देश आगे भी एक दूसरे को सैन्य कार्रवाई करने की धमकी दे रहे हैं।

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प से जब पूछा गया कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच अमेरिका दखल देगा? इस पर उन्होंने कहा कि मैं दखल दे सकता हूं, लेकिन मेरे पाकिस्तान से बहुत अच्छे रिश्ते हैं। पाकिस्तान इस समय काफी अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। वहीं पाकिस्तान के सैन्य प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि देश में होने वाले आतंकी हमलों के पीछे भारत की भूमिका है। उनका कहना है कि इन गतिविधियों के लिए अफगान तालिबान के क्षेत्र का इस्तेमाल किया जाता है। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत गुरुवार देर रात हुई, जब अफगानिस्तान ने 22 फरवरी को हुए पाकिस्तानी एयरस्ट्राइक के जवाब में कार्रवाई की। इसके बाद में पाकिस्तान ने 'आपरेशन गजब-लिल-हक' शुरू किया। पाकिस्तानी वायुसेना ने काबुल, कंधार, पक्तिया, नंगरहार और अन्य प्रांतों में एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता अहमद शरीफ चौधरी के अनुसार, अब तक 274 तालिबान लड़ाके मारे गए हैं और 400 से ज्यादा घायल हुए हैं। उनका कहना है कि 115 टैंक और बख्तरबंद गाड़ियां नष्ट की गईं, 74 चौकियां तबाह की गईं और 18 चौकियों पर पाकिस्तानी सेना ने कंट्रोल कर लिया है। पाकिस्तान ने यह भी स्वीकार किया कि उसके 12 सैनिक मारे गए और 27 घायल हुए हैं। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं।

